सूर्योदय 7:18 सूर्यास्त 5:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6 न्यू | 10.6 अधि |
| धर्मशाला | 5 न्यू | 13 .1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,857 |
| निफ्टी | 25,175 |
| सोना 1,59,027 | चांदी 3,42,507 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 28 जनवरी 2026 | 15 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 31, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलिस कांस्टेबल भर्ती में कांगड़ा के अभ्यर्थी का डोप टेस्ट पॉजिटिव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में कांगड़ा के एक चयनित उम्मीदवार का डोप टेस्ट पॉजिटिव पाया गया है। स्थानीय अस्पताल में सैंपल लेने के बाद पुष्टि के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया, जहां भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। फोरेंसिक निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने जांच की पुष्टि की। कांगड़ा पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने पुलिस मुख्यालय को सूचित किया है। आगामी कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

### सोलन में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, बच्ची घायल

**अनंत ज्ञान, नालागढ़ ।** सोलन जिले के दभोटा पंचायत के बोदला गांव में विवाह समारोह के दौरान युवक बलबीर सिंह ने हर्ष फायरिंग की, जिससे छह साल की बच्ची प्रभजोत घायल हो गई। बच्ची को उसके पिता कुलविंद्र सिंह ने रोपड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना शनिवार देर रात हुई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

### बरेली मजिस्ट्रेट को सस्पेंड कर छीनी सरकारी गाड़ी

**एजेंसी, बरेली।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान में इस्तीफा देने के बाद शासन ने सस्पेंड कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। हालांकि, इस्तीफा अभी तक मंजूर नहीं हुआ। अग्निहोत्री को शामली अटैच किया गया और सरकारी गाड़ी वापस ले ली गई। मंगलवार सुबह वह डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन अंदर प्रवेश नहीं मिला। दो घंटे धरने पर बैठने के बाद उन्होंने दो बार आवास का रुख किया। मामले की जांच बरेली कमिश्नर को सौंपी गई है। (अनंत ज्ञान)

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता गिरफ्तार

**एजेंसी, अमृतसर।** मुक्तसर पुलिस ने गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ के पिता शमशेर सिंह और माता प्रीतपाल कौर को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। दोनों को थाना सदर मुक्तसर में दर्ज रंगदारी और जान से मारने की धमकी के एक मामले में नामजद किया गया है। 26 जनवरी को आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड लिया गया था जो 27 जनवरी को समाप्त हुआ। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- समृद्ध हिमाचल के लिए सरकार कर रही कार्य : अनिरुद्ध -पेज 2
- बैजनाथ-पपरोला नप क्षेत्र के लोगों ने किया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध -पेज 4
- परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार बने ऑनरेरी कैप्टन -पेज 6
- गोबिंद सागर झील से अब कुटलैहड़ क्षेत्र में पीने का पानी होगा उपलब्ध -पेज 10
- रात के अंधेरे में 12 हरे खैर काटे, तड़के कार्रवाई में एक आरोपी काबू -पेज 12


### गडकरी, भूपेंद्र यादव और राम मोहन से मिले सीएम सुक्खू, छैला-सोलन सड़क को 200 करोड़ मंजूर

# सीएम ने 3 मंत्रियों से उठाए हिमाचली हित

- 15 मील से लेकर मनाली तक के एनएच का गडकरी से उठाया मसला लंबित सड़कें जल्द बनाने का अनुरोध
- हिमाचल के वास्तविक ट्री कवर का मसला मंत्री भूपेंद्र से उठाया, आपदा प्रभावितों को एक बीघा जमीन की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठकों का दौर जारी रखते हुए राज्य के विकास से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं पर मुहर लगवाई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु से अलग-अलग भेंट कर प्रदेश की भौगोलिक और पारिस्थितिक स्थिति के अनुरूप विशेष सहयोग का आग्रह किया। इन बैठकों में मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने एक तकनीकी विसंगति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य का वास्तविक ट्री कवर 29.5 प्रतिशत है, जबकि आधिकारिक रिकॉर्ड में इसे 27.99 प्रतिशत ही दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री ने तर्क दिया कि वनों के बाहर के पेड़ों को इस गणना में शामिल न करने से हिमाचल के पारिस्थितिक योगदान को कम आंका जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि वित्त आयोग के आवंटन और अन्य केंद्रीय गणनाओं में 29.5 प्रतिशत के वास्तविक आंकड़ों को ही वैध आधार माना जाए, ताकि वनों का संरक्षण करने वाले इस पहाड़ी राज्य को उसका उचित हक मिल सके।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में प्रदेश की 'लाइफलाइन' यानी सड़कों के जाल को मजबूत करने पर चर्चा हुई। गडकरी ने छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के लिए सैद्धांतिक रूप से 200 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। मुख्यमंत्री ने शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर सुरंगों की संख्या बढ़ाने और हमीरपुर बाईपास के कार्यों में तेजी लाने का भी आग्रह किया। गडकरी ने मानसून से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 38.37 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मंजूरी देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार व शिमला में उड़ानों पर जोर

**नागर** विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कांगड़ा को प्रदेश की 'पर्यटन राजधानी' के रूप में विकसित करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए विशेष केंद्रीय अनुदान की मांग की। इसके अलावा, शिमला हवाई अड्डे पर उड़ानों का समय सायं 4 बजे तक बढ़ाने और 'विशेष विजुअल फ्लाइट रूल्स' लागू करने का आग्रह किया गया, ताकि कम दृश्यता में भी विमान सुरक्षित लैंड कर सकें। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था का खर्च घटाने के लिए कुल्लू और शिमला एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ के बजाय राज्य पुलिस को सौंपने का प्रस्ताव भी रखा।

### ग्रीन स्टेट बनाने की पहल

**इन** मुलाकातों का मूल उद्देश्य हिमाचल प्रदेश को एक ग्रीन स्टेट और आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाहे वह हवाई संपर्क हो, बेहतर सड़कें हों या वन संरक्षण के बदले मिलने वाले प्रोत्साहन, राज्य सरकार हर मोर्चे पर हिमाचल के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। केंद्रीय मंत्रियों ने मुख्यमंत्री की मांगों को सकारात्मक रूप से सुना और डीपीआर तैयार करने से लेकर वित्तीय सहायता तक हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

# भारत और यूरोपियन यूनियन में 18 साल बाद हुई ट्रेड डील

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफएटी) हो गया है। भारत और यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने मंगलवार को 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान इसका ऐलान किया।

सूत्रों के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है।

- इम्पोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110% से घटकर 10 प्रतिशत
- प्रीमियम शराब पर 150% की जगह 20 प्रतिशत टैक्स

यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20-30% किया जाएगा।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी बोले-भारत-ईयू साझेदारी दुनिया की सबसे असरदार

**भारत** और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ती नजदीकी को पीएम मोदी ने दुनिया की सबसे असरदार साझेदारी बताया। उन्होंने कहा कि दोनों ही मार्केट-बेस्ड अर्थव्यवस्था, खुले समाज और शांति-स्थिरता पर समान दृष्टिकोण वाले हैं। मोदी ने 10 साल में भारत-ईयू व्यापार दोगुना होकर 180 अरब यूरो तक पहुंचने और यूरोप से 120 अरब यूरो निवेश आने की जानकारी दी। इस समय भारत में 6,000 से ज्यादा यूरोपीय कंपनियां काम कर रही हैं, जबकि 1,500 भारतीय कंपनियां ईयू में कारोबार कर रही हैं। मोदी ने कहा कि यूरोपियन नेताओं का भारत दौरा सामान्य नहीं है और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत यूरोप से आयातित मर्सिडीज-बॉयएमडब्ल्यू जैसी कारें अब सस्ती होंगी। भारत-ईयू बिजनेस फोरम में दोनों पक्षों ने सुरक्षा, विदेश नीति और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की।

# कर्तव्य पथ पर देवभूमि का गौरवपूर्ण प्रणाम

### देवभूमि की आस्था और शौर्य का दिया संदेश, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जब गणतंत्र दिवस की परेड आगे बढ़ी, तो हिमाचल प्रदेश की झांकी ने केवल दृश्य नहीं रचे, बल्कि इतिहास और हौसले की एक जीवंत दास्तान भी सुनाई। देवभूमि की पवित्रता और वीरभूमि के पराक्रम का संगम बनी यह प्रस्तुति, देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा 'का संदेश लेकर सामने आई।




कर्तव्य पथ पर हिमाचल प्रदेश की झांकी। अनंत ज्ञान

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चयनित 17 राज्यों की झांकियों में शामिल हिमाचल प्रदेश की झांकी ने यह स्पष्ट किया कि यह प्रदेश केवल देवी-देवताओं की आस्था की भूमि नहीं, बल्कि अदम्य साहस और देशभक्ति का प्रतीक भी है। झांकी का मूल भाव 'देवभूमि के आशीर्वाद से सिंचित वीरभूमि' रहा, जिसमें श्रद्धा और शौर्य एक साथ मुखर हुए। झांकी के माध्यम से उन वीर सपूतों को नमन किया गया जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए। अब तक हिमाचल प्रदेश ने देश को 1,203 वीरता पुरस्कार विजेता दिए हैं, जिनमें 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र और 10 महावीर चक्र शामिल हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और गौरव की जीवित मिसाल हैं।

### लात-घूंसों की बौछार से मार डाला बुजुर्ग बाप

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के नगेहड़ गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बेटे ने पहले अपनी मां को जमकर पीटा, उसके बाद बुजुर्ग पिता पर लात-घूंसे बरसाकर उनकी जान ले ली। परिवार में हुए इस क्रूर कृत्य ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर पहले मां से मारपीट की, उसके बाद पिता को लात-घूंसे इतनी बेरहमी से मारे गए कि बुजुर्ग पिता मौके पर ही दम तोड़ गए।

पुलिस के अनुसार आरोपी सुरेंद्र कुमार ने सोमवार रात को पहले अपनी माता से मारपीट की, उसके छोटे भाई तथा पिता ने आकर उसे रोकने का प्रयास किया तो सुरेंद्र कुमार ने अपने पिता को जान से मार दिया। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया तथा उसे जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया जहां उसे 4 दिन का पुलिस रिमांड ने भेज दिया है।

# हिमाचल में एक फरवरी से प्रशासकों के पास होगी पंचायतों की कमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की 3,577 ग्राम पंचायतों का पांच वर्षीय कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि एक फरवरी से इन पंचायतों की बागडोर प्रशासकों के हाथों में सौंप दी जाएगी। पंचायतीराज विभाग ने इस संबंध में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं, जिन पर पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के कार्यालय में अंतिम मंथन चल रहा है।

- जल्द जारी होगी अधिसूचना, 30 हजार जनप्रतिनिधि होंगे कार्य मुक्त हाईकोर्ट के आदेश पर टिकी नजरें

मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद अगले दो दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य और भुगतान की प्रक्रिया बाधित न हो। जानकारी के अनुसार पंचायत कार्यकाल समाप्त होते ही प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों सहित करीब 30 हजार जनप्रतिनिधि कार्यभार मुक्त हो जाएंगे।

गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग दिसंबर 2025 में चुनाव कराने के पक्ष में था, लेकिन आपदा के चलते सरकार ने इसे टाल दिया था। अब हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद, न्यायालय ने 30 अप्रैल 2026 तक हर हाल में चुनाव संपन्न कराने के आदेश दिए हैं। चुनाव होने तक पंचायतों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासकों की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है।

### प्रशासक की नियुक्ति के लिए दो विकल्पों पर विचार

**पंचायतीराज** विभाग ने शासन को दो मुख्य विकल्प सुझाए हैं। पहले प्रस्ताव के तहत पंचायत सचिव को ही प्रशासक की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, दूसरे विकल्प मे तीन सदस्यीय समिति बनाने का सुझाव है, जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल या हेडमास्टर को प्रशासक बनाया जाएगा और पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सेवक सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।

### भरमौर में बर्फबारी में लापता दो किशोरों की मौत

**अनंत ज्ञान, भमौर।** भरमौर उपमंडल की दुर्गम पहाड़ियों में भारी बर्फबारी के बीच लापता हुए 19 वर्षीय विकसित और 14 वर्षीय पीयूष का सोमवार को दुखद अंत हुआ। दोनों किशोर शुक्रवार को भरमाणी माता मंदिर के दर्शन के बाद ऊंची पहाड़ियों में घूमने निकले थे और रास्ता भटक गए। पिछले तीन दिनों से स्थानीय प्रशासन, पुलिस और माउंटेनियरिंग टीमें शून्य से नीचे तापमान और करीब पांच फुट बर्फ में खोज में लगी थीं। खराब मौसम के कारण सेना के हेलिकॉप्टरों की मदद ली गई। सोमवार सुबह अभियान के दौरान दोनों किशोरों के शव बरामद किए गए। उपमंडल अधिकारी ने लोगों से चेतावनी दी कि खराब मौसम में ऊंचे और दुर्गम क्षेत्रों में जाने से बचें।



# हिमाचल में बारिश-बर्फबारी से शीतलहर का कहर



लाहौल-स्पीति के केलांग में पड़ी बर्फ।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में मंगलवार को शिमला और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में फिर से ताजा बर्फबारी हुई। कुफरी, नारकंडा और शिमला में बर्फबारी से सड़कें फिसलन भरी हो गईं और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। चंबा, स्पीति, रोहतांग, गोंदला और केलांग में 2-8 इंच तक ताजा हिमपात दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने रात में प्रदेशभर में तूफान और कई जिलों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों में हवा की रफ्तार 60 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है। कुल्लू, बंजार और मनाली डिवीजन के स्कूल कल भी बंद रहेंगे। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों की भारी बर्फबारी और बारिश से पहले से ही सड़कें और बिजली-जल योजनाएं प्रभावित हैं। लोग उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा टालने की सलाह मानें।

### कुल्लू-बंजार, मनाली व उदयपुर में बंद रहेंगे शैक्षणिक संस्थान

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है। भारी बर्फबारी को देखते हुए कुल्लू-बंजार, मनाली व उदयपुर में शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। इसी तरह लाहौल-स्पीति में भी जिला प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों में अवकाश की घोषणा कर दी है। कार्यवाहक उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल एवं स्पीति कुनिका एकर्स ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग शिमला की ओर से 27 जनवरी को जारी चेतावनी के अनुसार जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल लाहौल तथा उदयपुर क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी हिमपात की संभावना व्यक्त की गई है। वर्तमान में लगातार हो रहे हिमपात के कारण जिला की समस्त सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने अवकाश के आदेश जारी किए हैं।

# बर्फ में सात किमी पैदल चल दुल्हन लाया मंडी का गबरू

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिले के केओली पंचायत में गितेश (26) और ऊषा ठाकुर की शादी ने लोगों को हैरान कर दिया। 24 जनवरी को तय शादी से पहले भारी बर्फबारी हुई, जिससे सड़कों पर तीन-चार फुट बर्फ जमा हो गई और वाहन चलना नामुमकिन हो गया, लेकिन गितेश ने हार नहीं मानी।



बर्फ में पैदल चलते दूल्हा-दुल्हन व बाराती। अनंत ज्ञान

अपने सीमित बाराती साथियों के साथ वह सात किलोमीटर पैदल चलकर भैचड़ी गांव से दुल्हन को लाया। रातभर शादी की रस्में हुईं और अगले दिन सुबह दुल्हन की विदाई भी उसी कठिन बर्फीले रास्ते से हुई।

पैदल यात्रा में करीब चार घंटे लगे, जिनमें दो घंटे की खड़ी चढ़ाई शामिल थी। गितेश पेशे से वाहन चालक हैं और उनके परिवार में एक भाई है। यह शादी न केवल प्रेम और संकल्प का प्रतीक बनी, बल्कि हिमाचल के जज्बे की जीवंत मिसाल भी पेश करती है। वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

### चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन में घुसी हिमाचल नंबर की कार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 पर मंगलवार तड़के बड़ा हादसा होते-होते टल गया। करीब 2 बजे हिमाचल प्रदेश नंबर की एक कार अचानक स्टेशन परिसर में घुस गई और प्लेटफार्म नंबर-1 तक पहुंच गई। कार प्लेटफार्म और रेलवे ट्रैक के बीच फंस गई, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यह प्लेटफार्म इन दिनों निर्माण और नवीनीकरण के कार्य के कारण बंद था जिससे बड़े नुकसान से बचाव हो गया। कार में दो युवक सवार थे। सवारी को सुबह 2:17 बजे चलने वाली संपर्क क्रांति ट्रेन पकड़नी थी, लेकिन देर होने के कारण दोनों जल्दी में स्टेशन पहुंचे।

आरपीएफ थाना प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि ड्राइवर विशाल धीमान ने सड़क से कार स्टेशन की ओर मोड़ दी जहां आमतौर पर ट्रेनों में लोडिंग-अनलोडिंग का काम होता है। अंधेरा होने के कारण प्लेटफार्म नंबर-1 स्पष्ट दिखाई नहीं दिया और कार अनियंत्रित होकर प्लेटफार्म और ट्रैक के बीच फंस गई। प्लेटफार्म नंबर-1 स्टेशन का सबसे व्यस्त प्लेटफार्म है जहां बड़ी संख्या में ट्रेनों का आगमन और प्रस्थान होता है। अगर प्लेटफार्म बंद नहीं होता, तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। (अनंत ज्ञान)

**सफलता** नंगल-तलवाड़ा से पंजाब के कटरोली तक हुआ ब्राडगेज, 2027 तक मिलेगी सौगात

# हिमाचल-पंजाब-जेएंडके के बीच दौड़ेगी बड़ी रेल

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना/नंगल।** सामरिक और विकासात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण नंगल-तलवाड़ा ब्रॉडगेज रेल परियोजना ने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। हिमाचल प्रदेश की सीमा में इस रेल मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि रेल ट्रैक दौलतपुर चौक से आगे पंजाब में कटरोली तक पहुंच गया है। रेलवे द्वारा दौलतपुर चौक से तलवाड़ा मार्ग पर कटरोली स्टेशन तक इंजन का सफल ट्रायल भी किया जा चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद जगी है।

करीब 84 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य वर्ष 1983-84 में शुरू हुआ था, जो विभिन्न कारणों से दशकों तक धीमी गति से चलता रहा। हालांकि, अब यह परियोजना 85 से 87 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है और दिसंबर 2027 तक इसके पूर्ण होने का लक्ष्य तय किया गया है।




परियोजना के पूरा होते ही जम्मू-कश्मीर से चंडीगढ़-अंबाला तक हिमाचल प्रदेश को जोड़ने वाला एक वैकल्पिक ब्रॉडगेज रेल मार्ग उपलब्ध हो जाएगा, जिससे मौजूदा व्यस्त रेल गलियारों पर बोझ भी कम होगा।

लगभग 2,000 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में कुल 12 रेलवे स्टेशन, 17 सुरंगें और 35 पुल शामिल हैं। वर्तमान में दौलतपुर चौक से आगे तलवाड़ा तक ट्रैक बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जनवरी 2026 में नंगल डैम-तलवाड़ा रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा किए जाने के बाद अटकी हुई इस परियोजना को उल्लेखनीय गति मिली है।

- इस ट्रैक पर 12 रेलवे स्टेशन 17 सुरंगें और 35 पुल बने

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह रेल मार्ग न केवल यात्री परिवहन के लिहाज से अहम है, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह लाइन मुकेरियां-तलवाड़ा को जोड़ते हुए अंबाला-जालंधर-पठानकोट-जम्मू के व्यस्त रेल कॉरिडोर पर दबाव कम करेगी और रक्षा बलों की आवाजाही के लिए एक मजबूत वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगी। इस परियोजना में देरी के पीछे मुख्य कारण पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवाद, मुआवजा राशि को लेकर अदालती मामले तथा वन विभाग की स्वीकृतियों में विलंब रहे। बावजूद इसके, अब इन बाधाओं को काफी हद तक दूर कर लिया गया है और काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। दौलतपुर चौक के वरिष्ठ नागरिक किशन लाल, प्रकाश और सोहन लाल का कहना है कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि वे अपने जीवनकाल में इस रेल ट्रैक को तलवाड़ा से जुड़ते हुए देख पाएंगे, लेकिन कटरोली स्टेशन तक इंजन पहुंचने के बाद अब उन्हें पूरा विश्वास हो गया है कि सपना साकार होने जा रहा है।

### क्या कहते इंजी. बृजेश

**परियोजना** से जुड़े इंजीनियर बृजेश ने बताया कि आगामी छह महीनों में कटरोली स्टेशन को पूरी तरह बहाल करने का लक्ष्य है, जबकि अगले दो से तीन वर्षों में पूरे नंगल-तलवाड़ा रेल मार्ग को पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही यह रेल परियोजना हिमाचल और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों के औद्योगिक, सामाजिक और सामरिक विकास में नई गति देने वाली साबित होगी।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक में घुसी कार, 4 की मौत



**एजेंसी, दौसा।** दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ट्रक में कार बुरी तरह फंस गई थी। इसकी वजह से करीब 8 किमी तक ट्रक के साथ कार घिसटती चली गई। गाड़ी में शव भी फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। हादसा पापड़दा इलाके में एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर-193 के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग राजन कुमार को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव भगेटू निवासी 100 प्रतिशत दिव्यांग राजन कुमार को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा अपने कर-कमलों से प्रदान किया गया। राजन कुमार ने अपनी दिव्यांगता को कभी भी अपनी राह में बाधा नहीं बनने दिया और निरंतर समाजसेवा, दिव्यांगजनों के अधिकारों तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके समर्पण, संघर्ष और सेवा भावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा उन्हें इस गरिमामयी सम्मान से नवाजा गया।

### डीएवी स्कूल देशभक्ति के रंग में रंगा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक खेलकूद समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि मंजू शर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एलकेजी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने मार्च पास्ट, रेस, ऑब्स्टेकल रेस, बैलेंसिंग रेस, कलर गेम, ज़िग-ज़ैग रन, स्किपिंग रेस और रिले जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों के जोश और अनुशासन ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताया और खेलों के माध्यम से सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों को अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम देशभक्ति नारों और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### प्रधान ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत काले अंब में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता और देशभक्ति का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधान निर्मला डोगरा ने तिरंगा फहराया और तत्पश्चात सभी भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। उन्होंने संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। समारोह में कैप्टन प्रदीप कुमार, सूबेदार मदन सिंह, सूबेदार सतीश कुमार, सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार नरेंद्र पाल, महेंद्र सिंह, सरवन पठानिया, ज्ञानचंद राणा, राजकुमार ठाकुर, प्रताप सिंह, डॉ. राजीव डोगरा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाई शोभा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आदर्श माध्यमिक पाठशाला भोरंज के मैदान में उपमंडल स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत परेड को सलामी दी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए देश की प्रगति और विविधता में एकता पर प्रकाश डाला। समारोह में भूतपूर्व सैनिकों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने भाषण, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत से जताया सम्मान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा छठी के छात्र विवान द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत से हुई, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विद्यार्थियों को देशप्रेम, एकता और भाईचारे की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण व्यक्त किया।

### गणतंत्र दिवस गौरव व सम्मान का पर्व: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एसडीएम निशांत शर्मा ने तिरंगा फहराया और पुलिस, होम गार्ड तथा विभिन्न स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स से सलामी ली। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व गौरव और सम्मान का प्रतीक है और हमें संविधान द्वारा मिले मौलिक अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय नादौन सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीएवी भड़ोली और भगवती पब्लिक स्कूल में भी तिरंगा फहराया गया। ब्लॉक कांग्रेस प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, तहसीलदार रोहित कंवर, एसएचओ निर्मल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### तकनीकी विवि में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कुलपति विनोद कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में तिरंगा फहराया और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान ही हमारे देश की विविधता में एकता बनाए रखने वाली शक्ति है और हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों के साथ-साथ अनुशासन, सफाई और पर्यावरण संरक्षण जैसे जिम्मेदारियों को भी निभाना चाहिए। इस अवसर पर कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर, अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार, वित्त अधिकारी केवल कृष्ण शर्मा, अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक संजीवन मनकोटिया, उपकुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर, प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### तमन्ना सोनी की पुस्तक 'ऊर्मि' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इंडियन बैंक में मैनेजर एवं समाज सेविका तमन्ना सोनी ने अपने 42वें जन्मदिन पर पंजाबी साहित्य अकादमी के सहयोग से अपनी पहली हिंदी पुस्तक 'ऊर्मि' का विमोचन किया। लोकार्पण तमन्ना की माता कविता सोनी के हाथों हुआ। तमन्ना सोनी ने बताया कि 'ऊर्मि' जीवन के उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख, ईश्वर में आस्था, करुणा, रूहानी प्रेम, देश प्रेम, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संघर्ष और उम्मीद जैसी भावनाओं को कविताओं के माध्यम से दर्शाती है। उन्होंने बताया कि 'ऊर्मि' का अर्थ लहर है, जो कभी शांत और कभी कोलाहल मचाती है, ठीक वैसे ही जैसे जीवन में अनुभव होते हैं। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समृद्ध हिमाचल के लिए सरकार कर रही कार्य : अनिरुद्ध

## हमीरपुर में गणतंत्र दिवस पर ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज और ली परेड की सलामी

अनंत ज्ञान



हमीरपुर में गणतंत्र दिवस पर ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह परेड की सलामी लेते हुए। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को जिला हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया, जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स, आपदा मित्रों, विशेष बच्चों और विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट किया।

इस अवसर पर अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि यह दिन उन महान सपूतों और देशभक्तों का स्मरण करने का दिवस भी है, जिन्होंने इस देश को स्वाधीनता दिलवाने में अनेक कुर्बानियां दीं। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि समृद्ध हिमाचल के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। हमीरपुर जिला के विकास की चर्चा करते हुए अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हमीरपुर में लगभग डेढ़ दशक से लटके बस अड्डे का कार्य मुख्यमंत्री ने आरंभ करवाया है।

इस पर 125 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड सहित प्रदेश एवं जोनल स्तर के कई अन्य बड़े कार्यालय खोले गए हैं। नगर निगम हमीरपुर के लिए 150 करोड़ की परियोजना की डीपीआर बनाई गई है। नादौन में लगभग 115 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है।

इस वित्त वर्ष में जिला हमीरपुर में मनरेगा के तहत लगभग साढे 37 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। एन.आर.एल.एम. के तहत जिला में इस वित्त वर्ष में अभी तक 637 स्वयं सहायता समूहों को 8.23 करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं। हमीरपुर के निकट जसकोट में हैलीपोर्ट के निर्माण पर 18.42 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सुजानपुर के निकट दाड़ला में भी हैलीपैड के निर्माण पर 4.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

जिला में सड़कों और पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण पर अरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज के भवनों के लिए लगभग 470 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अन्य लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### ये रहे मौजूद

**समारोह** में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, कुलदीप सिंह पठानिया और मनजीत डोगरा, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, पार्टी के अन्य नेता, पिछड़ा आयोग के सदस्य राजीव राणा, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, अन्य अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### तीनों न्यायिक परिसरों में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के तीनों न्यायिक परिसरों में हमीरपुर, बड़सर और नादौन में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिला न्यायिक परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश भुवनेश अवस्थी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन रघु, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्या प्रकाश, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रवि कुमार, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बड़सर परिसर में न्यायिक दंडाधिकारी मनु प्रिंजा और नादौन परिसर में सीनियर सिविल जज अनुज बहल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर वीर परिवार सहायता योजना-2025 की जानकारी दी गई। टौणी देवी तहसील की चार ग्राम पंचायतों और भूतपूर्व सैनिक सहकारी सभा बड़सर द्वारा विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किए गए।

## विधायक आशीष ने 290 पूर्व सैनिकों व सैन्य परिवारों को किया सम्मानित



पांडवीं पंचायत में सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विधायक सदर आशीष शर्मा ने सोमवार को पांडवीं पंचायत में पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राम केंद्र उखली और मैड़ के सभी छह बूथों के पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड से सेवानिवृत्त जवान, महिला मंडल और स्थानीय बूथ कमेटियों के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल 290 पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को विधायक की ओर से सम्मानित किया गया।

विधायक आशीष शर्मा ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सैनिकों के बलिदान और सेवा के कारण देश सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि अब देश की सेना मजबूत है और दुश्मन की गोली का जवाब बम से दिया जाता है। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार की तुलना करते हुए वर्तमान सशक्त सैन्य नीति और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भगेटू पंचायत के प्रधान अजय चंदेल सहित कई स्थानीय अधिकारी और पूर्व सैनिक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के सैनिक सम्मान समारोह विधानसभा के सभी बूथों में आयोजित किए जाएंगे।

## संविधान की शक्ति और विकसित भारत के संकल्प का पर्व है गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने दिल्ली स्थित आवास पर ध्वजारोहण कर देश, प्रदेश और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, जिसने देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय संविधान, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करता है। 77वां गणतंत्र दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती, तकनीकी नवाचार और सामाजिक समरसता में हासिल की गई उपलब्धियों को भी उजागर किया। सांसद ने देश और प्रदेश वासियों से आह्वान किया कि वे संविधान के प्रति अपनी निष्ठा सुदृढ़ करें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को साकार करें।

## हिम अकादमी स्कूल में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया अनुशासन, देशभक्ति और कला का शानदार संगम



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में भव्यता व राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय, उत्साहपूर्ण एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे झंडे, पुष्पों एवं देशभक्ति से संबंधित आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य परेड से हुई, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन, एकता एवं देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात ध्वजारोहण (फ्लैग होस्टिंग) का आयोजन किया गया, जो विद्यालय प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन प्रो आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल, विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य नैना लखनपाल, अकादमी प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य हीरानगर शशि बाला, उप-प्रधानाचार्य अश्विनी, मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल, विद्यालय समन्वयक सहित समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा परिसर 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। इसके पश्चात बच्चों ने प्रस्तुत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण तथा देश की एकता और अखंडता को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मंचीय प्रस्तुति सराहनीय रही।

## सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए सड़क निर्माण एजेंसियां भी दें योगदान: विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान



इंजीनियरों की कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़कों के निर्माण के साथ-साथ इन पर चलने वाले वाहनों एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इनकी जान सर्वोपरि है। विक्रमादित्य सिंह मंगलवार को यहां एनआईटी में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में सड़कों का व्यापक विस्तार हुआ है और अब तो यहां नई सड़कों के निर्माण की संभावना लगभग सेचुरेशन लेवल तक पहुंचने वाली है। प्रदेश में नेशनल हाईवे के निर्माण और अन्य सड़कों के सुधारीकरण से कनेक्टिविटी काफी अच्छी हो रही है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और इनसे होने वाली मौतों की संख्या को शून्य तक लाने के लिए सड़क निर्माण से जुड़ी सभी एजेंसियों को भी विशेष योगदान देना होगा। विक्रमादित्य सिंह ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका वाले स्थानों पर यथासंभव सुधारात्मक कदम उठाएं और इसमें आधुनिक तकनीक का उपयोग भी करें।

सड़क दुर्घटनाओं के डाटा का भी नियमित रूप से अध्ययन करें और उसके आधार पर सड़क निर्माण के विभिन्न मानकों में आवश्यक सुधार लाएं। सड़कों पर ये छोटे-छोटे सुधार कई लोगों की अनमोल जिंदगी बचा सकते हैं। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के लिए पीएमजीएसवाई-4 का पैकेज मंजूर हो गया है। इससे प्रदेश के बहुत छोटे-छोटे गांवों तक भी अच्छी सड़कों का निर्माण सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नतियों सहित सभी मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

उन्हांने कहा कि प्रदेश को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। हिमाचल प्रदेश इन आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकलेगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एनपी सिंह ने विक्रमादित्य सिंह का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

### बड़सर मिनी सचिवालय में प्रेस रूम 101 की चाबियां मीडिया को सौंपी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** 77वें गणतंत्र दिवस पर एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़सर में तिरंगा फहराया और पुलिस मार्च परेड को सलामी दी। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं, जिससे पंडाल में उपस्थित गणमान्य लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि ने मेधावी और सांस्कृतिक प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए। इस अवसर पर एक व्यक्ति ने मंच पर भगवान राम की चौपाई पढ़ने का आग्रह किया, जिसे एसडीएम ने अगले कार्यक्रम पर करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजेश वन्याल, पवन शर्मा, बीडीओ राजेश कुमार, प्रिंसिपल सरला ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के बाद एसडीएम ने मिनी सचिवालय में प्रेस रूम 101 का लोकार्पण किया और चाबियां बड़सर प्रेस क्लब प्रधान नवनीत सोनी को सौंपीं। पिछले दो दशकों से पत्रकारों की यह मांग पूरी हुई, जिसके लिए नवनीत सोनी ने मुख्यमंत्री और एसडीएम का आभार व्यक्त किया।

### आकांक्षा ने अधिकारी बनकर किया नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** वार्ड नंबर 6 सुजानपुर की आकांक्षा मेहरा का चयन कृषि क्षेत्र अधिकारी के पद पर हुआ है। आकांक्षा ने डूंगरी के नवोदय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की, बीएससी ऑनर कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से और एमएससी इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी जयपुर छत्तीसगढ़ से की। उनके पिता सुजानपुर में दुकान चलाते हैं और माता दया कुमारी गृहिणी हैं। आकांक्षा के चयन पर पूरे सुजानपुर में खुशी का माहौल है और वे कृषि क्षेत्र में सेवाएं देंगे।

### रितेश गुप्ता बने कृषि विकास अधिकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के रितेश गुप्ता पुत्र अजय गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 2 ने कृषि विकास अधिकारी का टेस्ट क्लियर किया है। कठिन परिश्रम मेहनत और लगन के साथ रितेश गुप्ता ने इस पद को हासिल किया है । रितेश गुप्ता के पिता अजय गुप्ता सुजानपुर में कपडे की दुकान चलाते हैं ।उनकी माता की ग्रहणी है। उसके शानदार प्रदर्शन पर शहर के व्यापारी वर्ग सहित आम जनमानस ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### महंगाई भत्ता व वेतन बकाया देने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर संघ की बैठक प्रधान मनोहर लाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रदेश सरकार से लंबित 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं वेतन बकाया शीघ्र जारी करने की मांग की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तर की इकाइयों का गठन 20 फरवरी से पहले किया जाएगा। हमीरपुर मंडल के प्रभारी यशवीर जम्बाल व पृथीराज शर्मा बनाए गए, जबकि अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रभारी नियुक्त किए गए। महासचिव देशराज वरबाल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने कम्युटेशन अवधि 15 साल से घटाकर 11 साल करने का निर्णय लिया है, जिसे प्रदेश सरकार को लागू करना चाहिए। बैठक को युद्धबीर सिंह और कुलतार शर्मा ने भी संबोधित किया। भविष्य में बैठक तीन माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### स्कूली बच्चों को दी नशे से बचाव की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिन्द संग्राम परिषद, हिमाचल प्रदेश इकाई ने रिद्धि सिद्धि पब्लिक स्कूल हार रैल में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों व उनके अभिभावकों को नशे की हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शर्मा को स्मृति चिन्ह और टोपी-शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पढ़ाई और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### बस सेवा शुरू, लोगों ने बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बस सेवा शुरू हो गई है, जिससे करीब एक दर्जन गांवों के निवासियों को परिवहन सुविधा मिलेगी। बस के आने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया और लड्डू बांटकर खुशी जताई। इस अवसर पर डॉ. मोहन लाल, पूर्व उपप्रधान राजेश कुमार पिंका, प्रधान तिलक राज व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया और बस स्टाफ व सवारियों का मुंह मीठा करवाया।

### हर्षोल्लास से मनाया हिम लोक संस्कृति महोत्सव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वेद धारा ग्लोबल स्कूल, धनोट में हिमाचल की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपरा को संजोने हेतु भव्य हिम लोक संस्कृति महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री करतार सिंह सोंखले ने दीप प्रज्वलन कर किया। संगीत और गायन में उत्कृष्ट योगदान के लिए करनैल राणा और गीता भारद्वाज को सम्मानित किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में बच्चों के नृत्य और कथक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। अभिभावकों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में हिमाचल की पाक-कला, हस्तशिल्प और लोकपरिधान प्रदर्शित किए गए।

### शहरी निकाय पेंशनरों ने उठाई वेतनमान की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नगर निगम और नगर पालिकाओं से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने 2016 के वेतनमान के अनुसार पेंशन न मिलने पर नाराजगी जताई। शहरी निकाय पेंशनरों का कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को 2016 के वेतनमान और महंगाई भत्ते का लाभ मिल रहा है, जबकि उन्हें वंचित रखा गया है। 01-01-2016 के वेतनमान पर बकाया राशि जारी करने की मुख्यमंत्री घोषणा का लाभ शहरी निकाय पेंशनरों को नहीं मिला। अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा और महासचिव किशोरी लाल ठाकुर ने मांग की कि यह भेदभाव समाप्त कर शीघ्र पेंशन संशोधन अधिसूचना जारी की जाए।

## भरेड़ी में खुला सहगल फर्नीचर-एलजी का शोरूम, अब एक छत के नीचे मिलेगा समान



भरेड़ी में शोरूम के उद्घाटन के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भरेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार को सहगल फर्नीचर एवं एलजी शोरूम का विधिवत शुभारंभ किया गया। शोरूम के उद्घाटन अवसर पर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शोरूम के मालिक कर्म चंद सहगल एवं अनिल सहगल ने विधिवत पूजा कर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें पीसी सैनी, विद्यासागर शर्मा सहित अन्य सम्मानित लोग शामिल थे। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने शोरूम संचालकों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। सहगल फर्नीचर व एलजी शोरूम में आधुनिक डिजाइन का फर्नीचर, एलजी कंपनी के नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद जैसे टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी सहित अन्य घरेलू उपकरण उपलब्ध रहेंगे।

शोरूम संचालक कर्म चन्द सहगल व अनिल सहगल ने बताया कि अब भरेड़ी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को फर्नीचर और ब्रांडेड इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उचित मूल्य, गुणवत्ता और बेहतर सेवा के साथ ग्राहकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। स्थानीय लोगों ने भी शोरूम खुलने पर खुशी व्यक्त की और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सांख्यिकी सहायक व जेबीटी भर्ती की परीक्षा की तिथियां घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सांख्यिकी सहायक पोस्ट कोड-25013 और जेबीटी पोस्ट कोड-25004 के पदों को भरने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथियां घोषित कर दी हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि सांख्यिकी सहायक की परीक्षा 18 फरवरी को होगी। जबकि, जेबीटी की भर्ती परीक्षा 25 से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए. एचपी.जीओवी. पर एक लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल पर ताजा स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है।

## चैत्र मेला प्रबंधन बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस किए जाएं जारी: ढटवलिया

अनंत ज्ञान



चैत्र मास मेला प्रबंधन की बैठक में चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर में न्यास बाबा बालकनाथ मंदिर, दियोटसिद्ध में मंगलवार को वार्षिक चैत्र मास मेला प्रबंधन बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्य रूप से 14 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक चलने वाले चैत्र मास मेलों के सफल आयोजन के लिए आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता श्. गांधर्व राठौर (भा.प्र.से.), उपायुक्त हमीरपुर एवं आयुक्त (मंदिर) ने की। मंदिर प्रशासन, स्थानीय अधिकारी और कई गणमान्य लोग इस बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में चैत्र मास के दौरान लगने वाले मेलों की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरक्षा, सफाई, पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाएं, बिजली और भीड़ नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मेला क्षेत्र में उचित इंतजाम किए जाएं और आगंतुकों की सुविधा सुनिश्चित की जाए। बैठक में आपात स्थिति से निपटने के उपायों और प्रशासनिक समन्वय पर भी विचार किया गया।

कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने मेला व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सभी न्यासी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य मेला सेक्टर ऑफिसर के रूप में नियुक्त किए जाएं, ताकि मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित हो सकें। ढटवालिया ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था से स्कूलों से बुलाए गए अध्यापकों और अन्य स्टाफ की वजह से बच्चों की पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। बैठक में कुछ अधिकारियों की गैर-हाजिरी पर ढटवालिया ने खेद व्यक्त किया और जिलाधीश से आग्रह किया कि जो अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे, उन्हें कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज नोटिस) जारी किया जाए।

उनका कहना था कि इससे भविष्य में ऐसी बैठकों की गरिमा बनी रहेगी और अधिकारी जिम्मेदारी के साथ उपस्थित होंगे। बैठक में मंदिर अध्यक्ष, एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।




### राजधानी शिमला में मौसम का कहर : बर्फबारी, बारिश और तूफानी हवाओं ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

# शिमला में 6 मुख्य और 93 लिंक रोड बंद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला एक बार फिर मौसम की मार से जूझ रही है। अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीते कुछ घंटों से शिमला में रुक-रुक कर बूंदाबांदी हो रही है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। शीतलहर और तेज हवाओं के चलते राजधानी में ठंड अचानक बढ़ गई है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

राजधानी शिमला में मौसम का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। रिज, माल रोड, संजौली, ढली और कुफरी क्षेत्रों में तेज ठंडी हवाओं और हल्की बर्फबारी के कारण सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई है। कई इलाकों में फिसलन बढ़ने से वाहनों की रफ्तार थम सी गई है। सुबह और शाम के समय घना कोहरा और बर्फीली हवाएं लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को खास परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बर्फबारी से सुनसान सड़कें और जमा बर्फ का दृश्य। अनंत ज्ञान

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। शीतलहर के चलते तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे ठंड और बढ़ने के आसार हैं। बिजली आपूर्ति और पेयजल योजनाओं पर भी मौसम का असर पड़ने लगा है, जिससे शिमला शहर में आंशिक व्यवधान की स्थिति बन रही है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला की रिपोर्ट के अनुसार मौसम खराब होने के कारण जिले में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। शिमला जिले में कुल छह मुख्य सड़कें और 93 लिंक सड़कें बंद दर्ज की गई हैं। चौपल में चौपल-देहा-शिमला मुख्य मार्ग, शिमला ग्रामीण क्षेत्र में ढली-कुफरी मार्ग तथा ठियोग क्षेत्र में कुफरी-फागू मार्ग अवरुद्ध है। इसके अलावा एनएच-05 पर कैथलीघाट से रामपुर के बीच कुफरी-फागू-नारकंडा सेक्शन बंद है, जबकि एनएच-705 ठियोग-हाटकोटी और एनएच-707 हाटकोटी मार्ग पर फिसलन की स्थिति बनी हुई है। जिले में 384 बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित है और 59 पेयजल योजनाएं भी बाधित हुई हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, विशेषकर कुफरी, नारकंडा, फागू और ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर जाने से पहले ताजा सड़क स्थिति की जानकारी अवश्य लें।

#### सरकार-प्रशासन अलर्ट, सतर्कता की अपील

**मौसम** की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों की ओर न जाने की सलाह दी है। फिसलन वाले मार्गों पर सावधानी बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। राजधानी में आपात सेवाओं को भी सतर्क रखा गया है ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

#### कुफरी और नारकंडा में भी गिरे बर्फ के फाहे

**शिमला** के साथ-साथ कुफरी, नारकंडा और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। इससे पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, हालांकि बर्फ देखने आए पर्यटकों में उत्साह भी देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम अस्थिर बना रह सकता है।

### ई-टैक्सी को बढ़ावा, पुरानी डीजल और पेट्रोल टैक्सियों पर 40% तक सब्सिडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना के चौथे चरण के तहत एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। योजना के अंतर्गत डीज़ल व पेट्रोल से चलने वाली पुरानी टैक्सियों को इलेक्ट्रिक टैक्सी में परिवर्तित करने पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य टैक्सी चालकों को आत्मनिर्भर बनाना, रोजगार के नए अवसर सृजित करना और प्रदेश में प्रदूषण को कम करते हुए हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना है। योजना का लाभ उन्हीं टैक्सी चालकों को मिलेगा जिनका वाहन हिमाचल प्रदेश में व्यावसायिक रूप से पंजीकृत व सक्रिय है तथा टैक्सी का पंजीकरण कम से कम पांच वर्ष पुराना हो। परिवहन विभाग के अनुसार पात्र आवेदक 4 फरवरी तक आवश्यक दस्तावेज़ों सहित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, शिमला में आवेदन कर सकते हैं। वहीं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, शिमला ने टैक्सी चालकों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है और इसे आर्थिक व पर्यावरणीय रूप से लाभकारी बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ढींगू देवी-संजौली मार्ग पर यातायात प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शहर में चल रहे पाइप बिछाने के कार्य के कारण ढींगू देवी माता मंदिर से संजौली ढली रोड जंक्शन तक वाहनों की आवाजाही पर निश्चित समय अवधि के दौरान प्रतिबंध लगाया गया है। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह व्यवस्था 24 जनवरी से 11 फरवरी तक लागू रहेगी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तथा शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक यातायात बंद रहेगा, जबकि शेष समय में आवाजाही सामान्य रहेगी। यह प्रतिबंध शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा किए जा रहे पाइपलाइन कार्य को सुरक्षित और सुचारू ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से लगाया गया है। जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि कार्यस्थल पर रिफ्लेक्टर जैकेट पहने ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जाएंगे और साइन बोर्ड व बैरिकेड लगाए जाएंगे।

### शिमला में नाबार्ड का स्टेट क्रेडिट सेमिनार आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नाबार्ड द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किए गए स्टेट फोकस पेपर की प्रस्तुति को लेकर स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन 28 जनवरी 2026 को होटल हॉलिडे होम, शिमला में सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। इस सेमिनार में हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। स्टेट क्रेडिट सेमिनार आमतौर पर राज्य सरकार की बजट योजना प्रक्रिया और बैंकों की वार्षिक ऋण योजना से पहले आयोजित किया जाता है, ताकि इसमें सामने आई संभावनाओं और सुझावों को नीति निर्माण में शामिल किया जा सके। सेमिनार के दौरान प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर मंथन किया जाएगा, जिनमें कृषि में पूंजी निर्माण, लघु व सीमांत किसानों के उत्पादों का एकत्रीकरण और विपणन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि, विविधीकरण, कृषितर गतिविधियों को बढ़ावा, आधारभूत ढांचे की कमी, पैक्स का बहुउद्देशीय सेवा केंद्र में रूपांतरण और स्वयं सहायता समूहों की भूमिका शामिल है।

### भालू ने गोशाला में घुसकर गाय पर किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर बुशहर क्षेत्र में जंगली भालुओं का आतंक लगातार बना हुआ है। ताजा मामला नीरथ पंचायत के डोईधार गांव का है, जहां एक भालू ने गोशाला का दरवाजा तोड़कर अंदर बंधी गाय पर हमला कर दिया। हमले में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के शोर मचाने पर भालू जंगल की ओर भाग गया, जबकि घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले तीन महीनों से क्षेत्र में भालुओं की गतिविधियां बढ़ गई हैं। इस दौरान एक गाय की मौत हो चुकी है और तीन अन्य मवेशी घायल हुए हैं। इससे पहले 13 जनवरी की रात बड़ाच क्षेत्र में भी भालू ने गोशाला में घुसकर एक गाय को मार डाला था। हालात यह हैं कि शाम होते ही लोग घरों से निकलने से डरने लगे हैं, खासकर वे परिवार जिनकी गोशालाएं रिहायशी मकानों के पास हैं।

### जुन्गा में तहसीलदार ने फहराया तिरंगा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** तहसील मुख्यालय जुन्गा में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जहां तहसीलदार कार्तिकेय शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर पुलिस मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और नागरिकों से देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने प्रदेश को चिट्टा व नशा मुक्त बनाने के लिए जनता से रचनात्मक सहयोग की अपील की।

### मार्च-पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य मार्च-पास्ट की सलामी ली। मार्च-पास्ट में हिमाचल पुलिस, वन रक्षक, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व गाइड तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अनुशासन और देशभक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की अपील की। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सहित 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

## हिमाचल प्रदेश में बैंक हड़ताल से ठप रहा कामकाज, करोड़ों का लेन-देन प्रभावित

अनंत ज्ञान

- बैंक अधिकारियों व कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

**ब्यूरो, शिमला।** देशव्यापी एक दिवसीय बैंक हड़ताल का असर मंगलवार को हिमाचल प्रदेश में व्यापक रूप से देखने को मिला। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा, जिससे करोड़ों रुपये के लेन-देन पर असर पड़ा। नकद निकासी, जमा, चेक क्लियरेंस, ऋण संबंधी प्रक्रियाएं और अन्य नियमित बैंकिंग सेवाएं बाधित रहीं। शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में बैंक शाखाएं बंद रहीं, जिससे आम ग्राहकों, कारोबारियों और वेतनभोगियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। दूर-दराज़ से आए लोग खाली हाथ लौटे, जबकि बुजुर्गों और पेंशनधारकों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ीं। व्यापारियों का कहना है कि भुगतान अटकने से दैनिक कारोबार प्रभावित हुआ और कई लेन-देन अगले दिनों के लिए टालने पड़े।

यह हड़ताल संयुक्त मोर्चा यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के आह्वान पर की गई। राजधानी शिमला में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाज़ी की। यूएफबीयू हिमाचल प्रदेश इकाई के संयोजक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बैंक कर्मचारियों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन उन पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेतन समझौते में देरी समाप्त करने, सभी बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण पर रोक लगाने, आउटसोर्सिंग बंद करने और पर्याप्त भर्ती करने जैसी मांगें कर्मचारियों के भविष्य और बैंकिंग व्यवस्था की मजबूती से जुड़ी हैं। उनका कहना था कि बैंकिंग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, फिर भी कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

यूएफबीयू ने सरकार से संवाद के लिए चार दौर की बैठकें तय करने का प्रस्ताव रखा है ताकि मांगों का समयबद्ध समाधान निकल सके। प्रस्ताव के अनुसार पहली बैठक प्रारंभिक स्तर पर 5 फरवरी को सुबह 11 बजे, दूसरी बैठक 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे, तीसरी बैठक 20 फरवरी को सुबह 11 बजे और चौथी अंतिम बैठक 28 फरवरी को शाम 4 बजे आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। यूनियन का कहना है कि इन बैठकों में वेतन समझौते की समयसीमा, कार्य सप्ताह, भर्ती और आउटसोर्सिंग जैसे मुद्दों पर स्पष्ट निर्णय अपेक्षित हैं। यदि इन बैठकों में सकारात्मक प्रगति नहीं होती, तो आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं, बैंक यूनियनों ने दोहराया कि उनका उद्देश्य जनता को परेशान करना नहीं, बल्कि जायज़ मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

### डिप्टी सीएम के खिलाफ जांच पर सियासी तूफान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजनीति में उस समय भूचाल आ गया जब नेता प्रतिपक्ष जयराम ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के खिलाफ चल रही कथित जांच को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू से सीधा जवाब मांगा। जयराम ने कहा कि सरकार इस गंभीर मामले पर गोलमोल बयान देकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शायद इस डर में हैं कि जांच की आंच उनकी कुर्सी तक न पहुंच जाए, इसलिए इसे साधारण पत्र बताकर दबाने की कोशिश हो रही है। पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्व मुख्यमंत्री ने कोरा और भ्रामक बताते हुए कहा कि प्रदेश का खजाना खाली है और सरकार केवल कागजों में विकास दिखा रही है। जयराम ने दावा किया कि विकास कार्य ठप पड़े हैं और प्रदेश गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे हिमाचल के किसानों, एमएसएमई और युवाओं को वैश्विक अवसर मिलेंगे।

## नई दिल्ली में ग्रामीण जल आपूर्ति के संचालन व रखरखाव पर नीति संवाद



बैठक के दौरान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री एवं अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

- जल जीवन मिशन को सशक्त बनाने पर मंथन
- राज्यों की भूमिका व क्षमता निर्माण पर दिया जोर
- डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने लिया भाग

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्रामीण जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे के संचालन और रखरखाव को लेकर आयोजित नीति संवाद बैठक में हिस्सा लिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए ढांचों के दीर्घकालिक संचालन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सेवा निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रभावी नीतिगत ढांचे पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अनुभव साझा किए गए तथा ग्राम स्तर पर संस्थागत व्यवस्था, वित्तीय स्थिरता और स्थानीय मानव संसाधन के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। नीति संवाद के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि सामुदायिक सहभागिता, तकनीकी निगरानी और समयबद्ध रखरखाव से ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

## प्रीति जिंटा बनीं स्नो-गर्ल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव, भारद्वाज, शिमला।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल की बेटी प्रीति जिंटा ने बर्फ से ढके लम्हों में अपने बचपन की यादों को एक बार फिर जिंदा कर दिया है। सोशल मीडिया पर साझा की गई उनकी ताज़ा पोस्ट महज़ एक तस्वीर नहीं, बल्कि एहसासों का वो आईना है, जिसमें वक़्त, यादें और जड़ों से जुड़ाव साफ झलकता है। बर्फ के बीच खड़ी प्रीति की मुस्कान में मासूमियत भी है और ज़िंदगी के सफ़र का ठहराव भी, जिसने इस पोस्ट को देखते ही देखते वायरल बना दिया।



प्रीति जिंटा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने ज़िंदगी में कई बार स्नोमैन बनाए हैं, लेकिन इस बार बच्चों के साथ मिलकर कुछ अलग करने का मन हुआ। इस बार बर्फ से बनी एक प्यारी-सी स्नो-गर्ल, वो भी एक सुंदर सी स्नो-स्कर्ट के साथ। यह छोटा-सा लम्हा उनके लिए बेहद खास बन गया। उन्होंने लिखा कि यह दृश्य उन्हें उस दौर में ले गया, जब वे शिमला में एक छोटी-सी बच्ची थीं और चारों तरफ सिर्फ बर्फ, खिलखिलाहट और बेफ़िक्री हुआ करती थी। पोस्ट में उन्होंने यह भी महसूस किया कि वक़्त कितनी तेज़ी से निकल जाता है और ज़िंदगी कैसे एक पूरा चक्र पूरा कर लेती है।

शिमला जिले से ताल्लुक रखने वाली प्रीति जिंटा हमेशा अपनी पहाड़ी जड़ों से जुड़ी नज़र आई हैं। चाहे सोशल मीडिया हो या सार्वजनिक मंच, वे अपने बचपन, स्थानीय संस्कृति और हिमाचल की कुदरती खूबसूरती को फ़ख्र के साथ साझा करती रही हैं।

### रिज में लावारिस सूटकेस से कुछ मची सनसनी, जांच में अफवाह हुई साबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उस समय कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब कार्यक्रम स्थल के पास एक लावारिस सूटकेस दिखाई दिया। इससे पहले ई-मेल के जरिए बम की अफवाह मिलने के कारण पहले से ही सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर थीं। ऐसे में सूटकेस दिखते ही पुलिस ने बिना देर किए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार परेड शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के लगभग चार घंटे बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे जिला नियंत्रण कक्ष की सीसीटीवी निगरानी के दौरान रिज मैदान में सूटकेस लावारिस अवस्था में नजर आया। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत एंटी-बम स्क्वॉड को बुलाया गया। टीम ने सूटकेस की गहन जांच की, लेकिन उसमें कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं पाई गई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। एसएसपी संजीव गांधी ने बताया कि बाद की जांच में सूटकेस आईआईटी के पूर्व छात्रों यानी एलुमनाई के एक समूह का निकला, जो पर्यटक के रूप में शिमला आए थे। आपसी गलतफहमी के चलते सूटकेस वहीं छूट गया था और सभी युवक उसे किसी अन्य साथी के पास समझ बैठे थे। पुलिस ने सदर थाना बुलाकर उनकी पहचान और दस्तावेजों की जांच की, जिसमें कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आया।

## शिमला में वायरल वीडियो में जय हिंद व भारत माता की जय से इनकार करने पर मचा बवाल

अनंत ज्ञान

- वायरल वीडियो को लेकर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी ने मांगी कार्रवाई

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में एक वायरल वीडियो ने सियासी और सामाजिक गलियारों में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर तेज़ी से फैल रहे इस वीडियो में एक कश्मीरी व्यक्ति कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता दिखाई देता है और जय हिंद व 'भारत माता की जय कहने से इनकार करता है। मामला सामने आते ही नाराज़गी की लहर दौड़ गई है और इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दर्ज की जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो संजौली के एक होटल परिसर का है, जिसे 26 जनवरी की दोपहर बाद रिकॉर्ड किया गया। वीडियो करीब एक मिनट बावन सेकेंड का है, जिसमें होटल के एक कर्मचारी और उक्त व्यक्ति के बीच सवाल-जवाब होते दिखते हैं। बातचीत के दौरान कर्मचारी द्वारा देशभक्ति के नारे लगाने को कहने पर व्यक्ति इनकार करता है और कश्मीर के भारत से अलग होने की बात कहता है। इसके बाद माहौल तल्ख़ होता जाता है और अंततः व्यक्ति रिसेप्शन से चला जाता है।

वीडियो सामने आने के बाद राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी कि राज्य इकाई ने इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया और प्रशासन व पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। संगठन का कहना है कि भारत में रहकर इस तरह के बयान क़ानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के लिए ख़तरा हैं। वाहिनी के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि मसले की नज़ाकत को देखते हुए शाम को बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

#### संजौली पुलिस को अभी तक नहीं मिली है कोई शिकायत

**स्थानीय** जानकारी के मुताबिक, वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति संजौली क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडर की ढुलाई का काम करता है और लंबे अरसे से शिमला में मज़दूरी कर रहा है। काबिले गौर है कि शहर में बड़ी संख्या में कश्मीरी मज़दूर रोज़गार से जुड़े हुए हैं, ऐसे में यह वाक़या अमन-ओ-अमान और भाईचारे के लिहाज़ से भी संवेदनशील माना जा रहा है। हालांकि, इस मामले में संजौली पुलिस को अब तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है मगर सोशल मीडिया में इस तरह का मामला सामने आने के बाद पुलिस मुस्तैद हो गई है और पूरे मामले पर बारीक निगाह रख रही है।

### विपक्ष की आवाज से भयभीत है मोदी सरकार: विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जानबूझकर तीसरी पंक्ति में बैठाना संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का खुला अपमान है। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी राजनीतिक मानसिकता का परिणाम है। विनय कुमार ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि भाजपा सरकार विपक्ष की मजबूत और सच बोलने वाली आवाज से डरी हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या यही उनका 'न्यू इंडिया' है, जहां असहमति रखने वालों को अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अपमान उन करोड़ों नागरिकों का अपमान है जो लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना संघर्ष पूरी मजबूती से जारी रखेगी।

## गणतंत्र दिवस पर सत्ता और विपक्ष की सौहार्दपूर्ण तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर जब सत्ता पक्ष और विपक्ष एक ही मंच पर साथ दिखाई देते हैं, तो उसका संदेश दूर तक जाता है। राज्यपाल द्वारा परेड की सलामी लेते हुए मंच पर नीचे बैठे प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष ठाकुर जयराम और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को आपसी संवाद में देखा जाना सियासी तल्ख़ी से इतर एक सकारात्मक तस्वीर पेश करता है। ऐसे क्षण यह भरोसा जगाते हैं कि लोकतंत्र में मतभेदों के बावजूद संवाद की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है।

एक ही मंच पर सत्ता और विपक्ष की मौजूदगी, हल्की मुस्कान और आपसी बातचीत, यह सब आम लोगों के बीच सौहार्द, स्थिरता और लोकतांत्रिक परिपक्वता का संदेश देता है। राष्ट्रीय पर्वों पर इस तरह का दृश्य राजनीतिक कटुता को विराम देता हुआ लगता है और यह उम्मीद बंधती है कि जनहित के मुद्दों पर सहमति और सहयोग संभव है। यही वजह है कि ऐसे मौके जनता को सुकून देते हैं और लोकतंत्र की गरिमा को मजबूत करते हैं।

हालांकि, इसी सौहार्द के समानांतर जब रोजमर्रा की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, तीखी बयानबाज़ी और सियासी कुश्ती का दौर चलता है, तो जनता के मन में सवाल उठते हैं। क्या राष्ट्रीय मंचों पर दिखने वाली यह एकजुटता महज़ प्रतीकात्मक है? क्या भाषणों की तल्ख़ी के बीच यह दृश्य जनता को भ्रमित करता है? ऐसे विरोधाभास राजनीति की नीयत और दिशा पर बहस को जन्म देते हैं, जहां एक ओर मंच पर मेल-जोल दिखता है, वहीं दूसरी ओर सियासत की धार रोज़ तेज़ होती नजर आती है।

**कार्यक्रम** नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## राजीव कपूर ने ध्वजारोहण कर फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** देश के सबसे बड़े 1500 मेगावाट क्षमता वाले भूमिगत नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना प्रमुख राजीव कपूर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई । भारत की आजादी के लिए बलिदान देने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों, अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस कर्मियों को भी नमन किया गया। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण एवं संचालन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों के बलिदान और परिश्रम को भी सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ ही देश के नागरिकों को उनके मूल अधिकार प्राप्त हुए और इसी कारण यह दिन हमारे लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर तिरंगा फहराते हुए सभी उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रभक्ति और गर्व की भावना देखने को मिली।



नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में गणतंत्र दिवस पर सलामी लेते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि देश के चहुंमुखी विकास में विद्युत क्षेत्र की अहम भूमिका है और इस दिशा में नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। परियोजना ने 18 जनवरी 2026 को दूसरी सबसे तेज़ 7000 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन का रिकॉर्ड स्थापित कर एक नया कीर्तिमान बनाया, जिससे 26 जनवरी 2025 को बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया गया।

इसके अलावा नवंबर 2025 में स्टेशन ने 331.214 मिलियन यूनिट का दूसरा सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया, जो वर्ष 2011-12 के रिकॉर्ड से अधिक है। वहीं स्टेशन का अब तक का सर्वोच्च नवंबर माह का उत्पादन 408.909 मिलियन यूनिट (वर्ष 2010-11) रहा है।

29 नवंबर 2025 को परियोजना ने 6612 मिलियन यूनिट डिज़ाइन ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य भी हासिल किया, जिससे 1 दिसंबर 2024 को बने रिकॉर्ड को पार किया गया। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि निगम की सबसे बड़ी सौर परियोजना 1000 मेगावाट बीकानेर सोलर परियोजना ने 24 दिसंबर 2025 को अपनी कमर्शियल ऑपरेशन डेट प्राप्त कर ली है, जो प्रतिवर्ष 2455 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करेगी। साथ ही 1320 मेगावाट बक्सर थर्मल परियोजना की पहली 660 मेगावाट यूनिट ने 14 नवंबर 2025 को ष्ट्हृष्ठ हासिल की, जिसका उद्घाटन 22 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।

अंत में परियोजना प्रमुख ने नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन की उपलब्धियों के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, हिमाचल प्रदेश सरकार, राज्य की अन्य एजेंसियों तथा विद्युत मंत्रालय एवं प्रबंधन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं से की नशों से दूर रहने की अपील

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** युवा नेता वरुण विक्की जैलदार की अध्यक्षता में दुनेरा क्षेत्र में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पेट्रोल पंप दुनेरा ऊपरला बाजार से शुरू होकर दुनेरा झिकला बाजार में संपन्न हुई। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वरुण विक्की जैलदार ने बताया कि वे हर वर्ष तिरंगा यात्रा का आयोजन करते हैं। इससे पहले पठानकोट, भोआ और सुजानपुर में भी ऐसी यात्राएं निकाली जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि धार क्षेत्र जिला मुख्यालय से दूर होने के कारण लोग गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाते, इसलिए इस बार दुनेरा को चुना गया। उन्होंने युवाओं से नशों से दूर रहकर खेलों के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने की अपील की।

### विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय बजीर राम सिंह स्टेडियम में मनाया गया। समारोह में तहसीलदार दीपक शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जबकि नायब तहसीलदार जगतार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि ने पुलिस, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड व होमगार्ड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, हिमाचली नाटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

### 1 फरवरी को मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गुरु रविदास महासभा नंगल चौक के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद गुरदास राम ने बताया कि संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास जी की जयंती 1 फरवरी को मनाई जाएगी। 30 जनवरी को गुरुद्वारा नंगल चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न गांवों से होकर वापस गुरुद्वारा पहुंचेगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन भी होगा। गुरदास राम ने संगत से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर भाग लेकर गुरु रविदास के समानता, सेवा और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

### पालमपुर में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस मनाया

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शहीद कैप्टन विक्रम बतरा मैदान पालमपुर में आयोजित किया गया। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में शहीदों के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संविधान के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस का उपमंडल स्तरीय समारोह जयसिंहपुर के ऐतिहासिक मैदान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी संजीव ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस व एनसीसी की टुकड़ियों की परेड की सलामी ली। उन्होंने उपमंडलवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान लागू होने के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन किया गया। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### हरनेरा में आठ फरवरी को हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिंदू सम्मेलन को लेकर हरनेरा मंडल में स्थानीय लोगों की बैठक हुई है। बैठक में निर्णय लिया कि हरनेरा में आठ फरवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में हरनेरा की साथ लगती पंचायतों के हिंदू समाज से लगभग 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसमिति से हिंदू सम्मेलन को लेकर समिति का गठन किया गया। इसमें संयोजक हंसराज, सह संयोजक बलवंत सिंह, सुरजीत कुमार, कुलदीप शर्मा, दालती राम, चरण सिंह, बलविंदर सिंह रिंपू, सचिव अरुण कोशल, सहसचिव अंकित मनकोटिया, विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष रजिंदर राणा नियुक्त किया गया। इसके अतिक्त सदस्य के रूप में अक्षय कुमार, सुरेश कुमार, कमल सिंह, देवी चंद, सुभाष चंद, जगदीश सिंह, जसवंत सिंह, अमर सिंह, जय सिंह, जगदीश चंद, मलकीत सिंह, पंडित कृष्ण शास्त्री, अमर शर्मा, मोहिन्दर पाल, प्रकाश चंद रचना ठाकुर, करतार सिंह , भगवान सिंह, सनी कुमार को नियुक्त किया गया।

### गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय एकता का प्रतीक: विपिन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने 77वें गणतंत्र दिवस पर कहा कि यह दिवस संविधान, लोकतंत्र, सैन्य पराक्रम और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य परेड ने नए भारत के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को दर्शाया। वंदे मातरम् के 150 वर्ष की थीम ने राष्ट्रभक्ति को सशक्त किया। सेना की परेड, अत्याधुनिक हथियार, वायुसेना का प्रदर्शन और विदेशी अतिथियों की उपस्थिति ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

### जिप सदस्य ध्रुव ने बांटा खेलों का सामान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की सांबा पंचायत में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपप्रधान संजय गुलेरिया के साथ-साथ अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद बारी वार्ड नंबर 25 के सदस्य ध्रुव चौधरी ने शिरकत की। सांबा पंचायत को पानी की 7 टंकियों बांटी। इसके साथ-साथ उन्होंने पंचायत में खिलाड़ियों को खेलों का सामान भी वितरित किया। जिप सदस्य ध्रुव चौधरी ने कहा कि वह वार्ड नंबर 25 की 18 पंचायतों में खेलों का सामान वितरित कर रहें हैं।

### कृषि सहकारी सभा गुरालधार का चुनाव 16 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दी कृषि सहकारी सभा समिति गुरालधार का चुनाव आगामी 16 फरवरी को होगा। समिति के सचिव सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति प्रबंधन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। मतदान समाप्त होते ही मतगणना कर उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सभा के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### गाहलियां स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में एक भारत श्रेष्ठ भारत और ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर आकर्षक चित्रकारी तथा स्लोगन बनाकर समानता और स्वतंत्रता का सुंदर संदेश दिया । इस शुभ मौके पर प्रधानाचार्य अजय कुमार ने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस और भारतीय संविधान के महत्व के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एक भारत श्रेष्ठ भारत के इंचार्ज राजीव डोगरा तथा इको क्लब के इंचार्ज अश्विनी कुमार, विकास चौधरी, अनिल कुमार, पंकज धलोरिया, विनोद कुमार भरपूर सहयोग रहा।

### दिल्ली में हिमाचली मिलन समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दिल्ली में रह रहे हिमाचलियों की प्रमुख सामाजिक संस्था हिमाचल जन जागृति समिति की ओर से हिमाचल दिवस के अवसर पर सामुदायिक केंद्र पुष्प विहार में हिमाचली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में लोक गायक मोहित गर्ग, विनोद डोगरा और संजीव शर्मा ने पहाड़ी गीतों से माहौल को हिमाचलमय बना दिया। समिति अध्यक्ष राज ठाकुर ने बताया कि सामाजिक, कला, संस्कृति व व्यवसायिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को हिमाचली टोपी, शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हिमाचली छात्रों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में विभिन्न हिमाचली संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## लेवर सप्लाई मेट ने वन निगम उत्तरी खंड निदेशक को बताईं समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वन निगम के उत्तरी खंड निदेशक से लेवर सप्लाई मेट ने मिलकर अपनी समस्याओं को उठाया। लेवर सप्लाई मेट में प्रकाश गुलेरिया, सतपाल, विपिन महाजन, रामलाल, गिरधारी लाल, राकेश कुमार, पांजा राम, शमशेर सिंह, देशराज, विक्रम सिंह, विशन सिंह, जोगिंद्र सिंह, गगन सिंह, सुरेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रातिंद्र कुमार, ओंकार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, हरवंश लाल, जसवंत सिंह, विशंभर दास, पंकज कुमार व राज कुमार ने निदेशक के समक्ष साफ किया कि पिछले तीन महीनों से स्थायी मंडलीय प्रबंधक न होने से नवंबर, 2025 से निविदाओं का आज दिन तक कोई कार्य नहीं किया गया। यही नहीं पिछले तीन माह से किए गए कार्यों का भुगतान भी नहीं हुआ है। फरवरी माह शुरू होने वाला है और धर्मशाला वन निगम में किसी भी जंगल का कार्य शुरू नहीं हुआ है। काम देरी से आवंटन होने पर लकड़ी की गुणवत्ता में भी फर्क पड़ेगा और 31 मार्च के बाद जंगलों में आग लगने की ज्यादा संभावना रहती है। प्रदेश के शेष स्थानों में मंडलीय प्रबंधकों के कार्य सुचारू रूप से चले हुए हैं जबकि धर्मशाला में स्थायी मंडलीय प्रबंधक न होने के कारण प्रदेश सरकार को भी करोड़ों रुपये का वित्तीय नुकसान होना निश्चित है, इसलिए धर्मशाला में स्थायी मंडलीय प्रबंधक की जल्द नियुक्ति की जाए।

# पेयजल-सिंचाई व सीवरेज योजनाओं के निर्माण में लाएं तेजी : अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने कांगड़ा जिले में जल शक्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की


उपमुख्यमंत्री मुकेश ने अधिकारियों के साथ बैठक की — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को कांगड़ा जिला में पेयजल तथा सिंचाई की योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। धर्मशाला के परिधि गृह में कांगड़ा जिले में जल शक्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोमवार को मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिले में गत तीन वर्षों में सबसे ज्यादा 354 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस पर करीब 3240 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि सभी पेयजल, सिंचाई तथा सीवरेज योजनाओं की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएं ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सीवरेज योजनाओं के निर्माण में तेजी लाई जाए। बैजनाथ, पालमपुर, नगरोटा, कांगड़ा, नुरपुर, ज्वाली, देहरा, धर्मशाला तथा ज्वालाजी के लिए सीवरेज योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, इसके लिए करीब 433 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। एडीबी प्रोजेक्ट के तहत कांगड़ा जिले में 39 पंचायतों में बेहतर पेयजल योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे पहले मुख्य अभियंता दीपक गर्ग ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कांगड़ा जिला में जल शक्ति विभाग की स्कीमों को लेकर विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया।

### बोले- कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के लिए 1400 करोड़ रुपए की भूमि का अधिग्रहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में सोमवार को जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान स्स्न2ली बच्चों और सांस्कृतिक दलों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पत्रकारों से बातचीत में मुकेश ने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट बन रहा है, जिसके लिए 1400 करोड़ रुपए की भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी ने तीन साल में 2700 करोड़ कमाए हैं, प्रदेश में 3200 बसों का संचालन किया जा रहा है। धर्मशाला बस अड्डा का जो करार हुआ हुआ, उसमें कुछ डिस्प्यूट हैं, हमने उस कंपनी को नोटिस से दिया है। अगर कंपनी बनाना चाहती तो निर्माण शुरू करती, लेकिन ऐसा नजर नहीं आ रहा है। यह मामला हमारे ध्यान में है, यदि कंपनी बस अड्डा नहीं बनाती है तो हम एक्शन लेंगे।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया डीएलएड परीक्षा का परिणाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। यह परिणाम अक्तूबर और नवंबर 2025 में आयोजित की गई री-अपीयर और पूर्ण विषयों की परीक्षाओं का है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि छात्र अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कुल 1641 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1561 छात्र सफल रहे हैं। इस श्रेणी में केवल 38 छात्रों की री-अपीयर आई है और 42 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय वर्ष का कुल पास प्रतिशत 95.3 फीसदी दर्ज किया गया है। वहीं, डीएलएड प्रथम वर्ष के परिणामों पर नजर डालें तो इसमें कुल 2154 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 1805 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, जबकि 282 छात्रों को री-अपीयर आई है। प्रथम वर्ष में 67 छात्र फेल हुए हैं और इस सत्र का कुल पास प्रतिशत 84.11 रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परिणाम से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए छात्र 29 जनवरी से 12 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपए और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। केवल वही छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे जिनके संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक हों। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और कोई भी ऑफ लाइन आवेदन मान्य नहीं होगा। बोर्ड मुख्यालय के हेल्पलाइन नंबर 01892-242142 पर संपर्क कर सकते हैं।

### क्रेयांस वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ में ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

## कांगड़ा टीम ने झटका पहला स्थान


गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्या मीनू सूद ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** क्रेयांस वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ के प्रांगण में ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि रविंद्र बिट्टू (स्टेट वाइस प्रेसिडेंट, एससी जाति प्रकोष्ठ) रहे। उनके साथ मंदिर ट्रस्टी घनश्याम अवस्थी, मिलाप राणा, रमेश चड्ढा एवं अतुल कुमार मौजूद रहे। इस टूर्नामेंट में कुल सात टीमों ने भाग लिया। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद कांगड़ा की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और विजेता टीम को 21,000 की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं, अरला की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया और 11,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस भव्य खेल आयोजन का सफल संचालन एवं आयोजन एमडी ऋषभ अवस्थी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को व्यवस्थित, सफल एवं स्मरणीय बनाने में विद्यालय के अध्यापकों नरेश, नितेश, सोनू, स्वदेश, पंकज, पिंटु, अंताक्ष एवं अजय का विशेष योगदान रहा।

## गढ़ जमूला स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गानों से लूटी वाहवाही


गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्या मीनू सूद ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या मीनू सूद ने विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर बच्चों ने भाषण और देशभक्ति के गाने गाए। प्रधानाचार्या मीनू सूद ने बच्चों को गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है, के बारे में बताया और साथ में उन्होंने गणतंत्र दिवस की बहुत सारी बधाइयां दीं। इस कार्यक्रम में एनएसएस वॉलिंटियर के साथ कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह, उषा गौतम और विकास नाग, हरबंस लाल, रेनू जम्वाल, सतीश राणा,संदीप गुलरिया, विकास अवस्थी, निशा आदि के साथ अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर करवाई क्विज प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की ओर से ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों तथा सुलह विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 1002 छात्र-छात्राओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। एसडीएम धीरा सलीम आजम ने युवाओं की सराहना की।

### राजपूत सर्वहित कल्याण सभा ने विधायक भवानी को सौंपे भूमि संबंधी दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर क्षेत्र में राजपूत सर्वहित कल्याण सभा फतेहपुर ने सभा भवन निर्माण की दिशा में अहम पहल की है। इस क्रम में सभा के पदाधिकारियों ने फतेहपुर विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया से भेंटकर भवन निर्माण के लिए आवश्यक भूमि संबंधी दस्तावेज सौंपे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित सभा भवन समाज के कल्याण, आपसी एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मित किया जाएगा। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने दस्तावेज प्राप्त कर शीघ्र प्रक्रिया पूरी कराने और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी स्तर पर सहायता और मार्गदर्शन में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर सभा प्रधान नरेंद्र मनकोटिया, उपप्रधान सुरजीत सिंह जसरोटया, कोषाध्यक्ष जोगिंदर सिंह गुलेरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## फतेहपुर में ब्यास नदी किनारे अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, 9 लोगों को नोटिस

- एनजीटी नियमों के तहत होगी कार्रवाई, लोक निर्माण व खनन विभाग करेगा संयुक्त निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर क्षेत्र में ब्यास नदी के किनारे अवैध खनन के मामलों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अवैध रूप से खनन करवाने के आरोप में अब तक नौ लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इन सभी के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। फतेहपुर विधायक भवानी सिंह पठानिया ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ब्यास नदी और उसके आसपास के क्षेत्रों में किए जा रहे अवैध खनन से पर्यावरण, नदी के प्राकृतिक बहाव और आसपास की भूमि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने बताया कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन से हुई क्षति का विस्तृत आकलन किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर लाखों रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, साथ ही नुकसान की भरपाई भी करवाई जाएगी। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि ब्यास नदी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनसे निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब तलब किया गया है। एसडीएम विश्रुत भारती ने स्पष्ट किया कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो एनजीटी के नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि बाढ़ और भू-स्खलन जैसी आपदाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। एसडीएम ने कहा कि ब्यास नदी हिमाचल प्रदेश की जीवन रेखा है और इसके संरक्षण को लेकर प्रशासन किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा। भविष्य में अवैध खनन रोकने के लिए नियमित निगरानी और औचक निरीक्षण किए जाएंगे।

## पठानिया ने चड़ी में किया गोरखा भवन का शिलान्यास

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को चड़ी पंचायत में गोरखा भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में चड़ी पंचायत में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से लगभग 68 लाख रुपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय की गई है। उन्होंने कहा कि 2 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गोरखा भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने गोरखा भवन के निर्माण के लिए 1 लाख रुपए अतिरिक्त धनराशि देने की भी घोषणा की। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि आने वाले समय में चंबी वाली माता मंदिर परिसर के विकास के लिए भी समुचित धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि मंदिर परिसर को और अधिक सुंदर एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग और मेहनत से ही क्षेत्र में विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सुदेश देवी ने पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपमुख्य सचेतक का धन्यवाद किया। गोरखा महिला मंडल की अध्यक्ष रंजना राणा ने गोरखा भवन के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए समुदाय की ओर से धन्यवाद किया।

## बैजनाथ-पपरोला नप क्षेत्र के लोगों ने किया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध


महिलाओं ने विरोध रैली निकालकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के बाशिंदों ने भी अब स्मार्ट मीटर लगाने का भारी विरोध जताया है। विरोध के चलते मंगलवार को बैजनाथ नगर परिषद के पार्षद अमित कपूर के नेतृत्व में महिलाओं ने रैली निकालकर बैजनाथ उपमंडल अधिकारी नागरिक संकल्प गौतम के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के वार्ड नंबर एक, दो, तीन चार व पांच वार्ड की सैकड़ों महिलाओं ने विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में बैजनाथ बाजार में रैली निकाली। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर न लगाने के विरोध जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रदेश सरकार को आगाह किया है कि स्मार्ट मीटर उन्हें कतई मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपने घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। पार्षद अमित कपूर ने कहा कि जिस तरह की बिजली का बिल आने की व्यवस्था इन मीटरों के माध्यम से की गई है, वह ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समझ से परे है, इसलिए यह मीटर लगाना जरा भी तर्कसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा कि पुराने मीटर सही थे और अगर सरकार को नए मीटर लगाने थे, तो लोगों को पहले विश्वास में लिया जाना चाहिए था।

# सशक्त और आत्मनिर्भर युवा ही गढ़ेंगे देश का भविष्य : पराशर

अनंत ज्ञान


लिटिल फ्लावर स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित। — अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का है और यदि हमें भविष्य के लिए सशक्त, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी युवा तैयार करना है, तो विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति गहरी रुचि विकसित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल होती दुनिया में आधुनिक समय में चुनौतियां हैं तो संभावनाओं की भी कोई कमी नहीं है। सोमवार को गरली स्थित लिटिल फ्लावर संस्कार उच्च विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए संजय पराशर ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। विद्यार्थियों को नवाचार, प्रयोग और व्यावहारिक सोच की ओर प्रेरित करने की भी आवश्यकता है। तभी विद्यार्थी व्यक्तिगत जीवन में सफल हो सकेंगे और देश के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा पाएंगे। किसी भी राष्ट्र, राज्य, गांव या परिवार को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी सोच और अनुकूल वातावरण का निर्माण आवश्यक है। यह वातावरण शिक्षा संस्थानों, परिवारों और समाज के साझा प्रयासों से ही तैयार हो सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा मंच और अवसर मिलना चाहिए, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और उसे निखार सकें। आत्मविश्वास से भरे विद्यार्थी ही आगे चलकर समाज और देश को नई दिशा देने में सक्षम होते हैं। पराशर ने कहा कि प्रयोगशालाएं, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित शिक्षक विज्ञान शिक्षा की रीढ़ हैं, और इनके बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना अधूरी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और उचित प्लेटफार्म की है। यदि युवाओं को समय रहते अवसर मिल जाएं और उन्हें आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, तो वे किसी भी क्षेत्र में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## मनरेगा योजना का नाम बदले जाने पर सुलह में कांग्रेस का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह तहसील मुख्यालय में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान और सुलह विधानसभा समन्वयक पुनीत मल्लि ने संयुक्त रूप से किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संजय चौहान ने कहा कि मनरेगा गरीब, किसान और मजदूरों के लिए रोजगार की गारंटी है और इसका नाम बदलना मजदूरों की पहचान पर हमला है। जिला इंटक अध्यक्ष संजय सैनी ने योजना के ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया। मल्लि ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना है और इसके नाम में बदलाव भावनाओं से खिलवाड़ है। प्रदर्शनकारियों ने नाम यथावत रखने की मांग की और चेतावनी दी कि आंदोलन राज्यभर में तेज होगा

## अधिकारों का सही प्रयोग कर अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए : वरिंद्र


तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा ने गणतंत्र दिवस मनाया। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल ने शिरकत की।

सबसे पहले विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और उसके उपरांत राष्ट्रीय गान गाया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में कहा कि हमें संविधान से अधिकार मिले हैं, तो हमारे अपने देश के प्रति कुछ कर्तव्य भी है हमें अपने अधिकारों का सही ढंग से प्रयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का को निभाना चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि सभी अध्यापकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के प्रति सम्मान, बलिदान और देश की शांति, सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। अंत में विधालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने सभी को पुनः गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को दी कृषि कार्ड की जानकारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा रुलेहड़ के संयुक्त तत्वावधान में गांव रुलेहड़ में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता बैंक प्रबंधक कार्तिक ठाकुर ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को कृषि कार्ड, यूपीआई, फसल बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और राजीव गांधी स्वरोजगार योजना की जानकारी दी। साथ ही एटीएम लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और आधार कार्ड, ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी साझा न करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर सहायक सुभाष चंद, पंचायत प्रधान एवं गांव के अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित बैंकिंग का महत्व समझाना था।

### सुक्खू सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या: घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा ने सुक्खू सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार न केवल आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है, बल्कि प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ भी अन्याय कर रही है। 25 जनवरी के राज्य स्तरीय समारोह में कर्मचारियों को 13 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता और वेतन आयोग के एरियर की घोषणा की उम्मीद थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने केवल आश्वासन दिए। शर्मा ने चेतावनी दी कि 31 जनवरी को पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव टालकर प्रशासक राज बैठाना लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ इस अन्याय के खिलाफ सड़क संघर्ष जारी रखेगा।

### चाइल्डलाइन जिला प्रभारी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 77वें गणतंत्र दिवस पर धर्मशाला में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वर्ष भर में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले जिले के कर्मठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनता को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी कड़ी मे जिला कांगड़ा के चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी कों बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों प्रति जागरूक प्रदान करने हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मनमोहन चौधरी ने इस मान सम्मान के लिए जिलाधीश महोदय कांगड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मशाला का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान ने कुलपति सचिवालय और धौलाधार परिसर एक में झंडा फहराया। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में विश्वविद्यालय ने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया है और अब अपने कैंपस में स्थानांतरण की तैयारी है। उन्होंने शोध और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ हुए समझौतों, नैक ग्रेडिंग में ए प्लस प्राप्ति और विश्वविद्यालय की उन्नति को साझा किया। प्रो. बंसल ने शोध की गुणवत्ता बढ़ाने और विश्वविद्यालय को शोध विवि के रूप में प्रतिष्ठित बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

### एमएसएमई योजना के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एमएसएमई मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश सरकार और उद्योग विभाग के सहयोग से सीईएल-स्मार्ट एमएसएमई की ओर से शिवाय रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल पालमपुर में स्मार्ट एमएसएमई कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र, पालमपुर के विस्तार अधिकारी अभिषेक राघव ने की। इसमें पालमपुर क्षेत्र के 40 से अधिक उद्यमियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डिजिटल परिवर्तन विशेषज्ञ तुषार सैनी ने इंडस्ट्री 4.0, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टूल्स और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत सत्र प्रस्तुत किया। कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को स्मार्ट एमएसएमई योजना, डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, क्लस्टर विकास और सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम ने उद्योगों की उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और दीर्घकालिक स्थिरता बढ़ाने के उपाय भी साझा किए।

# बारिश-बर्फबारी से बढ़ी शीतलहर, पांच बसें फंसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। इससे ठंडी का प्रकोप बढ़ गया है। मंगलवार दोपहर बाद से ही पहाड़ों सहित ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है। ताजा बर्फबारी और बारिश के चलते कांगड़ा घाटी में भी शीत लहर तेज हो गई है। धर्मशाला में अधिकतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालमपुर में अधिकतम तापमान 6 से 7 डिग्री और न्यूनतम 1 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। कांगड़ा, देहरा, नूरपुर, ज्वालामुखी सहित अन्य क्षेत्रों में भी तापमान में 5 से 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे पूरे जिले में ठंड और सर्द हवाओं का प्रभाव बना हुआ है।



धौलाधार की चोटियों पर हुई ताजा बर्फबारी का नजारा। अनंत ज्ञान

### एचआरटीसी के 61 रूटों पर सेवाएं प्रभावित

बर्फबारी का असर हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बस सेवाओं पर भी देखने को मिला। धर्मशाला मंडल के तहत 61 रूटों पर बस सेवाएं निलंबित अथवा आंशिक रूप से प्रभावित रहीं, जबकि 5 बसें रास्ते में फंसीं। सबसे अधिक प्रभाव चंबा जिले में पड़ा, जहां 52 रूट प्रभावित हुए और 5 बसों को रोका गया। इसके अलावा बैजनाथ, पालमपुर, नगरोटा बगवां और धर्मशाला में एक-एक रूट तथा पठानकोट में 5 रूट प्रभावित रहे। जोगिंदनगर क्षेत्र में बस सेवाएं सामान्य रहीं। एचआरटीसी प्रबंधन ने यात्रियों से मौसम को देखते हुए यात्रा से पहले बसों की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

# शिवनगर में निजी स्कूल बस पलटी, 16 घायल

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लाहट कोटलू-शिवनगर रोड पर मंगलवार सुबह निजी स्कूल की बस नंबर एचपी 53 8083 तकनीकी खराबी होने के कारण बीच सड़क पर पलट गई। इसमें 16 घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बस में 16 छात्र व अध्यापक सवार थे। 7 को सिविल अस्पताल पालमपुर में रेफर कर दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों व बस कंडक्टर टांडा हॉस्पिटल ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार, बस में ही सवार दसवीं कक्षा के छात्र रणबीर चौधरी ने बस के अंदर से निकलकर बच्चों को बाहर निकाला व स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। बस के ड्राइवर ने बच्चों को पहले ही बोल दिया था कि बस में ब्रेक नहीं लग रहा है तथा आप अपने सर बाजू बाहर मत निकाले। उन्होंने बस को कंट्रोल न होने से एकदम आगे लगे सड़क पर काम पर आरसीसी से बन रही सड़क पर चढ़ा दी व बस एकदम पलट गई। वहीं, पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु किया।

बस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक व मंत्री यादवेंद्र गोमा ने पालमपुर अस्पताल जाकर घायलों का हाल-चाल जाना।



◆ यादवेंद्र गोमा ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

## हैप्पी बर्थडे



टक्का (ऊना) के नवनीत शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



जयसिंहपुर लोअर लंबागांव के लक्की मैहरा और राखी मैहरा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# मिठानाला में किराये के कमरे में बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत आते मिठानाला में एक बुजुर्ग की किराए के कमरे में मौत हो गई है। मृतक की पहचान उदय बीर सिंह (63) पुत्र जसबीर सिंह निवासी ग्राम चाचोगा, मनाली के रूप में हुई। पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम को पुलिस थाना को सूचना मिली थी कि उपरोक्त क्षेत्र में स्थित अपने बंद कमरे में एक किरायेदार बेहोश पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा। इस दौरान उपरोक्त किरायेदार बिस्तर पर बेहोश पाया गया, जबकि मौके पर उल्टी और मामूली रक्तस्राव देखा गया। जिस दौरान संबंधित बुजुर्ग मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर मृतक के बेटे को सूचित कर दिया गया है। जिसमें उनके बेटे ने बताया है कि बर्फबारी के कारण सड़क की स्थिति सामान्य होते ही वह धर्मशाला पहुंच जाएगा। उधर, इस बारे में एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा मकान मालिक का बयान दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पातल धर्मशाला के शवगृह में रखकर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# 112 शिकायत की जांच के दौरान पुलिस अधिकारी पर कुल्हाड़ी से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला पुलिस नूरपुर के तहत पुलिस थाना फतेहपुर क्षेत्र में 112 पुलिस हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान एक पुलिस अधिकारी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद डीआईजी नॉर्थ जोन सौम्या सांबशिवन पुलिस थाना फतेहपुर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी लेते हुए पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान नूरपुर जिला के एसपी कुलभूषण शर्मा और थाना प्रभारी पवन गुप्ता भी मौजूद रहे। 25 जनवरी की रात महिला इंद्र बाला, निवासी तुहाड़ पंचायत (हटली) ने अपने पति द्वारा मारपीट की शिकायत 112 हेल्पलाइन के माध्यम से दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी एएसआई इंद्र सिंह पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान शिकायतकर्ता महिला का पति बुधी सिंह अचानक मौके पर पहुंचा और एएसआई इंद्र सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कुल्हाड़ी एएसआई के सिर पर लग गई, जिससे उन्हें चोट आई और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों की तत्परता से स्थिति तुरंत नियंत्रित हो गई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने उसे कुछ समय बाद गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। डीआईजी नॉर्थ जोन सौम्या सांबशिवन ने निर्देश दिए कि पारिवारिक और जमीनी विवादों से जुड़ी 112 शिकायतों पर पुलिस टीम बनाकर कार्रवाई की जाए। घायल एएसआई इंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें 112 पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत मिली थी और वे नियमानुसार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचे। अचानक हुए हमले के बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस कर्मियों की तत्परता से स्थिति तुरंत नियंत्रित हो गई और बड़ी अनहोनी टल गई।

### नगर निगम पालमपुर की सामान्य सभा ने की बैठक

# विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी: आशीष

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक का संचालन महापौर गोपाल चंद नाग के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

विधायक एवं महापौर की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विकास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि आम जनता को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। बैठक में निर्णय लिया कि नगर निगम क्षेत्र की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही मुद्रिका बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, पालमपुर में क्लॉक टावर के निर्माण के लिए संभावित स्थान का चयन कर लिया गया है तथा यह कार्य शीघ्र ही परियोजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से करवाया जाएगा। बैठक में पेयजल आपूर्ति एवं कूहलों (जल स्रोतों) के पुनर्जीवन के लिए लगभग करोड़ रुपए की धनराशि व्यय किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही, हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले पद्म श्री विजेता डॉ. पीएल गौतम को विशेष रूप से सम्मानित किए जाने का निर्णय भी नगर निगम पालमपुर की इस बैठक में लिया गया। बैठक का समापन अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापित के साथ हुआ।

# बजट सत्र में डीए घोषणा करे सरकार

## कर्मचारियों की वित्तीय देनदारी चुकाने के लिए बनाएं विशेष कमेटी

अनंत ज्ञान

◆ टीजीटी कला संघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

◆ कहा- लंबित देनदारियों के लिए वित्त विभाग बनाए फार्मूला

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आगामी बजट सत्र में महंगाई भत्ता (डीए) देने और लंबित एरियर्स के भुगतान के लिए स्पष्ट फार्मूला तय किया जाए। मुख्यमंत्री और वित्त विभाग इस बारे में जल्द कार्रवाई करे। इस बारे में मुख्यमंत्री और राज्य वित्त सचिव को राजकीय टीजीटी कला संघ ने ज्ञापन भेजा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर सहित समूची जिला और राज्य कार्यकारिणी सदस्यों का कहना है कि यदि हर माह 1 प्रतिशत डीए देने का नियमित फार्मूला अपनाया जाता, तो भी अब तक कोई डीए लंबित नहीं होता। जनवरी 2016 से छठे वेतन आयोग के एरियर का एकमुश्त भुगतान यदि सरकार नहीं कर सकती, तो सेवारत कर्मचारियों को शेष रहे सेवाकाल में अतिरिक्त वार्षिक इंक्रीमेंट देकर भी यह देनदारी निपटाई जा सकती है। एक से लेकर तीन इंक्रीमेंट बचे हुए सेवाकाल अनुसार देकर वेतन आयोग एरियर का ब्याज सहित भुगतान संभव है, जिसका आर्थिक बोझ एक साथ 8555 करोड़ नहीं पड़ेगा। दस वर्षों में वेतन आयोग एरियर की मूल राशि दोगुने से अधिक हो गई है। ऐसे में बिना ब्याज एरियर देना अनुचित है। सरकार अपने बकाया की वसूली पर ब्याज लेती है, लेकिन कर्मचारियों का पैसा वर्षों बाद भी बिना ब्याज देती है, जो अन्यायपूर्ण है। कार्यरत कर्मचारियों की अदायगी पर तीन वर्षों से कोई प्रगति न होने से सरकार को नुकसान हो सकता है। वित्त विभाग को ठोस भुगतान योजना बनाने के निर्देश दिए जाएं। अधिकांश कर्मचारियों का डीए एरियर दो लाख रुपए से अधिक, वेतन आयोग एरियर भी दो लाख से ऊपर है और लंबित डीए के कारण मासिक वेतन में भी 5 से 10 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है और 13 प्रतिशत डीए पहले से लंबित है, जो जनवरी से और बढ़ जाएगा। टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर अतिरिक्त इंक्रीमेंट फार्मूले पर विचार करने की मांग की है। संघ ने कहा कि पिछले दस वर्षों में कर्मचारियों के भत्ते नहीं बढ़े हैं और अब सातवें वेतन आयोग का समय शुरू हो चुका है। ऐसे में प्रदेश सरकार वित्त विभाग में एक विशेष कमेटी का गठन करे, जो इस लंबित भुगतान को निपटाने के सरल उपाय खोजते हुए भुगतान अगले वित्त सत्र में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### जिला ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

# अंडर-19 लड़कों के एकल मुकाबले में ऋतुल विजेता व युवराज उपविजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई दो दिवसीय फर्स्ट कांगड़ा जिला ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुई। समापन पर हिमाचल प्रदेश खाद्य आपूर्ति विभाग के डिपो होल्डर संघ के उपप्रधान हर्ष ओबेरॉय ने बतौर मुख्यातिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल तथा नकद पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि अंडर-11 लड़कों के एकल मुकाबले में राजवीर पटियाल विजेता व आदर्श उपविजेता रहा। अंडर -11 लड़कियों के एकल मुकाबले में निरोसा रावत विजेता तथा यशस्विनी उपविजेता रही। अंडर-15 लड़कों के एकल मुकाबले में राजवीर विजेता तथा तन्मय आर्य उप विजेता रहा। अंडर-15 लड़कियों के एकल मुकाबले में प्रिया शर्मा विजेता तथा राव्या धीमान उपविजेता रही। अंडर-15 लड़कों के युगल मुकाबले में राजवीर एवं तन्मय आर्य की जोड़ी विजेता तथा आरव एवं अरुण की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर- 15 मिश्रित मुकाबले में अब एवं सांची वर्मा की जोड़ी विजेता तथा दर्श चौरसिया एवं राबिया धीमान की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-19 लड़कों के एकल मुकाबले में ऋतुल ठाकुर विजेता तथा युवराज उपविजेता रहा। अंडर-19 के युगल मुकाबले में आयुष राणा एवं उदय खुल्लर विजेता तथा सूर्यांश तथा युवराज की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-19 लड़कियों के एकल मुकाबले में अवनी विजेता तथा अमृता उपविजेता रही। 30 प्लस आयु वर्ग के पुरुष युगल मुकाबले में पंकज जैसवाल एवं विक्रांत राणा की जोड़ी विजेता तथा अजय कुमार एवं रोहित की जोड़ी उपविजेता रही। 35 प्लस आयु वर्ग के पुरुष एकल मुकाबले में गौरव कपूर विजेता तथा विक्रांत राणा उपविजेता रहे। 35 आयु वर्ग महिलाओं के एकल मुकाबले में निशा ठाकुर विजेता तथा कंचन शर्मा उपविजेता रही।

# थुरल स्कूल में बच्चों ने देशभक्ति गानों से बांधा समां

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस बीच बच्चों ने भाषण दिए और देशभक्ति गानों पर वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्या कीओर से देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

साथ ही स्कूल प्रांगण में उपस्थित सभी को 77वें राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एनएनएस इकाई थुरल के कार्यक्रम अधिकारी सिकंदर मिन्हास की ओर से गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है, के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति हमेशा समर्पित रहने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर उप प्रधानाचार्य लेखराज सहित अन्य प्रवक्ता गण, अध्यापक गण व स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



थुरल स्कूल में धूमधाम से 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

# पालमपुर कॉलेज के 40 छात्र मशरूम उत्पादन की सीख रहे बारीकियां

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्रों के कौशल संवर्धन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय विषय विशेषज्ञ उद्यान खुंब विकास परियोजना पालमपुर में शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महाविद्यालय के 40 छात्र भाग ले रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद के मार्गदर्शन में छात्रों को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप के लिए सक्षम बनाने के लिए की गई है। कार्यक्रम का आयोजन (स्किल लैब एंड इंटर्नशिप सेंटर) के तहत किया जा रहा है तथा इसकी संयोजक डॉ. मीनाक्षी ठाकुर हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हितेंद्र पटियाल, विषय विशेषज्ञ (मशरूम), मशरूम विकास परियोजना पालमपुर की ओर से किया गया। उन्होंने छात्रों को मशरूम उत्पादन को एक लाभकारी उद्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया और इसके व्यावसायिक महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को डॉ. राजेश पटियाल एवं हितेश ठाकुर, मशरूम विकास परियोजना, पालमपुर ने व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया।

# पूर्व सैनिकों ने हटवास में मनाया गणतंत्र दिवस



कर्नल रमेश वालिया और कैप्टन करम सिंह धीमान ने फहराया अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण समिति केअध्यक्ष कैप्टन करम सिंह धीमान ने बताया कि सैनिक भवन हटवास में पूर्व सैनिकों की ओर से गणतंत्र दिवस मनाया गया।इस अवसर पर कर्नल रमेश वालिया और अध्यक्ष कैप्टन करम सिंह धीमान ने पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में भवन के प्रांगण में ध्वज फहराया। सभी सैन्य परिवारों को शुभकामनाएं दीं। संगठन के अध्यक्ष द्वारा समस्त संगठन की ओर से सचिव हवलदार बिक्रम सिंह राणा के बेटे हवलदार आनंद सुमन राणा (जैक राइफल्स) को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्भुत एवं वीरतापूर्ण कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा सेना मेडल से सम्मानित किए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बताया कि इस बहादुर बेटे का यह सम्मान केवल उसके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे संगठन, तहसील नगरोटा बगवां, पूरे जिला कांगड़ा, पूरे प्रदेश और उसकी यूनिट के लिए भी बड़े गर्व की बात है। भारत सरकार द्वारा प्रदत्त उक्त सम्मान के लिए पूरी नगरोटा बगवां तहसील में खुशी की लहर बनी हुई है।

# फाइव डे वीक की मांग पर बैंक कर्मियों की हड़ताल

## बोले- नहीं हो रही भर्तियां, कार्यरत स्टाफ पर बढ़ रहा वर्क लोड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बैंक अधिकारी व कर्मचारी वर्ष 2015 से सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग की मांग उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके विरोध में बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंगलवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान धर्मशाला में बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने नारेबाजी की। ऑल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के महासचिव राजकुमार गौतम ने कहा कि पूर्व में इसी मांग को लेकर माह में दूसरा और चौथा शनिवार ऑफ किया गया था और साथ ही यह भी आश्वासन दिया था कि आगामी समय में फाइव डे वीक बैंकिंग लागू कर दी जाएगी। यूनाइटेड फोर्म आफ बैंक यूनियन ने यह मांग उठाई थी, लेकिन अभी तक छह पर हड़ताल करने के बावजूद कोई मांग को नजरअंदाज किया जाता रहा है।

चीफ लेबर कमीशनर दिल्ली के सामने जो कमीटमेंट्स हुई थी, उन पर भी कोई गौर नहीं किया गया है। इसी मांग को लेकर देश भर में बैंकों ने हड़ताल की थी। एक माह पहले वित्त मंत्रालय को ज्ञापन भेजकर सांकेतिक हड़ताल बारे चेताया था। यूनाइटेड फोर्म आफ बैंक यूनियन, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र की विभिन्न 9 यूनियनें शामिल हैं, उसकी अगली मीटिंग में आगामी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने संभावना जताई कि मार्च माह के अंत में दो दिन की सांकेतिक हड़ताल की जा सकती है। बैंकों में भर्तियां नहीं हो रही हैं, कार्यरत स्टाफ पर वर्क लोड बढ़ रहा है, ऐसे में फाइव डे वीक की व्यवस्था करके बैंक कर्मियों को दो दिन की राहत मिलनी चाहिए, जिससे कि सोमवार को बैंक कर्मी पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को अंजाम दे सकें।



धर्मशाला में हड़ताल के दौरान बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने नारेबाजी की। अनंत ज्ञान

# धर्मशाला में स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला उपमंडल की विभिन्न पंचायतों के समाजसेवियों और प्रतिनिधियों ने स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय के विरोध में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन में करेरी, घरोह, मैटी, लाझणी, नागनपट्ट, पलौथा, कल्याड़ा और सुधेड़ पंचायतों के कई लोग शामिल हुए। विभिन्न पंचायतों ने सामूहिक रूप से प्रस्ताव पारित कर एसडीएम धर्मशाला के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजा है। प्रस्ताव के माध्यम से ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के बजाय सरकार पहले बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे। सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस स्मार्ट मीटर के निर्णय पर जल्द पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आने वाले पंचायत, नगर निकाय और विधानसभा चुनावों में सरकार को जनता के कड़े विरोध और नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से लाझणी पंचायत के प्रधान, बिपन चौधरी, सन्नी शर्मा, विन्दू कपूर, सीमा देवी, अंकु शर्मा, सपन कुमार, पूर्ण चंद, रवि कुमार, जोगिंद्र सिंह, अभिषेक कुमार और रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का लिया संकल्प




महाराणा प्रताप स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरि पाठियार (नगरोटा बगवां) में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी क्रम में नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में आयोजित समारोह में भी छात्रों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलदीप ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया एवं प्रधानाचार्या ऐश्वर्या सम्ब्याल ने छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व और भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. गौतम को पद्मश्री, बिलासपुर लेखक संघ ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के कंडयाणा (बरठीं) गांव के डॉ. प्रेम लाल गौतम को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर बिलासपुर लेखक संघ ने बधाई दी और सरकार का आभार व्यक्त किया। संघ के प्रधान डॉ. रविंद्र ठाकुर और महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। डॉ. गौतम वर्तमान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार के कुलाधिपति और करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर के प्रो-कुलाधिपति हैं। पद्मश्री उनके वैज्ञानिक समर्पण और राष्ट्र निर्माण में योगदान का प्रतीक है।

### कैप्टन डॉ. जय 'अनजान' को साहित्य-शिक्षा क्षेत्र में सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांव बेकल, तहसील घुमारवीं के कैप्टन डॉ. जय चंद महलवाल, जिन्हें साहित्य जगत में कैप्टन डॉ. जय 'अनजान' के नाम से जाना जाता है, को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के प्रांगण में आयोजित समारोह में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा प्रदान किया गया। जिलाधीश राहुल कुमार और पुलिस अधीक्षक संदीप धवल भी उपस्थित रहे। कैप्टन डॉ. जय महलवाल हिंदी व पहाड़ी साहित्य में सक्रिय हैं, उनकी रचनाएं देश-विदेश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं। वे कुशल एनसीसी अधिकारी और पहाड़ी बोली 'कहलूरी' के संरक्षण में भी सतत योगदान दे रहे हैं।

### घुमारवीं में हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल स्तर पर 77वां गणतंत्र दिवस समारोह घुमारवीं में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के पश्चात आकर्षक मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधानए लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। समारोह के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### भाखड़ा विस्थापितों का 23 फरवरी को 'चलो बिलासपुर' आंदोलन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक ज्योरीपतन क्षेत्र के कोहिना गांव में समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाखड़ा विस्थापितों की लंबित मांगों को लेकर 23 फरवरी को 'चलो बिलासपुर' आंदोलन का निर्णय लिया गया। प्रेम सिंह राणा ने भूमि बंदोबस्त, प्लाट आवंटन, बिजली-पानी सुविधा, नौकरियों में आरक्षण, रॉयल्टी का हिस्सा, पुल निर्माण सहित विभिन्न मांगें रखीं। बैठक में परस राम, राम चंद, सुखदेव, प्रेम लाल, सुरेंद्र सिंह, शीला देवी, मंजू, जमुना देवी, चिरंजी लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मंगलवार को एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। पांच सत्रों में आयोजित इस शिविर में कार्यकर्ता की भूमिका, संगठन सशक्तिकरण, बूथ मजबूती और सोशल मीडिया के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। शिविर के समापन अवसर पर विधायक जीतराम कटवाल ने कार्यकर्ताओं को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जागरूक, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता ही आत्मनिर्भर भारत की असली नींव हैं। शिविर में अमित शर्मा, पायल वैद्य, कृष्णलाल चंदेल, डॉ. प्रेमलाल शर्मा और अनिल डढवाल ने कार्यकर्ता के गुण, संगठन की कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण और डिजिटल माध्यम से सकारात्मक संदेश फैलाने के महत्व पर जानकारी दी।

### व्यास उत्सव में कला-साहित्य का प्रभावशाली संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल हिमालय महोत्सव 'व्यास उत्सव' के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान कार्यक्रम में पधारे। आयोजन समिति के चेयरमैन विजयराज उपाध्याय, अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप (लक्की), कोषाध्यक्ष यक्षराज कुमार शर्मा, मुख्य नियंत्रक प्रवीण शर्मा एवं संरक्षक सुशील पुंडीर द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक तिलकराज शर्मा, उपायुक्त को भी सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की भावना विकसित होती है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में निदेशक विनोद कौशल, सचिव मुनिष मोहम्मद, महासचिव ईशान गौतम, सौरभ सोनी, राजन शान, मोलू एवं सचिव इतिन हांडा उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत स्व. कर्ण चंदेल की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उनके पिता वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार कुलदीप चंदेल को प्रेरणा स्रोत माना गया। रक्तदान करने वालों में कमलेंद्र कश्यप (लक्की), विजयराज, अखिल शर्मा, नरेश टंडन आदि शामिल रहे। जिला अस्पताल से डॉ. स्वाती, डॉ. शुभम गौतम, कमल मेहता, प्रगति, कल्पना ठाकुर एवं शंकर दास की टीम ने सहयोग दिया। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिलासपुर के कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इनमें डॉ. जय नारायण कश्यप, डॉ. शालिनी शर्मा, सुशील पुंडीर, रविंद्र भट्टा, जीतराम सुमन, अरुण डोगरा रीतू, गायत्री शर्मा, नरेंद्र दत्त शर्मा एवं राकेश कुमार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त संस्था सामर्थ्य मेरी पहचान की ओर से दिव्यांगों रैंप वॉक प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही बेबी शो, तीन टांग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा आर टी ओ विभाग की टीम ने रोड सेफ्टी को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई।

### होटल लेक व्यू के कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में होटल लेक व्यू बिलासपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर ने की। तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि पहली बार हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के कर्मचारियों को बेहतरीन कार्य करने हेतु गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैनेजर तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि होटल लेक व्यू बिलासपुर के सभी कर्मचारीयों द्वारा बेहतरीन एवं जुझारू कार्य किया जा रहा है एवं पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं । जिसके फल स्वरुप होटल लेक व्यू बिलासपुर मुनाफे में चला हुआ है। तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में जय गोपाल शर्मा, ममता देवी, संजीव कुमार, बेसरी राम ,राकेश कुमार, ऋषभ कुमार, किशोरी लाल एवं नरेश कुमार इत्यादि होटल लेक व्यू बिलासपुर के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# बिलासपुर में धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## मुख्यातिथि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान



मार्च पास्ट की सलामी लेते उद्योग मंत्री मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा (दाएं) वंदे मातरम प्रस्तुत करते बंदला स्कूल के बच्चे। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 77वां जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्यातिथि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली।

उन्होंने अपने संबोधन में दूध समर्थन मूल्य बढ़ाने, पर्यटन विकास, नए औद्योगिक क्षेत्र, ई-टैक्सी योजना, शिक्षा सुधार और सड़क निर्माण सहित सरकार की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, उत्कृष्ट खिलाड़ी और अधिक रोजगार सृजन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा 'वंदे मातरम' की 150वीं जयंती पर विशेष गायन किया। बिलासपुर न्यायालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डढवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों द्वारा किए गए अद्वितीय बलिदानों को याद किया और सभी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सीजेएम अक्षी शर्मा, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतन सिंह, जिला न्यायवादी सीएस भाटिया, जिला बार संघ के अध्यक्ष श्यामलाल ठाकुर, अधिवक्ताओं सहित न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

वहीं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. दलजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया और सभी ने राष्ट्रगान गाया।

अपने संबोधन में उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व और संवैधानिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों से संस्थान व राष्ट्र निर्माण में निष्ठा से योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार अरोड़ा का संदेश डॉ. अनुपम पाराशर ने प्रस्तुत किया।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर बिलासपुर में प्रतिभाओं का सम्मान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने खेल, प्रशासन, शिक्षा, सामाजिक सेवा, पुलिस, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। खेल क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों गुनगुन, सविता कुमारी, सुजल ठाकुर, प्रीति ठाकुर, निरजल और सुमन चड्डा को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा समाज सेवा, प्रशासन और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकाश चंद बंसल, सराज अख्तर, निर्मला राजपूत, नीलाक्ष शर्मा, यश पाल और रेणु कौशल को सम्मानित किया गया।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में आपदा प्रबंधन के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मान मिला। वहीं राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा सेवाओं से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सम्मान कर्मठ अधिकारियों और कर्मचारियों को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।


पुलिस अधिकारी को सम्मानित करते उद्योग मंत्री। अनंत ज्ञान

## गणतंत्र दिवस मंच बना राजनीतिक भेदभाव का अखाड़ा, भाजपा विधायकों ने छोड़ा समारोह

अनंत ज्ञान


पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के विधायक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** देश की एकता, सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बिलासपुर में उस समय राजनीतिक विवाद की भेंट चढ़ गया, जब जिला प्रशासन पर सत्ताधारी कांग्रेस के इशारे पर भाजपा विधायकों की उपेक्षा करने के गंभीर आरोप लगे। इस कथित अपमानजनक रवैये के विरोध में भाजपा के तीन विधायकों ने सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम का बहिष्कार कर समारोह स्थल छोड़ दिया, जिससे पूरे जिले की सियासत गरमा गई है।

भाजपा के मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने मीडिया से बातचीत में जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में चुने हुए भाजपा विधायकों को नजरअंदाज कर कांग्रेस के पूर्व विधायकों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने इसे न केवल जनादेश का अपमान बताया, बल्कि गणतंत्र दिवस जैसे पवित्र आयोजन को निम्न स्तरीय राजनीतिक सोच से दूषित करने का आरोप भी लगाया। रणधीर शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस अपमानजनक व्यवहार के विरोध में उन्होंने स्वयं, सदर बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और झंडूता विधानसभा क्षेत्र से विधायक जेआर कटवाल ने समारोह का तत्काल बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम दर्शाता है कि जिला प्रशासन निष्पक्षता छोड़कर सत्ताधारी दल के दबाव में काम कर रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक है।

इस पूरे घटनाक्रम ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और यह बहस तेज कर दी है कि क्या राष्ट्रीय पर्व भी अब सत्ता और विपक्ष की राजनीति का शिकार बनते जा रहे हैं।

## यूको आरसेटी ने करवाया मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी), बिलासपुर द्वारा जिला की हरलोग पंचायत के पालटी गांव में मशरूम उत्पादन पर 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों एवं बीपीएल परिवारों से जुड़े 30 लोगों ने भाग लिया। समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए और मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यूको आरसेटी भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित संस्थान है। 28 जनवरी से मोटर ड्राइविंग का प्रशिक्षण आरंभ होगा, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

## विद्युत पेंशनरों ने लंबित देयों के शीघ्र भुगतान की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई की बैठक प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान दिवंगत धर्म सिंह जमवाल एवं अक्षर राम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पेंशनरों ने डीए, एरियर, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट तथा संशोधित वेतनमान का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। मुख्यमंत्री द्वारा वरिष्ठ पेंशनरों के एरियर भुगतान की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया गया।

## परिवार ही संस्कारों की पहली पाठशाला : सीमा राव


मुख्य वक्ता सीमा राव को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**झंडूता।** सरस्वती विद्या मंदिर, कुठेरन (जेझवीं) में महिला सप्त शक्ति संगम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता समाजसेविका एवं व्यवसायी सीमा राव रहीं। उन्होंने महिला सप्त शक्ति संगम तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में सीमा राव ने कुटुंब प्रबोधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार ही संस्कारों की पहली पाठशाला होता है। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में माता-पिता की बढ़ती व्यस्तता के कारण बच्चों को पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं।

सीमा राव ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे बच्चों की दिनचर्या और गतिविधियों पर नियमित ध्यान दें तथा परिवार को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि कुटुंब प्रबोधन का तात्पर्य परिवार के सभी सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाए रखना है, जो सप्ताह या माह में कम से कम एक बार अवश्य होना चाहिए। इससे बच्चों में संस्कार, पारिवारिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

## गुप्त नवरात्र में नयना देवी में एक लाख श्रद्धालुओं ने टेका माथा


माघ नवमी पर माता के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नयना देवी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में चल रहे गुप्त नवरात्रों एवं अवकाश के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माघ नवमी के अवसर पर करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल के निर्देशन में मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे ही दर्शनार्थ खोल दिए गए। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा और श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे समूहों में दर्शन के लिए भेजा गया।

मंदिर परिसर के भीतर एक्स-सर्विसमैन फौजियों तथा बाहर होमगार्ड के जवानों ने भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी संभाली और श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से माता के दर्शन करवाए। मंदिर न्यास के सुरक्षा इंचार्ज महेंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त नवरात्रों के नौवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और सभी को शांतिपूर्ण ढंग से माता के दर्शन कराए गए।

## योजनाओं की सफलता के लिए सटीक डाटा अनिवार्य : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित लेकव्यू होटल में अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा डाटा संग्रह प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशासनिक व्यवस्था में डाटा की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मुख्यातिथि उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि किसी भी शासन व्यवस्था की आधारशिला सटीक, सत्यापित और विश्वसनीय डाटा होता है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डाटा के बिना न तो योजनाओं की प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा सकती है और न ही उनके परिणामों का सही मूल्यांकन संभव है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में समयबद्ध और प्रामाणिक डाटा उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय तंत्र लागू किया गया है। साथ ही शीघ्र ही एक विशेष वेब पेज तैयार किया जा रहा है, जहां जिले से संबंधित समेकित डाटा उपलब्ध रहेगा। कार्यशाला में डाटा संग्रह से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।


कार्यशाला में उपस्थित उपायुक्त। अनंत ज्ञान

## एनटीपीसी कोलडैम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

अनंत ज्ञान



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम परियोजना परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय, उत्साहपूर्ण और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोलडैम सुभाष ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई और राष्ट्रगान की गूंज के साथ पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।

परियोजना प्रमुख ने संविधान के मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता और सुदृढ़ लोकतांत्रिक परंपराओं में है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया तथा सतत विकास, ऊर्जा सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एनटीपीसी कोलडैम द्वारा किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में संगिनी संघ की अध्यक्षा रेखा ठाकुर, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एसएस राव, मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरिंद्रन, डीसी सीआइएसएफ विनोद कुमार, प्राचार्य डीएवी जमथल दीपिका शर्मा, एनटीपीसी कोलडैम के सभी विभागाध्यक्ष व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सांस्कृतिक सत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस ऐतिहासिक अवसर के उपलक्ष में एनटीपीसी कोलडैम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंत में एनटीपीसी कोलडैम के उन कर्मचारियों को मेरिटोरियस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुबंध कर्मचारियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

## कांग्रेस ने यूजीसी नीति को लेकर की केंद्र सरकार की कड़ी निंदा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्र सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से संबंधित घोषित नई नीति की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ पूर्व सचिव ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार इस तरह के निर्णय केवल वोट बैंक की राजनीति के तहत ले रही है, जिससे शिक्षा जगत से जुड़ा एक बड़ा वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में किसी भी वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार नहीं होना चाहिए, क्योंकि यूजीसी की नीतियां देश की सभी विश्वविद्यालयों की दिशा और दशा तय करती हैं तथा विद्यार्थियों के भविष्य से सीधे जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग को न्याय मिलना चाहिए, लेकिन यह न्याय अनारक्षित वर्ग के अधिकारों में कटौती कर नहीं दिया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने कभी एक वर्ग तो कभी दूसरे वर्ग को साधने का प्रयास किया है, जबकि रोजगार सृजन और शिक्षा जैसे मूल मुद्दों पर सरकार विफल रही है।

ठाकुर हीरापाल सिंह ने कहा कि महंगाई चरम पर है, रुपए की कीमत लगातार गिर रही है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है और मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर किया गया है। उन्होंने दावा किया कि किसान, मजदूर, बेरोजगार, विद्यार्थी, व्यवसायी सभी वर्ग केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि इन नीतियों को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक विरोध करने से पीछे नहीं हटेगी।

## सैनिकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान : धीमान

**अनंत ज्ञान शाहतलाई।** झंडूता उपमंडल के अंतर्गत कोटद्वार क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर लग दयो के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस पूर्व सैनिक कल्याण समिति कोटधार के अध्यक्ष कैप्टन ज्ञानचंद धीमान की अध्यक्षता में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कैप्टन पुरुषोत्तम चंद राणा ने मुख्यातिथि के रूप में तथा कोटधार नलवाड़ मेला समिति के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर शहीदों को याद कर कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यातिथि ने पूर्व सैनिकों तथा अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना भरकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना भरपूर योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। धीमान ने कहा कि सैनिकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है सैनिक देश हित के लिए सदैव अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चे बच्चियों को मुख्यातिथि द्वारा इनाम देकर सम्मानित किया गया तथा मिठाइयां का फल बांटे गए कार्यक्रम को लेकर स्थानीय जनता में बड़ा जोश देख गया।

## उपलब्धि हिमाचल के लाल को सेना का बड़ा सम्मान

## परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार बने ऑनरेरी कैप्टन

अनंत ज्ञान


नायक सूबेदार संजय कुमार को पदोन्नत करते सेना के अधिकारी। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग जिला बिलासपुर के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि तहसील झंडुता के बकैण (कोटधार) गांव से संबंध रखने वाले भारतीय सेना के जांबाज सैनिक कैप्टन संजय कुमार का 26 जनवरी 2026 को परमवीर चक्र से सम्मानित होना पूरे हिमाचल प्रदेश, विशेषकर बिलासपुर के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र प्रायः सर्वोच्च बलिदान के बाद मरणोपरांत दिया जाता है, लेकिन बिलासपुर के कैप्टन संजय कुमार पहले ऐसे सैनिक हैं जिन्हें जीवित रहते परमवीर चक्र से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। कारगिल युद्ध के नायक सूबेदार संजय कुमार (तत्कालीन राइफलमैन) का 77वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में पदोन्नत होकर कैप्टन बनना पूरे राष्ट्र और देवभूमि हिमाचल के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

कैप्टन बालक राम शर्मा ने कहा कि कैप्टन संजय कुमार की अद्वितीय वीरता, अटूट साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण भारतीय सेना के जवानों और देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर, जिले के सभी वेटरंस सैनिकों और वीर नारियों ने कैप्टन संजय कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल और सुखमय भविष्य की कामना की।

## छठे वेतन आयोग एरियर्स की घोषणा पर पेंशनर्स खुश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंसनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर ने पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा की गई घोषणाओं का स्वागत किया है। एसोसिएशन ने जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी पेंसनर्ज को ग्रेच्युटी का 50 प्रतिशत तथा लीव एनकैशमेंट का 70 प्रतिशत एरियर्स देने और 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के पेंसनर्ज को छठे वेतन आयोग का संपूर्ण एरियर्स जनवरी 2026 में देने की घोषणा को सकारात्मक कदम बताया। जिला प्रधान जगदीश दिनेश सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि एरियर्स भुगतान की शुरुआत शुभ संकेत है। उन्होंने आशा जताई कि आगामी बजट में शेष एरियर्स व 13 प्रतिशत डीए की किश्तों का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2026 में पैन्सनर्ज की जेसीसी बैठक बुलाने की मांग भी की गई।

## शिवा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा पब्लिक स्कूल मोरसिंघी में 77वां गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक राकेश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य व कविताओं से समां बांधा। मुख्यातिथि राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को परिश्रम व अनुशासन का संदेश दिया तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में ज्ञान चंद, प्रतिभा शर्मा, वनिता कुमारी, कंचना देवी, आरती देवी, कामिनी, मंगला, अंकिता देवी, अनिशा देवी सहित स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बनाई संविधान की गरिमा : प्रो. चंद्र

## चंबा के चौगान में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान



चंबा में गणतंत्र दिवस पर कृषि व पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार परेड की सलामी लेते हुए। अनंत ज्ञान

**आरके सहगल, चंबा।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज ज़िला स्तरीय समारोह चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, वन, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नर्सिंग विद्यार्थी, एनएफसीआई चंबा की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली।

उन्होंने इस दौरान उपस्थित जनसमूह को एंटी चिटा शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से इसका गायन भी किया। प्रो. चंद्र कुमार ने अपने संबोधन में जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी एवं गणतंत्र की स्थापना में महान स्वतंत्रता सेनानियों के बहुमूल्य योगदान, नि:स्वार्थ त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भारतीय संविधान को सभी देशवासियों के लिए एकता और अखंडता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान के मूल स्वरूप और गरिमा को बनाए रखने के लिए कांग्रेस सरकारों का सदैव विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल, संवेदनशील एवं पारदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को साकार कर रही है। सड़क, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, विद्युत, पेयजल एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं की सुलभता को दूरदराज एवं पिछड़े क्षेत्रों तक सुनिश्चित किया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों की प्राकृतिक कृषि उपज को समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। प्राकृतिक रूप से उत्पादित हल्दी का समर्थन मूल्य 90 रुपये प्रति किलोग्राम, गेहूं का 60 रुपये प्रति किलोग्राम तथा मक्की का 40 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चंबा जिले की पांगी घाटी को प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित किया गया है, जहाँ स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित जौ को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप विशेषकर युवाओं को अपने घर-द्वार पर ही स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रो.चंद्र कुमार ने ज़िला चंबा के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य सरकार की विशेष प्रतिबद्धता का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया। कृषि मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, गैर सरकारी संस्थाओं सहित मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस दौरान विधायक नीरज नैय्यर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, अध्यक्ष ज़िला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी सुरजीत भरमौरी, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, पूर्व सैनिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सहायक अभियंता सम्मानित

## संजीव ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों और टीम को दिया उपलब्धि का श्रेय



उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सहायक अभियंता को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के लोक निर्माण विभाग, उपमंडल कोटी में कार्यरत सहायक अभियंता संजीव कुमार अत्री को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं व कर्तव्यनिष्ठा के लिए मंत्री चंद्र कुमार ने सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान विभागीय कार्यों के सफल क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अत्री ने इसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों और टीम को श्रेय दिया।

### निरंकारी मिशन की आपदा सेवा को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर चंबा के ऐतिहासिक चौगान में संत निरंकारी मिशन की मानवीय सेवा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मणिमहेश यात्रा के दौरान आई भीषण प्राकृतिक आपदा में यात्रियों और प्रभावित लोगों की निस्वार्थ सहायता व बचाव कार्य के लिए मिशन को प्रशस्ति पत्र दिया गया। यह सम्मान मंत्री चौधरी चंद्र कुमार द्वारा चंबा जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा दूनी चंद जी को प्रदान किया गया। आपदा के समय निरंकारी मिशन के सेवादारों ने प्रशासन के साथ मिलकर यात्रियों की सुरक्षित ठहरने और गंतव्य तक पहुंचने की व्यवस्था की। सेवादारों ने मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

### समाजसेवा के लिए मिला विजय शम्मी को सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चौगान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्र कुमार मुख्यातिथि थे। समारोह में समाजसेवा और राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें कृष्ण



चंद्र विजय कुमार सम्मी का नाम विशेष रूप से उभरा। उन्होंने 2025 की मणिमहेश कैलाश मानसरोवर यात्रा में आई त्रासदी के दौरान फंसे शिव भक्तों के लिए डेढ़ सप्ताह तक दिन-रात तीनों वक्त निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की। महिलाओं, बच्चों और असहाय लोगों के ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था की। उनके इस समर्पित समाजसेवा कार्य को देखते हुए उन्हें मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने सम्मानित किया।

# उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट मीटर भ्रामक सूचनाओं से बचें : परवेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** वरिष्ठ अधिशासी अभियंता, विद्युत मण्डल एचपीएसईबीएल, चम्बा परवेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में पुराने विद्युत मीटरों को चरणबद्ध रूप से स्मार्ट मीटरों से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक अनेक घरेलू, सरकारी, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर स्मार्ट मीटरों को लेकर भ्रामक जानकारियाँ एवं गलत धारणाएँ फैलाई जा रही हैं, जिसके कारण कुछ उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापना का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप लगाए जा रहे हैं तथा ये पूर्णत: उपभोक्ताओं के हित में हैं। वरिष्ठ अधिशासी अभियंता ने कहा कि स्मार्ट मीटर विद्युत खपत का सटीक, पारदर्शी एवं वास्तविक मापन सुनिश्चित करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को केवल अपनी वास्तविक खपत के अनुसार ही बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। यदि किसी उपभोक्ता को अपनी विद्युत खपत अथवा बिल को लेकर कोई शंका या शिकायत हो, तो वह संबंधित विद्युत कार्यालय से संपर्क कर सकता है। प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निपटारा किया जाएगा तथा आवश्यकता होने पर नियमानुसार जांच एवं मीटर परीक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर स्थापना के दौरान कार्यरत सभी कर्मचारी एचपीएसईबीएल के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। यदि कोई उपभोक्ता मीटर बदलने में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करता है या सरकारी कार्य में रुकावट डालता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित उपभोक्ता की होगी।

अंत में उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की, ताकि यह जनहितकारी योजना सुचारू रूप से पूर्ण की जा सके और उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर प्रणाली के समस्त लाभ प्राप्त हो सकें।

# देशभक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बबलू पठानिया, भटियात।** चंबा। जिला चंबा के भटियात क्षेत्र स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों को भावविभोर कर दिया और देशप्रेम का संदेश दिया।

इस अवसर पर सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षकों की मेहनत, निष्ठा और शैक्षणिक समर्पण का प्रतीक रहा।

अपने संबोधन में प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अपनी सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था के कारण विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है और इसके विकास में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक अजय हिंगोनिया ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन अंग्रेज़ी शिक्षिका दीपमाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना से सराबोर नजर आया।

# राडी, सुनारा और गांण में आए भयंकर तूफान से घरों को हुआ भारी नुकसान



राडी में भयंकर तूफान से घरों को हुआ भारी नुकसान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली विभिन्न पंचायतों जैसे राडी, सुनारा, गांण में गत दिनों आए भयंकर तूफान व भारी बर्फबारी से रिहायशी मकान की छतें उड़ी अथवा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं ग्राम पंचायत राडी के बकल वार्ड से शरण दास पुत्र देवी सिंह गांव गुवाड़, घाटो देवी पत्नी नानक, रावण पुत्र जौहरी, ग्राम पंचायत गांण से दास पुत्र तानी गांव गांण वहीं ग्राम पंचायत सुनारा से राकेश कुमार पुत्र धुट गांव तागी के घरों को गत दिनों आए भयंकर तूफान व भारी बर्फबारी से भारी क्षति पहुंची है।

जिसमें कई घरों की छतें पूरी तरह उड़ गई हैं प्रभावित परिवारों के समक्ष आवासीय सुरक्षा एवं मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है। संबंधित पंचायत के लोगों का कहना है कि जल्द ही राजस्व विभाग की टीम को भेज कर क्षतिग्रस्त हुए मकानों का आकलन कर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए। ताकि प्रभावित परिवार क्षतिग्रस्त हुए घरों की रिपेयर कर अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### वीर सपूतों के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (पीजीएमसी) चंबा में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने ऐतिहासिक अखंडचंडी पैलेस परिसर में तिरंगा फहराया और उपस्थित सभी को शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद एमबीबीएस और नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने देशभक्ति गीतों और समूह गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। डॉ. गुप्ता ने देश की आज़ादी के लिए वीर सपूतों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह के अंत में प्रतिभागियों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### बच्चों के स्वास्थ्य, प्रारंभिक विकास को बनाएं अच्छा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन के दिशा-निर्देशों में आशा कार्यकर्ताओं के लिए पांच दिवसीय गृह आधारित नवजात एवं शिशु देखभाल* प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य खंड समोट, पुखरी और चूड़ी की आशा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, ताकि वे अपने क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक विकास को बेहतर बनाएं। डॉ. महाजन ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल मृत्यु दर और बाल्यावस्था की बीमारियों को कम करना तथा समय पर प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में सी.आर. ठाकुर और जिला आशा समन्वयक अनु कौशल भी उपस्थित रहे।

### शरद सुंदरी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र की होनहार बेटी स्नेहा ने मनाली विंटर कार्निवाल से प्रतिष्ठित विंटर क्वीन प्रतियोगिता में 'शरद सुंदरी' का खिताब जीतकर न केवल सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे मंडी जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर दीपक शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्नेहा को सम्मानित किया गया। दीपक शर्मा ने कहा कि यह सफलता स्नेहा की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

### सार्वजनिक शौचालय न होने से परेशानी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अवाहदेवी टिहरा चौक पर सार्वजनिक शौचालय न होने से आए दिन सवारियों, अन्य लोगों व एचआरटीसी कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि अवाहदेवी टिहरा चौक बाईपास बनने की वजह से एक तरह से बस अड्डे में तब्दील हो चुका है और यहीं से कई लोगों को बसों को बदलने या घर पहुंचने से पहले यहीं बसों को छोड़ना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय न होने से महिलाओं, अन्य सवारियों और एचआरटीसी कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज तथा एचआरटीसी चालकों और परिचालकों ने भी इस जगह तुरंत प्रशासन से सार्वजनिक शौचालय बनाने का आग्रह किया है।

### मंडी मंडल के अनिल कपूर बने संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ जिला मंडी ने मंडल संयोजकों और सह-संयोजकों की नई नियुक्तियां की हैं। मंडी मंडल के संयोजक अनिल कपूर जबकि सह-संयोजक सरदार हरदीप सिंह, सुदेश सेन, सुनील कुमार और नीरज टंडन बनाए गए हैं। नेरचौक मंडल से शालिनी राणा संयोजक तथा दिला राम ठाकुर, मणि राम, बैसाखू राम और मोहित वर्मा सह-संयोजक नियुक्त हुए हैं। रिवालसर मंडल के संयोजक महेंद्र पाल तथा सह-संयोजक मोहन कृष्ण, मौना गुप्ता, शोभना शर्मा और विमला देवी हैं। जोगिंद्रनगर मंडल में संयोजक बलदेव ठाकुर तथा सह-संयोजक चमन लाल, प्रदीप शर्मा, अमित शर्मा और संजय सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी ने सभी पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की उम्मीद जताई है।

### बगस्याड़ में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, गोहर।** सराज क्षेत्र के बगस्याड़ में बीती रात एक वाहन दुर्घटना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एचपी87-0140 नंबर की गाड़ी अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय वाहन में चालक अकेला ही सवार था। राहत की बात यह रही कि ईश्वर की कृपा से चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बताया जा रहा है। हालांकि दुर्घटना में वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में हालिया बर्फबारी के चलते सड़कों पर फिसलन काफी बढ़ गई है। प्रशासन और स्थानीय लोग वाहन चालकों से अपील कर रहे हैं कि सावधानी बरतें और तेज गति से वाहन न चलाएं।

## डाइट सरू में प्री-प्राइमरी शिक्षा पर कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू में प्री-प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। उद्घाटन जिला उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा भाग सिंह ने किया। इस कार्यशाला में जिले के चार शिक्षा खंड—चंबा, हरदासपुर, मेहला और किआनी—के जेबीटी अध्यापक भाग ले रहे हैं, जो नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं को पढ़ाते हैं। कुल 120 अध्यापकों को दो बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्री-स्कूल पाठ्यक्रम, बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, गणित व अंग्रेजी की बुनियादी समझ, एडमिशन, असेसमेंट और रिपोर्ट कार्ड जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। कार्यशाला में राज्य स्तर के प्रशिक्षित स्त्रोत व्यक्ति अरविंद ठाकुर, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राम सिंह सहित अन्य प्रशिक्षक बच्चों की नींव मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

# सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता दुर्घटनाओं में कमी का माध्यम



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते उपायुक्त रेपसवाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिले में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से उपमंडल मुख्यालयों, बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड पर वाहन चालकों की नेत्र जांच हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान बढ़ाने, ओवरलोडिंग के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने और नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को कैशलेस उपचार तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार और मृतक के परिजनों को दो लाख व की सहायता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, अधिशासी अभियंता जोगिंदर शर्मा, अध्यक्ष व्यापार मंडल वीरेंदर महाजन और नगर परिषद की कनिष्ठ अभियंता नितिका ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर रहेगा विशेष फोकस

**अनंत ज्ञान, किहार।** खंड स्वास्थ्य अधिकारी किहार डॉ. सुनील कक्कड़ के आदेशानुसार किहार में आशा कार्यकर्ताओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार से किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता को और अधिक सशक्त बनाना है, ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सकें। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ताओं को मुख स्वास्थ्य की देखभाल, नाक, कान और गले से संबंधित रोगों की पहचान एवं देखभाल के साथ-साथ सामान्य आपातकालीन परिस्थितियों, जलने की घटनाओं और ट्रॉमा जैसी गंभीर स्थितियों के प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को चार अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिनमें होशियार सिंह (हैल्थ एजुकेटर), रमेश कुमार (एमएचएस), जोगिंदर सिंह (पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता) और शल्मीन बेगम (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से आशा कार्यकर्ताओं का ज्ञान और कौशल बढ़ेगा, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी।

# विकास खंड चंबा, भटियात, तीसा में खुलेंगी उचित मूल्य की दुकानें

अनंत ज्ञान, चंबा

◆ 28 फरवरी तक आमंत्रित किए आवेदन

जिला चंबा के विभिन्न विकासखंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र व्यक्ति एवं संस्थाएं 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कर्ण कुमार ने बताया कि विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरोटी (वार्ड नंबर-3) तथा ग्राम पंचायत रायपुर के गांव मराड में, विकासखंड तीसा में गांव चिल्ली (ग्राम पंचायत शन्तेवां) एवं गांव चमारा (ग्राम पंचायत डोंरी) में, जबकि विकासखंड चंबा में गांव एयरवार्ड (ग्राम पंचायत मसरूड) में उचित मूल्य की दुकानें खोले जाने का प्रस्ताव है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए सार्वजनिक संस्थान अथवा सार्वजनिक निकाय, ग्राम पंचायतें, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, एकल नारी, महिलाओं द्वारा संचालित समूह, वे विधवा महिलाएं जो अपने बच्चों का पालन-पोषण स्वयं कर रही हों, शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति (जो दुकान संचालन में सक्षम हों), भूतपूर्व सैनिक तथा शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति पात्र होंगे। शिक्षित बेरोजगार के मामले में परिवार का कोई भी सदस्य नियमित रोजगार में नहीं होना चाहिए।

निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास अनिवार्य है। आवेदन के साथ दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति से संबंधित दस्तावेज, बेरोजगार अथवा भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र, दुकान की उपलब्धता एवं भंडारण क्षमता से संबंधित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियां अपलोड करना आवश्यक होगा। आवश्यक दस्तावेज अपलोड न करने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

## ग्राम पंचायत पपलाह में सामाजिक एकता की अनूठी मिसाल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के ग्राम पंचायत पपलाह में सामाजिक सहयोग और मानव सेवा को बढ़ावा देने के लिए एक नई परंपरा शुरू की गई है। ग्राम सुधार सभा कमेटी के मार्गदर्शन में यह तय किया गया है कि किसी बेरोजगार परिवार की बेटी के विवाह पर 3100 रूपए कन्या दान के रूप में और किसी के निधन पर 2500 रूपए मृत्यु भोज हेतु सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही, श्मशान घाट पर कफन डालने की परंपरा को बंद कर अंशदान व्यवस्था लागू की गई है, जो लंगर, भंडारे और जनकल्याण कार्यों में खर्च की जाएगी। 1 फरवरी को संत गुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर ग्राम में कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। ग्राम सुधार सभा एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने और गुरु रविदास के मानवता, समानता एवं समरसता के संदेश को अपनाने का आग्रह किया है।


**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.।**

मिसल न0-4
तारीख मरजुआ- 19-01-2025/6
तारीख पेशी- 19-02-2026
Nisha Kumari D/o Sh. Manohar Lal R/o Village Jimjima, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P.
Applicant.
General Public.
Respondent.

**अखवारी ईश्तहार**

An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act.
Nisha Kumari D/o Sh. Manohar Lal R/o Village Jimjima, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म दिनांक 03-12-1985 को गांव जिमजिमा में हुआ था। लेकिन उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत जिमजिमा के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये। अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईशतहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर/एतराज है, तो वह दिंनाक 19-02-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
आज दिनांक 19.01.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी, जोगिन्दर नगर, जिला मण्डी हि.प्र.।**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, भुपेन्द्र सिंह ( 19 वर्ष )** पुत्र श्री खीमे राम निवासी गांव शलिन्द्रा डाकघर थाटीवीड़ तहसील बन्जार जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पेन्दर सिंह गलत दर्ज है उसके स्थान पर सही नाम भुपेन्द्र सिंह दर्ज करवाना चाहता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, अर्जुन सिंह** पुत्र स्व. श्री उधो राम गांव थरोट डाकघर चड़ी तह. शाहपुर जिला कांगड़ा (हि. प्र. ) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र अमित कुमार व उसकी पत्नी मेरे कहने से बाहर है अत: मैं इनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वेदखल करता हूं। भविष्य में यदि इनका किसी के साथ कोई लेन-देन होगा तो वह स्वंय जिम्मेवार होगा ।

**वअदालत कार्याकारी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**

मिसल न0 ना0/2026
तारीख पेशी 24-02-2026
मुकदमा-इनद्राज जन्म
प्रार्थना पत्र प्रार्थीया रक्षा देवी पुत्री शोभा निवासी कीरचम्वा डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवा जिला कांगड़ा हि.प्र. ...प्रार्थी पक्ष

बनाम
आम जनता

**विषय:-**प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थीया रक्षा देवी पुत्री शोभा निवासी कीरचम्वा डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने इस न्यायालय से प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया रक्षा देवी का जन्म 14-03-1971 को हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थीया रक्षा देवी पुत्री शोभा अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत कीरचम्वा में दर्ज नहीं करवा सकी प्रार्थीया रक्षा देवी पुत्री शोभा अपनी जन्म तिथि 14-03-1971 को ग्राम पंचायत कीरचम्वा मे दर्ज करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 14-03-1971 को ग्राम पंचायत कीरचम्वा के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 24-02-2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।
आज दिनांक 20-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ

**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

मुकदमा न0 16/C/2026
किस्म मुकदमा - नाम दरुस्ती
तारीख पेशी 26-02-2026
परमजीत सिंह पुत्र दीवान चन्द निवासी महाल बसकेहड उपतहसील भवारना जिला कांगडा हि.प्र. ।

बनाम
आम जनता

**विषय:- नाम दरुस्ती करने बारे।**

प्रार्थी परमजीत सिंह पुत्र दीवान चन्द निवासी महाल बसकेहड उपतहसील भवारना जिला कांगडा हि.प्र. ने इस अदालत मे प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसकी माता का असल नाम काको देवी है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज है। जबकि राजस्व अभिलेख पटवार वृत डरोह के महाल बसकेहड में काकू देवी पत्नी दीवान चन्द दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल बसकेहड पटवार वृत डरोह के राजस्व रिकार्ड में अपनी माता का नाम की दरुस्ती (काकू देवी उपनाम काको देवी / काका देवी) करना चाहता है।
अतः इस ईश्तयार/मुस्त्री मुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जानता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति्त के नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई उज/एतराज हो तो वह दिनांक 26/02/2026 को आसलतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज पेश कर सकता है। हाजिन न आने की सूरत में एक तरफा तरफा कार्यावाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना**

**वअदालत कार्याकारी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**

मिसल न0 ना0/2026
तारीख पेशी 26-02-2026
मुकदमा-इनद्राज जन्म
प्रार्थना पत्र प्रार्थीया सलोचना कुमारी पुत्री फुलगर राम निवासी गांव व डाकघर बराणा तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र. ....प्रार्थी पक्ष

बनाम
आम जनता

विषय:- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थीया सलोचना कुमारी पुत्री फुलगर राम निवासी गांव व डाकघर बराणा तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया सलोचना कुमारी का जन्म 16-03-1956 को हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थीया सलोचना कुमारी पुत्री फुलगर राम अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत बराणा में दर्ज नहीं करवा सकी प्रार्थीया सलोचना कुमारी पुत्री फुलगर राम अपनी जन्म तिथि 16-03-1956 को ग्राम पंचायत बराणा में दर्ज करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 16-03-1956 को ग्राम पंचायत बराणा के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो बह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 26-02-2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।
आज दिनांक 24-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ

**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा को मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल।

-भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

## संपादकीय

# पंचायत चुनावों पर अनिश्चितता

हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के बाद अब पंचायत चुनावों को लेकर भी अनिश्चितता गहराती जा रही है। राज्य में सुक्खू सरकार की ओर से 47 नगर निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति किए जाने के बाद यह आशंका और मजबूत हो गई है कि पंचायतों में भी चुनी हुई सरकार की जगह प्रशासकीय व्यवस्था लागू की जा सकती है। ऐसे हालात में लोकतांत्रिक प्रक्रिया, प्रशासनिक निरंतरता और विकास कार्यों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

दरअसल, सरकार ने पहले आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत नगर निकाय और पंचायत चुनावों को टालने की पूरी रणनीति बना ली थी, लेकिन प्रदेश हाई कोर्ट के हस्तक्षेप ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट आदेश देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव 30 अप्रैल से पहले करवाए जाएं और 28 फरवरी तक रोस्टर जारी करने, पंचायतों के पुनर्गठन और परिसीमन (डिलिमिटेशन) की प्रक्रिया पूरी की जाए। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि न तो सरकार और न ही राज्य चुनाव आयोग इन आदेशों पर अमल करता नजर आ रहा है।

प्रदेश में बदले मौसम ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। भारी बर्फबारी के चलते अधिकांश ऊंचाई वाले क्षेत्र बर्फ की चादर में ढक चुके हैं और कई इलाकों का संपर्क शेष प्रदेश से कट गया है। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया को समय पर पूरा करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की कमी और मौसम की मार, दोनों मिलकर चुनावों को और आगे खिसकाने के संकेत दे रहे हैं।

राज्य चुनाव आयोग बार-बार सरकार से रोस्टर जारी करने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रोस्टर के बिना चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा सकता। यही कारण है कि आयोग भी लगभग असहाय स्थिति में दिखाई दे रहा है। परिणामस्वरूप यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि पंचायत चुनाव कब होंगे और यदि होंगे भी तो किस रूपरेखा के तहत।

इस असमंजस का सबसे अधिक असर संभावित प्रत्याशियों पर पड़ रहा है। पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अभी तक यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी पंचायत आरक्षित होगी या अनारक्षित। जब तक यह स्पष्ट नहीं होता, तब तक वे खुलकर चुनावी मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। हालांकि, कई इच्छुक उम्मीदवारों ने अंदरखाते अपनी रणनीति और संपर्क साधना शुरू कर दिया है, लेकिन वह चुनावी माहौल अभी नहीं बन पा रहा, जो आमतौर पर पंचायत चुनावों से पहले दिखाई देता है।

इधर, पंचायतों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि चुनाव होने तक प्रशासनिक व्यवस्था को कैसे सुचारु रखा जाए। सरकार अब जिला परिषद अध्यक्षों की शक्तियां अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) को सौंपने की तैयारी में है। इसके अलावा पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों में भी प्रशासक नियुक्त करने का विकल्प सरकार के पास मौजूद है।

यदि चुनी हुई संस्थाओं की जगह प्रशासक नियुक्त किए जाते हैं तो यह व्यवस्था कम से कम तीन महीने के लिए लागू की जा सकती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास कार्य प्रभावित न हों, मनरेगा जैसे रोजगारपरक कार्यक्रमों का भुगतान न रुके और निर्माण कार्यों की मंजूरी तथा अन्य प्रशासनिक कामकाज निर्बाध रूप से चलता रहे।

नियमों के अनुसार पंचायत समिति की शक्तियां संबंधित खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को सौंपी जा सकती हैं, जबकि जिला परिषद की जिम्मेदारी जिला पंचायत अधिकारी या एडीसी को दी जा सकती है। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 144 की उपधारा (3) में यह प्रावधान है कि चुनाव पूरे होने तक पंचायतों का कार्यभार या तो तीन सदस्यीय समिति को सौंपा जा सकता है या पंचायत सचिव को ही प्रभारी बनाया जा सकता है।

अब असली परीक्षा सरकार की है कि वह प्रदेश की 3577 ग्राम पंचायतों, 92 पंचायत समितियों और 249 जिला परिषदों का प्रशासनिक कामकाज कितनी कुशलता से चला पाती है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। विपक्ष पहले ही सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोप लगा रहा है। यदि पंचायत चुनावों में अत्यधिक देरी होती है या लंबे समय तक प्रशासकीय व्यवस्था चलती है, तो यह सरकार के लिए राजनीतिक नुकसान का कारण बन सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### शेर-ए-पंजाब एवं महान स्वतंत्रता सेनानी

**लाला** लाजपत राय भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और ओजस्वी लेखक थे। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फरीदकोट जिले के ढुंढिके गांव में हुआ था। वे 'पंजाब केसरी' और 'पंजाब का शेर' के नाम से प्रसिद्ध थे। उनके पिता लाला राधाकृष्ण अध्यापक थे, जिनसे उन्हें अनुशासन, अध्ययन और उदार दृष्टिकोण की प्रेरणा मिली।



लाला लाजपत राय
जन्म : 28 जनवरी, 1865
मृत्यु : 17 नवंबर, 1928

लाला लाजपत राय ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की और वकालत के क्षेत्र में प्रवेश किया। आर्य समाज के संपर्क में आने के बाद उनके जीवन की दिशा बदल गई और उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हुई। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को अपनाते हुए समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्रीय जागरण के लिए कार्य किया। डीएवी कॉलेज की स्थापना में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उग्र दल के प्रमुख नेता थे और बाल गंगाधर तिलक तथा विपिनचंद्र पाल के साथ 'लाल-बाल-पाल' त्रयी के सदस्य थे। उन्होंने बंगाल विभाजन का तीव्र विरोध किया और स्वदेशी आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया। असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा।

लाला लाजपत राय एक महान लेखक और वक्ता भी थे। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'भारत का इंग्लैंड पर ऋण', 'यंग इंडिया' और 'तरुण भारत' शामिल हैं। वे अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष भी थे।

1928 में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान लाठीचार्ज में वे गंभीर रूप से घायल हुए। 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमर है। ■



कविता

### गणतंत्र दिवस मुबारक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हिमाचल प्रदेश) मो. 94172-80333

**गणतंत्र** दिवस हो सबको मुबारक, संविधान निर्माण का यह विशेष दिन
आओ मिलकर करें सब संकल्प, करेंगे इसकी हम पूर्ण हिफाजत
परस्पर सौहार्दपूर्ण भातृत्व की, सुंदर मिसाल कायम करें हम
भेदभाव की दीवार गिराएं, मानवता की अलख जगाएं
शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, फांसी के फंदे को हंसते हुए चूमकर
हमारे हृदय में देशप्रेम के बीज बो गए, सपने अभी उनके हैं अधूरे
अब हमको आगे आना है, आपसी भेदभाव मिटाना है
आजादी हासिल हुई जब, कानून नहीं था कोई तब
लड़ाई अभी जारी थी, संविधान तब लिखा गया, कानून व्यवस्था बनाने को
यही सब की थी जिम्मेदारी, 26 जनवरी 1950 के दिन
यह खुशी का सुअवसर था, गणतंत्र दिवस हो मुबारक
लो सब संकल्प, देश की खातिर जीना है, देश की खातिर मरना है

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लिव-इन रिलेशनशिप का बढ़ता चलन चिंताजनक

भारत सांस्कृतिक मूल्यों और रीति-रिवाजों का देश है। आज भी भारत कृषि प्रधान देशों की श्रेणी में आता है। यहां की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है, जहां पर नितांत शिक्षा का अभाव है, परंतु संचार माध्यमों से एवं यहां की विकसित होती अर्थव्यवस्था व वैश्वीकरण ने लोगों को अधिकाधिक जागरूक किया है। अत्यंत खेद का विषय है की भारत लिव-इन रिलेशनशिप की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लिव-इन रिलेशनशिप एक जोड़े द्वारा शादी किए बिना साथ रहने के निर्णय की अभिव्यक्ति है। युवा वर्ग द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप को अब शादी के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा है, लेकिन आज भी समाज इसे गंभीरता से नहीं लेता है। आजकल युवा पीढ़ी अधिक भौतिकवादी हो गई है। लिव इन में रहने वाले भागीदारों के बीच नैतिक मूल्य एवं भावनात्मक संबंधों में कई गुना गिरावट आई है।



डॉ. अंकिता चौधरी
सह प्राध्यापक, अभिलाषी विश्वविद्यालय,मंडी, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कोई भी साथी दूसरे साथी की जिम्मेदारी उठाने और जीवनभर उसके प्रति प्रतिबद्ध होने को तैयार नहीं होता है। किशोरावस्था में अनेक जोड़े यह मान लेते हैं कि लिव-इन संबंध उन्हें अधिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और भावनात्मक निकटता प्रदान करेंगे। कहीं न कहीं उन्हें यह विश्वास होता है कि लगातार साथ रहने से रिश्ता और मजबूत होगा, लेकिन वैज्ञानिक शोधों के वास्तविक निष्कर्ष इस धारणा को सही नहीं ठहराते। कम उम्र में बना दांपत्य जीवन का निर्वहन चाहे उसका स्वरूप लिव-इन रिलेशनशिप ही क्यों न हो अक्सर सुरक्षा का भ्रम पैदा करता है, जबकि भीतर ही भीतर यह भावनात्मक अस्थिरता, मानसिक दबाव और दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभावों को जन्म दे सकता है।

किशोरावस्था में लिव-इन रिलेशनशिप के मामले निर्विवादित रूप से व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े हुए हैं, परंतु प्राप्त अधिकार सदैव हितकर हो यह आवश्यक नहीं। न्यायालय का दरवाजा खटखटाना और अपने अधिकारों की बात करना एक अलग मुद्दा है, परंतु वास्तविकता के धरातल पर किशोरावस्था चुनौतियों से भरी हुई है। ध्यान देने योग्य तथ्य है यह कि विवाहित जीवन सदैव से ही परिपक्वता, संयम, दायित्व निर्वहन और आर्थिक सुदृढ़ता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है और इसमें से किसी एक का भी अभाव विवाहित जीवन के मार्ग को कठिन कर देता है।

किशोरावस्था में परिपक्वता और आर्थिक सुदृढ़ता दूर की कौड़ी है। इस बात



को युवा पीढ़ी जितनी जल्दी समझ ले बेहतर होगा। किशोर संबंधों में अनुभव होने वाली निकटता और हम एक-दूसरे को पूरी तरह समझते हैं, वाली धारणा अक्सर सतही होती है। अध्ययन में यह पाया गया कि वही संबंध जिनमें किशोर सुरक्षित महसूस करते हैं, वास्तव में अविश्वास, गलतफहमियों और भावनात्मक निर्भरता से भरे रहते हैं। सुरक्षित महसूस करना और वास्तव में सुरक्षित होना दोनों अलग बातें हैं।

भारत ऐसा देश नहीं है जहां राज्य बेरोजगारों और अशिक्षितों को कोई भत्ता देता हो। इसलिए, यदि आप अपने माता-पिता पर निर्भर नहीं हैं, तो आपको अपनी और अपने साथी की आजीविका स्वयं अर्जित करनी होगी और इससे स्वाभाविक रूप से स्कूल या कॉलेज जाने की संभावना समाप्त हो जाएगी। यदि आप अपनी इच्छा से कम उम्र में ही जीवन के इस संघर्ष में उतर जाते हैं, तो न केवल जीवन के अन्य अवसरों का आनंद लेने की आपकी संभावनाएं बुरी तरह प्रभावित होती हैं, बल्कि समाज में आपकी स्वीकृति भी कम हो जाती है। हालांकि, भारत में इसे सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत वैध माना है

किशोरावस्था में गर्भधारण केवल युवा माता और पिता के जीवन को प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसके गंभीर सामाजिक और आर्थिक परिणाम पूरे समाज पर पड़ते हैं। सॉल डी. हॉफमैन और रेबेका ए. मेनार्ड की पुस्तक 'Kids Having Kids: Economic Costs and Social Consequences of Teen Pregnancy' स्पष्ट करती है कि शारीरिक और मानसिक परिपक्वता, साथ ही आर्थिक स्वावलंबनता प्राप्त किए बिना माता-पिता बनना युवाओं के भविष्य की संभावनाओं को गंभीर रूप से सीमित कर देता है। ऐसे युवा अपनी पढ़ाई, करियर और सामाजिक स्थिति में बड़े नुकसान का सामना करते हैं।

आज के समय में युवा लिव-इन रिलेशनशिप को अपनाते हैं, लेकिन यह विवाह जैसी संस्था की जगह नहीं ले सकता। विवाह न केवल कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि भावनात्मक स्थिरता और पारिवारिक सहारा भी देता है। लिवइन रिलेशनशिप में यह सुरक्षा और स्थिरता नहीं होती। इसलिए युवा पीढ़ी को अपने फैसलों में समझदारी और सामाजिक जिम्मेदारी अपनानी चाहिए।

युवा देश का भविष्य हैं, और उन्हें सही मार्गदर्शन और मूल्यों की शिक्षा की जरूरत है। शिक्षा, सही निर्णय और जीवन के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाकर ही वे अपने जीवन को सफल, सुखद और सुरक्षित बना सकते हैं। समाज की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें सकारात्मक दिशा दे और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाए। किशोरों को जागरूक करना, परिवार और समाज का सहयोग देना और मूल्यों की ओर लौटाना ही युवाओं और समाज के उज्जवल भविष्य की कुंजी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# गणतंत्र दिवस : उत्सव से आगे, आत्म अवलोकन का अवसर

भारतीय राष्ट्र-जीवन के इतिहास में 26 जनवरी 1950 वह स्वर्णिम तिथि है, जिसने स्वतंत्र भारत को औपनिवेशिक शासन की छाया से पूर्णत: मुक्त कर उसे एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक राज्य के रूप में स्थापित किया। यह दिन केवल संविधान के प्रवर्तन की तिथि नहीं है, बल्कि भारतीय जनमानस की उस दीर्घकालिक आकांक्षा की औपचारिक अभिव्यक्ति है, जिसके केंद्र में स्वशासन, सामाजिक न्याय और मानव गरिमा का विचार निहित है। भारतीय गणतंत्र दिवस वस्तुत: किसी राजनीतिक व्यवस्था के जन्म का नहीं बल्कि एक सभ्यतागत चेतना के पुनरुत्थान का प्रतीक है।



हितेंद्र शर्मा
लेखक एवं साहित्यकार
कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

15 अगस्त 1947 को भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता अवश्य प्राप्त की, किंतु वह स्वतंत्रता तब तक अधूरी थी, जब तक राष्ट्र के पास स्वयं का संविधान नहीं था एक ऐसा संविधान, जो सत्ता के स्रोत को औपनिवेशिक शासन से हटाकर जनता में निहित करे। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान के लागू होने के साथ यह ऐतिहासिक रिक्तता समाप्त हुई। भारत एक डोमिनियन से गणराज्य बना और राष्ट्राध्यक्ष के रूप में ब्रिटिश सम्राट के स्थान पर भारतीय जनता की सर्वोच्चता स्थापित हुई। यही गणतंत्र का मूल भाव है जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता के माध्यम से शासन।

भारतीय संविधान का निर्माण अपने-आप में एक असाधारण ऐतिहासिक उपलब्धि रहा है। 1946 में गठित संविधान सभा ने लगभग तीन वर्षों तक गहन विमर्श, वैचारिक मंथन और वैश्विक संवैधानिक अनुभवों के तुलनात्मक अध्ययन के बाद इस महान दस्तावेज को आकार दिया। 26 नवंबर 1949 को इसे अंगीकृत किया गया, किंतु इसके प्रवर्तन के लिए 26 जनवरी 1950 की तिथि का चयन एक गहरे ऐतिहासिक संकेत के



साथ किया गया एक ऐसा संकेत, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों से गहराई से जुड़ा था।

वास्तव में 26 जनवरी का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विशेष महत्व रहा है। 1929 के लाहौर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया और 26 जनवरी 1930 को इसे पहली बार स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया गया। यद्यपि उस समय राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हुई थी, किंतु यह दिन राष्ट्रीय चेतना, आत्मसम्मान और औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध जनसंकल्प का प्रतीक बन गया। संविधान को इसी तिथि से लागू करना स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों, बलिदानों और संकल्पों को संवैधानिक प्रतिष्ठा प्रदान करने का प्रयास था।

26 जनवरी 1950 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और गवर्नर जनरल की औपनिवेशिक संस्था का अंत हुआ। यह केवल संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी से मुक्ति की निर्णायक घोषणा भी थी। भारतीय संविधान अपनी व्यापकता, समावेशिता और विविध समाज की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए निर्मित हुआ। प्रस्तावना में उल्लिखित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व भारतीय राज्य के नैतिक मूल्यों की पुष्टि करते हैं।

मौलिक अधिकार नागरिकों को राज्य की संभावित निरंकुशता से सुरक्षा देते हैं, जबकि नीति निदेशक तत्व सामाजिक और आर्थिक न्याय की दिशा दिखाते हैं। स्वतंत्र न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का पृथक्करण लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित करता है। गणतंत्र दिवस केवल समारोह नहीं, बल्कि आत्मावलोकन और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का दिन है। लोकतंत्र निरंतर संवाद, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के सम्मान से जीवित रहता है। संविधान में निहित कर्तव्य राष्ट्र को अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों से जोड़ते हैं। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय गणतंत्र का अनुभव विविधताओं से भरे समाज में लोकतंत्र की स्थिरता का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश : प्राकृतिक सौंदर्य और विकास का संगम

हिमाचल प्रदेश में 25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस बड़े हर्ष और धूमधाम से मनाया जाता है। प्रदेश की भौगोलिक विशेषता, ऊंचे-ऊंचे हरे-भरे पहाड़ और बर्फ से ढका वातावरण इसे 'हिमाचल' नाम प्रदान करता है, जहां 'हिम' का अर्थ बर्फ और 'आंचल' का अर्थ पल्लू या ओढ़नी है। सर्दियों में बर्फ से ढके रहने के बावजूद यह प्रदेश विकास और सतत लक्ष्यों के दृष्टिकोण से देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इतिहास में देखें तो हिमाचल क्षेत्र में राणों और ठाकुरों की छोटी-छोटी ठकुराइयां थीं, जिनमें स्थानीय शासकों की मनमानी का बोलबाला था। धीरे-धीरे प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले शासकों के उदय से ये ठकुराइयां समाप्त हुईं और रियासतों का निर्माण हुआ। स्वतंत्रता से पूर्व इस क्षेत्र में लगभग 32 रियासतें थीं। स्वतंत्रता के बाद 15 अप्रैल 1948 को इन रियासतों को एकत्र कर 'चीफ कमिश्नर प्रॉविंस' का गठन किया गया, जिसमें माहसू, मंडी, चंबा और सिरमौर शामिल थे। उस समय प्रदेश का क्षेत्रफल 10,451 वर्ग मील और जनसंख्या 9,83,367 थी।

26 जनवरी 1950 को प्रदेश को ग श्रेणी का दर्जा दिया गया और डॉ. वाई. एस. परमार को पहला मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया। 1 जुलाई 1954 को बिलासपुर रियासत भी प्रदेश में शामिल हुई, जिससे क्षेत्र और जनसंख्या में वृद्धि हुई। वर्ष 1956 में विधानसभा समाप्त करके प्रदेश को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया। 1 जुलाई 1963 को टेरिटोरियल काउंसिल को हिमाचल विधान सभा में बदल दिया गया और डॉ. वाई. एस. परमार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।

1966 में पंजाब पुनर्गठन के दौरान कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, कुल्लू और



डलहौजी जैसे क्षेत्र प्रदेश में शामिल किए गए। इन परिवर्तनों के बाद हिमाचल प्रदेश का क्षेत्रफल 55,673 वर्ग किलोमीटर हो गया। इसके बाद, 25 जनवरी 1971 को संसद द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम पारित कर इसे देश का 18वां राज्य घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी शिमला में मौजूद थीं और उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई दी। आज हिमाचल प्रदेश 12 जिलों के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश की प्रगति में जल विद्युत परियोजनाएं, बागवानी, फार्मा उद्योग, पर्यटन, कृषि और फलों की पैदावार मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 76 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाएं चल रही हैं, जबकि CMGSY IV योजना के तहत 2,247 करोड़ रुपए सड़क विकास के लिए स्वीकृत हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त 74 शहरी स्थानीय निकाय, जिनमें 8 नगर निगम शामिल हैं, शहरी बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं।

प्रदेश की साक्षरता दर 90 प्रतिशत से अधिक है, जो शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है। हिमाचल प्रदेश की सफलता का रहस्य उसकी प्राकृतिक संपदा, सतत विकास की दिशा, सामाजिक सहभागिता और शासन के कुशल प्रबंधन में निहित है। पर्वतीय क्षेत्र होने के बावजूद प्रदेश ने जल, कृषि, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित किया है।

राज्य स्थापना दिवस केवल ऐतिहासिक स्मरण नहीं, बल्कि प्रदेश की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और भविष्य की दिशा की पुष्टि का दिन है। यह दिन प्रदेशवासियों को प्रेरित करता है कि वे हिमाचल प्रदेश को समृद्ध, शिक्षित और खुशहाल बनाने के लिए मिलकर काम करें। पर्वतीय जीवन की कठिनाइयों के बावजूद प्रदेश ने प्रगति, सतत विकास और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। हिमाचल प्रदेश न केवल प्राकृतिक सौंदर्य बल्कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से भी देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सर्दियों में बढ़ता वायु प्रदूषण : स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बढ़ती वायु प्रदूषण की समस्या से आम जनमानस त्रस्त है। आज हालात बदतर बनने से लोग घरों के अंदर दुबककर बैठने को मजबूर हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए 17 दिसंबर को इस विकराल समस्या का समाधान तलाशने को कहा था। राजधानी दिल्ली में बढ़ते उद्योग, वाहन, अत्यधिक वायु प्रदूषण के सबसे बड़े कारणों में से एक हैं। पशु भी जमीन पर बैठने से पहले अपनी पूंछ से उस जमीन को साफ करके अपनी समझदारी का सबूत देता आ रहा है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदतर बनता जा रहा जो इधर-उधर प्लास्टिक का सूखा कचरा फेंककर अपनी नासमझी का सबूत दे रहा है? प्लास्टिक पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, चाय, काफी के कप लोग इस्तेमाल तदोपरांत सरेआम सड़कों, गलियों, बस स्टाप पर फेंकना अपनी रोजमर्रा की आदत बना चुके हैं। सरकार ने स्वच्छता अभियान केवल मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा हुआ है। लोगों में सूखे कचरे से होने बाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े इसलिए ही चलाया गया है। स्वच्छता अभियान के तहत गांव स्तर पर कूड़ेदान रखे गए, मगर लोग इनमें सूखा कूड़ा डालने की बजाए उल्टा उनका मजाक बनाने में लगे हुए हैं।

नतीजन ऐसे कूड़ेदान सिर्फ शोपीस बनकर ही रह चुके हैं।

कंपनियों का कूड़ा कचरा भी खड्ड, नालों में फेंकने से पर्यावरण दूषित बनता जा रहा है। बढ़ता वायु प्रदूषण दिनोंदिन मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते कचरायुक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बरावर नहीं ले पा रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की वजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। मौसम की एलर्जी,चमड़ी रोग, खांसी, दमा,



हृदयघात, हड्डी रोग और खुष्क त्वचा की समस्या से हर कोई आहत है। इसी वजह से लोग लंग्स, किडनी और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार बनकर रहते जा रहे हैं।

वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर भी ज्यादा असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है। बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए सरकारें फिलहाल नाकाम चल रही हैं, नतीजन इसका खामियाजा आम जनमानस को भबिष्य में भुगतना पड़ सकता है। सर्दियों में खासकर लोग कूड़े कचरे के ढेरों को आग लगाकर शरीर को तपिश देने की कोशिशें करते आ रहे हैं। ऐसे कचरे के ढेरों से उठने बाला धुआं भी बातावरण को विषैले बनाने का काम करता है। डीजल जनरेटर का धुआं और एयर कंडीशनर प्लांट की गर्म हवा भी पर्यावरण को ज्यादा गर्म बना रही है। फसलों,सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी बातावरण पर विपरीत असर पड़ा है। धान का पुराल जलाने से सबसे ज्यादा बातावरण प्रदूषण हो रहा, मगर जागरूकता बगैर यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है। जलते हुए धान के पराल से आसमान में उड़ने वाले कचरायुक्त धुएं से वायु प्रदूषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

नतीजन बच्चों, बूढ़े और हर कोई इस समस्या का खामियाजा भुगत रहा है। एक तो सर्दियों का मौसम होने के कारण आसमान में धुंध अपना डेरा जमाए रखती है। वहीं, जलती हुई कृषि और फैक्ट्रियों के धुंए से आम जनमानस का जीवन ही अस्त व्यस्त होकर रह जाता है। वायु प्रदूषण की से कई राज्य प्रभावित रहते हैं, मगर बावजूद इसके कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रिवालसर में मारपीट का मामला, क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, गुलशन, रिवालसर।** मंडी जिले के रिवालसर पुलिस चौकी क्षेत्र में 26 जनवरी को मारपीट की घटना सामने आई, जिसका सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस केस दर्ज किए गए हैं और जांच जारी है। शिकायतकर्ता किशन चंद ने बताया कि उनका 30 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटा यादविंद्र दुकान मालिक अश्वनी कुमार से कहासुनी के बाद डंडे से घायल हुआ। दूसरी ओर, अश्वनी कुमार ने भी आरोप लगाया कि यादविंद्र दुकान में झगड़ा करने आया और उन्हें चोटें आईं। पुलिस चौकी प्रभारी मुंशी राम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज सहित सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पटड़ीघाट-जाहू रोड पर चालक से मारपीट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पटड़ीघाट-जाहू रोड पर एचआरटीसी बस चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रविवार देर शाम एक कार चालक ने बस रोककर चालक से गाली-गलौच की और मारपीट की, जिससे चालक को गंभीर चोटें आईं। बस सवारियों ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली। पुलिस थाना हटली ने बस चालक तिलक राज की शिकायत पर आरोपी आशीष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी संजीव गौतम ने की।

### महादेव विद्यालय में योग शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला महादेव में नेशनल आयुष मिशन के तहत पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉक्टर अपूर्वा शर्मा के आदेशानुसार आयोजित हो रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर महादेव के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार व रीता कुमारी छात्रों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवा रहे हैं। योग शिक्षक ने योग को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

### युवा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला: जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का राज्यत्व दिवस केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, संघर्ष, सांस्कृतिक पहचान और आत्मसम्मान का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर युवा खेल क्लब तलेली द्वारा आयोजित खेलकूद एवं नशा विरोधी जन-जागरूकता कार्यक्रम यह दर्शाता है कि जब सरकारें असफल होती हैं, तब समाज और युवा स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी निभाते हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि आज प्रदेश के सामने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने की बड़ी चुनौती है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस सरकार इस दिशा में केवल घोषणाओं और रैल्ली तक सीमित है। ऐसे में तलेली के युवाओं द्वारा खेलकूद के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान छेड़ना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है।

### सुंदरनगर में नव मतदाताओं को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल निर्वाचन कार्यालय सुंदरनगर में 'माय इंडिया माय वोट, इंडियन सिटिज़न्स एट द हार्ट ऑफ़ इंडियन डेमोक्रेसी' थीम के तहत 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमर नेगी ने की। उन्होंने नव पंजीकृत मतदाताओं को बधाई देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय व जिम्मेदार भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### कृष्ण को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** गत वर्ष 30 जून को आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऑफिस कानूनगो कृष्ण कुमार ठाकुर को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसडीएम गोहर देवी राम ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि कृष्ण कुमार ने दिन-रात मेहनत कर कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। उनका यह समर्पण समाज के लिए मिसाल है। 31 मार्च को वे सेवानिवृत होंगे, और उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई।

### विद्यार्थियों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चच्योट और खारसी में एनडीआरएफ टीम ने आपदा और आपदा प्रबंधन पर जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर का नेतृत्व एनडीआरएफ इन्सपैक्टर अशोक कूमार ने किया। 12 जवानों के साथ गृह रक्षक और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे। शिविर में छात्रों को आपदा से बचाव, सुरक्षा उपाय और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### चंदपुर-ढगवानी सड़क कार्य का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चन्द्रशेखर ने चन्दपुर-ढगवानी वाया छबेहड़-कबाली दलेहड़ा सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी और शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यापारिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगी। वर्षों से लंबित इस सड़क की मांग पूरी होने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर जोर देते हुए कहा कि सड़क निर्माण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने लवणपुर एवं ब्रह्मफाल्ड क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को विकास की नई सौगात दी। इन कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र के धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करना है। लवणपुर में विधायक चंद्रशेखर ने वैदिक वेदशाला संस्थानम् का विधिवत शुभारंभ करते हुए इसके भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वैदिक वेदशाला की स्थापना से प्राचीन भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं वैदिक शिक्षा के संरक्षण और प्रसार को बढ़ावा मिलेगा तथा आने वाली पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकेगी। इसके उपरांत ब्रह्मफाल्ड में सामुदायिक भवन तथा सराय गुगा मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। सामुदायिक भवन से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा, जबकि मंदिर विकास से धार्मिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में किया जोरदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत मतेहड़ में मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में ग्रामीणों और महिला मंडलों ने प्रदर्शन किया। पंचायत प्रधान प्रमोद चौहान के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस में ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि वे किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर स्वीकार नहीं करेंगे। प्रधान ने कहा कि जनता में डर और भ्रांतियां हैं और पुराने मीटर सुचारू रूप से काम कर रहे हैं, इसलिए तीसरी बार मीटर बदलने का औचित्य नहीं है। महिला मंडल लोअर जोल की प्रधान शशि कुमारी ने आरोप लगाया कि मीटर बिना पंचायत की सहमति और सूचना के फिट किए गए, जो गलत है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे पुराना मीटर सिस्टम ही वापस चाहते हैं और नियमानुसार बिल भरने को तैयार हैं।

### किक बॉक्सिंग में बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वाको इंडिया द्वारा जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग नॉर्थ जोन वूमेन लीग में सरकाघाट मार्शल आर्ट अकादमी की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में उत्तरी भारत के 9 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 600 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें हिमाचल प्रदेश से 90 खिलाड़ी शामिल थीं। अकादमी के अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग रेफरी व कोच मोहित राणा के नेतृत्व में अनुराधा ने म्यूजिकल फॉर्म हार्ड स्टाइल वेपन में स्वर्ण पदक, जबकि सरगम ठाकुर ने लो किक -65 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों को किकबॉक्सिंग संघ द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दोनों खिलाड़ियों का चयन मार्च में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय खेलो इंडिया वूमेन किकबॉक्सिंग लीग के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर कोच मोहित राणा ने हिमाचल एमेच्योर किकबॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### स्वयंसेवी शिक्षकों का कल होगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) के तहत शिक्षा खंड द्रंग-1 के स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण 29 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल जोगिंद्रनगर के कांफ्रेंस हाल में होगा। यह प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे शुरू होगा। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अंजू कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण में खंड के सभी स्वयंसेवी शिक्षक हिस्सा लेंगे। उन्होंने खंड के सभी राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रभारी शिक्षकों से आग्रह किया है कि स्कूल के तहत आने वाले सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर सूचित कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह करें।

# गणतंत्र दिवस पर चच्योट पंचायत में फहरा दिया उल्टा राष्ट्रीय ध्वज

## वीडियो वायरल होने पर हरकत में प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि बोले—जानबूझकर नहीं हुई गलती

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** 26 जनवरी को पूरे देश में जहां 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया, वहीं मंडी जिला के उपमंडल गोहर की ग्राम पंचायत चच्योट में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराने से बवाल मच गया है जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत चच्योट में राष्ट्रीय ध्वज को कथित रूप से उल्टा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई लोगों ने इसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन में हलचल मच गयी है। खंड विकास अधिकारी गोहर श्रवण कुमार ने बताया कि जैसे ही यह मामला हमारे संज्ञान में आया, तुरंत पंचायत प्रतिनिधियों से बात की गई और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई।

खंड विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार यह घटना जानबूझकर नहीं, बल्कि गलती वश हुई। उन्होंने बताया कि पंचायत में उप-प्रधान सेवानिवृत्त सैनिक हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की देशविरोधी भावना की बात नहीं कही जा सकती। फिर भी, मामले को हल्के में नहीं लिया जा रहा है।

### अपराध है राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करना

**राष्ट्रीय** ध्वज से जुड़ा यह मामला राष्ट्रीय सम्मान से संबंधित कानूनों के अंतर्गत आता है। राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का अपमान, विकृति या गलत तरीके से प्रदर्शन दंडनीय अपराध है। अगर जानबूझकर किया गया हो। अनजाने में हुआ अपराध भी कानून के दायरे में है जो कानून व्यवस्था करेगा वो मान्य होगी।



### अनजाने में हुई गलती के लिए पूरी पंचायत कार्यकारिणी शर्मिंदा: प्रधान

**इस** बारे में प्रधान ग्राम पंचायत चच्योट महेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे उपप्रधान सेवानिवृत्त सैनिक हैं जिन में देश सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा है ऐसे में जानबूझकर देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज का अपमान न वो कर सकते हैं न सह सकते हैं। सारा मामला अनजाने में हुआ है जिसके लिए हम पूरी पंचायत कार्यकारिणी शर्मिंदा है और जनता से राष्ट्रीय ध्वज से क्षमा प्रार्थी हैं। अनजाने में हुई गलती का अहसास होते ही हमने राष्ट्रीय ध्वज सीधा कर दिया, मगर अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा प्रार्थी हैं।

## छात्रों ने भाषण, कविता व नाटक के जरिए संविधान और देशभक्ति का दिया संदेश



गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देने के दौरान प्रतिभागी व प्रधानाचार्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभावशाली परेड प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र का शुभारंभ कक्षा 5(ए) की छात्रा स्वाधा द्वारा 'गणतंत्र दिवस के पीछे की कहानी' विषय पर प्रभावशाली भाषण से हुआ। कक्षा 4 (बी) की छात्रा परिशा सूद ने देशभक्ति कविता पाठ से सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की शिक्षिका मैडम निशा एवं मैडम मीनाक्षी द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। छात्रा रुही ने 'संविधान से जुड़े तथ्य राष्ट्र निर्माण की नींव' विषय पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नाटक को मैडम शीलेवा के मार्गदर्शन में विशेष सराहना मिली।

कार्यक्रम के दौरान अजय सर एवं मैडम मृदुला द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। संदेश में प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को जीवन में अपनाने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## जोगिंद्रनगर के कैप्टन योगेंद्र ठाकुर को मिलेगा शौर्य चक्र, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की नजदीकी ग्राम पंचायत दारट बगला के निवासी एवं जम्मू-कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के कैप्टन योगेंद्र ठाकुर को देश की राष्ट्रपति द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें उनके अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के लिए प्रदान किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार सेना को 21 जुलाई 2025 को जम्मू-कश्मीर में उग्रवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन की जिम्मेदारी कैप्टन योगेंद्र ठाकुर को सौंपी गई।



26 जुलाई 2025 को उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के दूरदराज और कठिन भौगोलिक क्षेत्र में साहसिक कार्रवाई करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को मार गिराया। विषम परिस्थितियों में किए गए इस सफल अभियान ने उनकी बहादुरी और नेतृत्व क्षमता को साबित किया।कैप्टन योगेंद्र ठाकुर की इस वीरता को देखते हुए देश के राष्ट्रपति ने उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उनके पैतृक गांव दारट बगला में खुशी का माहौल है। गांववासी और उनके चाहने वाले लगातार उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दे रहे हैं।कैप्टन योगेंद्र ठाकुर के पिता अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता बीना देवी गृहणी हैं।

योगेंद्र ठाकुर ने सरस्वती विद्या मंदिर में उच्च कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में भी उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक अश्वनी सूद और प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने कैप्टन योगेंद्र ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

### एक ही रात में चार घरों के ताले टूटे, लाखों के गहनों पर हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र के गांव गागल में सोमवार देर रात चोरों ने एक ही रात में चार अलग-अलग घरों के ताले तोड़कर चोरी की। दो घरों से नकदी और लाखों रुपये के गहने चोरी हो गए, जबकि अन्य दो घरों में सामान की उथल-पुथल की गई।

पीड़ित जगरूप चंद ने बताया कि उनके घर से दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन और 5,000 रुपये नकद चोरी हुए। अमित ठाकुर के घर से पैसों का हार और 10,000 रुपये नकद ले गए। वहीं, जगदीश बरवाल और सुंदर सिंह के घरों का सामान बिखरा मिला, लेकिन बड़ी चोरी नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलने पर लडभड़ोल पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने टूटे हुए ताले की बारीकी से जांच की और पीड़ित परिवारों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा, ताकि इलाके में सुरक्षा का भरोसा बहाल किया जा सके।

## संस्कार, संस्कृति व खेल का संगम बना लिटल स्कॉलर्स होम का वार्षिक उत्सव

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** लिटल स्कॉलर्स होम का वार्षिकोत्सव सुंदरनगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में भव्य एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावक एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि हंस राज गोस्वामी, बीएम दत्त, डॉ. आरके गुप्ता और एसके राणा विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक पंकज शर्मा एवं प्रिंसिपल सुजाया शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

संस्थापक पंकज शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों से अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। मुख्यातिथि डॉ. अमित कुमार ने अपने प्रेरक संबोधन में बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं कराटे कोच भूप्पी कराते द्वारा सिखाई गई कराटे कला और कथक नृत्य के समागम ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन एवं मुख्यातिथि द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने मुख्यातिथि डॉ. अमित सहित सभी शिक्षकों, स्टाफ और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को अनुशासन व कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया।



लिटल स्कॉलर्स होम के वार्षिकोत्सव में विजेता बच्चे व अन्य। अनंत ज्ञान

### गेंद और बाल्टी दौड़ में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**विभिन्न** प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं में गेंद व बाल्टी दौड़ के स्वर्ण पदक रिहान, अनुश्री, शिवाय धीमान और अकुल पंडित रहे। रजत पदक सूर्यांश व अरनव, भौमिक व रियाना को मिला, जबकि कांस्य पदक देवांश, वाणी व अविराज, आयुष वर्मा व एंजेलिया को प्रदान किए गए। मेंढक कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक वाणी और अकुल पंडित, रजत पदक अनुश्री और रियाना तथा कांस्य पदक अनन्या ठाकुर और आयुष वर्मा ने प्राप्त किया। गुब्बारा दौड़ में स्वर्ण पदक सारवी व शिवाय धीमान तथा विदिका, रियाना, अनुश्री, शनाया और एंजेलिया ने जीता, जबकि रजत पदक भौमिक और अविराज को मिला। कुर्सी दौड़ में स्वर्ण पदक रित्विक व अरनव तथा सारांश, रजत पदक प्रणव, जैनीशा व ध्रुवा और कांस्य पदक आहना व मिशिका को नवाजा गया।

**कार्यक्रम** सरकाघाट में 'लिटिल फैशन मॉडल हिमाचल' सीजन-1 का भव्य आयोजन

# हिमाचली परिधानों में सजे बच्चों ने जीता दिल

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट में एफिनिटी एडवरटाइजिंग एंड इवेंट्स द्वारा 'लिटिल फैशन मॉडल हिमाचल' सीजन-1 का सफल आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने पारंपरिक हिमाचली परिधानों में रैंप वॉक, नृत्य और कलात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। शो की परिकल्पना एफिनिटी एडवरटाइजिंग के संस्थापक दिनेश भारद्वाज ने की।

5 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने तीन श्रेणियों में भाग लिया और प्रतियोगिता इंट्रोडक्शन राउंड, वेस्टर्न ड्रेस रैंप वॉक, पारंपरिक हिमाचली ड्रेस रैंप वॉक तथा टैलेंट राउंड में हुई, जिसमें नृत्य, गायन, मिमिक्री और ड्रॉइंग प्रस्तुत की गई। अंकों के आधार पर विजेताओं की घोषणा हुई। पारंपरिक ड्रेस राउंड ने विशेष आकर्षण बटोरा और हिमाचल पूर्णराज्य दिवस उत्सव को खास बनाया। 5-8 वर्ग में लार्ड कॉन्वेंट स्कूल की दूसरी कक्षा की छात्रा सृजल भारद्वाज प्रथम, तन्वी द्वितीय और आर के इंटरनेशनल स्कूल की यूकेजी की छात्रा आदृती तृतीय रहीं। 8-11 वर्ग में आर के इंटरनेशनल स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा आराध्या गुप्ता प्रथम, आनंद आदर्श विद्यालय चौक की चौथी कक्षा की छात्रा नायरा भारद्वाज द्वितीय और आर के इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा प्रणवी कौशल तृतीय रहीं।

11-18 वर्ग में आर के इंटरनेशनल स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा कुमाकशी पूरी प्रथम, एस पी एस की सातवीं कक्षा की छात्रा तनीषा द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौक की छठी कक्षा की छात्रा दीक्षा तृतीय रहीं। अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए।



'लिटिल फैशन मॉडल हिमाचल' सीजन-1 में सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली से जुड़े रंगमंच कलाकार और 25 वर्षों से थिएटर में सक्रिय हास्य कलाकार दीप कुमार शर्मा (रेलू राम) मुख्य अतिथि व जूरी सदस्य रहे, साथ में निर्देशक पंकज वैद्य और थिएटर व फिल्म कलाकार अनिल महंत जूरी में शामिल हुए। टीवी व फिल्म अभिनेता-मॉडल मिलन सिंह राणा ने बच्चों को रैंप वॉक प्रशिक्षण दिया, एंकरिंग डेंजर्स डांस एकडमी के संस्थापक सनी ठाकुर ने की, मेकअप आर्टिस्ट पारुल भारद्वाज और वीडियोग्राफी में ड्रीम स्टूडियो ऊना की टीम ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान अभिनेता मिलन सिंह राणा और दिनेश भारद्वाज ने आगामी हिंदी फीचर फिल्म की घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म के माध्यम से हिमाचल की कला, संस्कृति और पारंपरिक पहनावे को देश-विदेश तक पहुंचाना उद्देश्य है। दिनेश भारद्वाज ने कहा मॉडलिंग केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मविश्वास से मंच पर प्रस्तुति है और यह मंच बच्चों के व्यक्तित्व व स्टेज प्रेज़ेंस को निखारने के साथ हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देता है।

उल्लेखनीय है कि दिनेश भारद्वाज लघु फिल्म 'मुकाम' व 'चिट्टा' का लेखन व निर्देशन कर चुके हैं व फिल्म 'चिट्टा' के लिए वर्ष 2024 में मंडी में आयोजित हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा द्वारा डेब्यू डायरेक्टर अवॉर्ड से सम्मानित हुए थे।

## विद्यार्थियों ने देशभक्ति व नशे के खिलाफ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन




सन शाइन स्कूल में होनहार बच्चों के साथ विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सन शाइन पब्लिक हाई स्कूल, हरलोट में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए और राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति और नशे के खिलाफ जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विधायक ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने का महत्व बताते हुए इसके द्वारा मिले अधिकारों और लोकतांत्रिक शक्तियों पर प्रकाश डाला।

विधायक ने वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को ₹11,000 भेंट किए। इसके अलावा, विद्यालय में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण के लिए ₹2 लाख तथा शौचालय निर्माण के लिए ₹3 लाख की राशि भी प्रदान की। वार्षिक पुरस्कार वितरण में शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### पधर में एसडीएम सुरजीत ने फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पधर में किया गया, जिसमें एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की तथा पुलिस, व स्कूली बच्चों की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान तहसीलदार भावना वर्मा, नायब तहसीलदार, प्रधानाचार्य ललित ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान हेमंत कुमार, व्यापार मंडल प्रधान लाभ सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

### गोपालपुर में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गोपालपुर स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद हवलदार पवन कुमार व शहीद कांस्टेबल बृजलाल की स्मृति में पुष्प अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य डॉ. बलवंत सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एनसीसी इकाई द्वारा परेड आयोजित की गई। इस अवसर पर एसएमसी पदाधिकारी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को मिठाई बांटी गई।

### बीबीएमबी सुंदरनगर में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा ब्यास-सतलुज लिंक (बीएसएल) परियोजना सुंदरनगर में गणतंत्र दिवस राष्ट्र प्रेम, जोश, उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर बीएसएल स्कूल में आयोजित समारोह के दौरान बीबीएमबी के सदस्य (सिंचाई)-सह-बीएसएल परियोजना सुंदरनगर के मुख्य अभियंता बिजेंदर सिंह नारा ने मुख्यातिथिं शिरकत की तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म अदा की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मान चिन्ह भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता गुलशन मान, अधिशासी अभियंता डीके वर्मा, प्रधानाचार्य मनजीत सिंह, एसडीओ संजय कुमार, मुख्य अभियंता कार्यालय के अधीक्षक अजय कुमार वासन सहित परियोजना के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### भंगरोटू स्कूल में दिखा देशभक्ति का उत्साह

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भंगरोटू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में बल्ह की एसडीएम समृतिका नेगी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीतों और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नेरचौक के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। डांस इंस्ट्रक्टर राहुल के निर्देशन में बच्चों के देशभक्ति नृत्य ने सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

### स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमंडल बलदवाड़ा की लगभग 18 पंचायतों के पूर्व सैनिकों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गणतंत्र दिवस बलदवाड़ा के कारणी गांव के पास खेल मैदान में मनाया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और बच्चों ने हिस्सा लिया। तिरंगा झंडा फहराने के बाद स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन की अध्यक्षता डॉक्टर प्रदीप ने की।

### बीबीएमबी पंडोह ने मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह।** बीएसएल परियोजना बीबीएमबी पंडोह द्वारा इस वर्ष 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया। जिसमें बीबीएमबी सुंदरनगर के अधीक्षण अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए तिरंगे को सलामी दी। उपस्थित सीआईएसएफ की टुकड़ी ने राष्ट्रीय गान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। मुख्यातिथि कश्मीर सिंह ठाकुर ने अपने सम्बोधन में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को गणतंत्र दिवस की हार्दिक व शुभकामनाएं दीं।

### छात्रों ने देशभक्ति गीतों से मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार कालिदास और विशेष अतिथि सेवानिवृत्त नायब सूबेदार जीवन शर्मा रहे। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराने और राष्ट्रीय गीत से हुआ। छात्रों और अध्यापकों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संविधान के महत्व को दर्शाया गया। प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने छात्रों को राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की सीख दी। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन, मिठाई वितरण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### संविधान और लोकतंत्र के प्रति जताई प्रतिबद्धता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** न्यायालय परिसर सरकाघाट में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉ. युद्धवीर सिंह ने ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय स्कूल की छात्राओं ने संविधान, लोकतंत्र और कानून के शासन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैफिक पुलिस प्रभारी दीपक राणा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ऊना में आयोजित जिला-स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने चिंतपूर्णी ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी (इंचार्ज) दीपक राणा को वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा और डीसी ऊना जतिनलाल भी उपस्थित रहे। यह सम्मान ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और सख्ती बरतने के लिए दिया गया। वर्ष 2025 में कुल 20,557 ट्रैफिक चालान किए गए। इनमें से 13,731 चालानों का मौके पर ही निपटारा किया गया और 1,03,14,400 (एक करोड़ तीन लाख चौदह हजार चार सौ रुपए) का राजस्व वसूला गया। मंत्री राजेश धर्माणी ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की सख्ती से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन करने में मदद मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्रवाई लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करेगी और दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक होगी। इस सम्मान ने अन्य पुलिस कर्मियों को भी प्रेरित किया है, जिससे यह संदेश गया है कि उत्कृष्ट कार्य को पहचान मिलती है और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन समाज की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

### नवनियुक्त कार्यकारिणी ने माता का लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, अंब।** बार एसोसिएशन अंब की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने चुनाव में विजय प्राप्त करने के उपरांत हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यकारिणी सदस्यों ने मां के चरणों में माथा टेककर न्याय व्यवस्था, अधिवक्ता समाज की एकता एवं जनसेवा के लिए शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। नवनियुक्त कार्यकारिणी में प्रधान पद पर अधिवक्ता विकास कश्यप, उपप्रधान अधिवक्ता संदीप शर्मा, महासचिव अधिवक्ता रमेश तखी, सचिव अधिवक्ता शिल्पा तथा कैशियर पद पर अधिवक्ता अनिता को चुना गया है। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने बार एसोसिएशन अंब के हित में पारदर्शी, सक्रिय व जनहितैषी कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान तथा न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्यकारिणी सदैव तत्पर रहेगी।

### हवन-यज्ञ, भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत पंचायत स्तोथर में स्थित मां मोक्षदाती के प्राचीन मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा व आस्था के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां मोक्षदाती के दर्शन किए, आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिवत हवन-यज्ञ से की गई। इसमें स्थानीय पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके उपरांत मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा माता की आरती का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन व पारंपरिक पकवान परोसे गए, जिनका सभी ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि यह भंडारा हर वर्ष की तरह इस बार भी सभी ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सेवा भाव से व्यवस्था संभाली, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफल रहा। मां मोक्षदाती का यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि मां मोक्षदाती अपने भक्तों की सच्चे मन से की गई प्रार्थनाओं को पूर्ण करती हैं तथा कष्टों से मुक्ति प्रदान करती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों से इस मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था बनी हुई है और यहां आने से मन को शांति व सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

### विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना की जागृत

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** पूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक कल्याण संगठन ऊना द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लगभग 50 सदस्यों, विद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों तथा गांव के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। समारोह में गांव गगरेट निवासी 89 वर्षीय पूर्व अर्धसैनिक होशियार सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा कदम से कदम मिलाकर आकर्षक परेड प्रस्तुत की। कार्यक्रम में एक वीर माता मुख्तयार देवी (माता शहीद सिपाही महेंद्र सिंह) तथा दो वीर नारियां कमलेश देवी व सरताज बेगम विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। पूर्व अर्धसैनिक बलों के सदस्यों ने अपने संबोधनों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा एवं देशप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में वीर नारियों द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न (मोमेंटो) वितरित किए गए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य, अध्यापकों तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### आज भव्य दहाजा कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता तलमेहड़ा के गांव बडोआ स्थित श्री सिद्ध चानों मंदिर में 28 जनवरी बुधवार रात 8:30 बजे परंपरागत दहाजा कार्यक्रम और भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति और ग्रामवासियों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। मंदिर संस्थापक मक्खन सिंह ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। आयोजन के दौरान मक्खन सिंह एंड पार्टी के कलाकार भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे और भक्त आध्यात्मिक माहौल का आनंद लेंगे।

# गोबिंद सागर झील से अब कुटलैहड़ क्षेत्र में पीने का पानी होगा उपलब्ध

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी राहत की खबर है। भाखड़ा डैम पर बनी गोबिंद सागर झील से अब कुटलैहड़ क्षेत्र में पीने का पानी उपलब्ध होगा। लंबे समय से प्रतीक्षित तुरकाल-बंगाणा पेयजल योजना को आखिरकार सरकार की मंजूरी मिल गई है। लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना से धुंदला जिला परिषद वार्ड की 17 पंचायतों के करीब 45 हजार लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, इस योजना का शिलान्यास राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू फरवरी के पहले सप्ताह में कर सकते हैं। बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) से अनुमति न मिलने के कारण यह परियोजना लंबे समय तक अटकी रही थी, लेकिन अब सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। सरकार ने संबंधित विभाग को निर्माण कार्य जल्द आरंभ करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान ने बताया कि परियोजना को विभागीय स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही धरातल पर काम शुरू होगा। योजना के तहत गोबिंद सागर झील से पानी को लिफ्ट कर आधुनिक फिल्ट्रेशन यूनिट तक लाया जाएगा, जहां उसे शुद्ध करने के बाद पाइप लाइनों के माध्यम से हर घर तक नल कनेक्शन से पहुंचाया जाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने इस योजना की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि गोबिंद सागर झील से पानी उठाने की अनुमति प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती थी, जिसे लगातार प्रयासों के बाद संभव बनाया गया। विधायक ने कहा कि यह परियोजना न केवल पेयजल संकट को दूर करेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही, योजना के साथ कुछ स्थानीय पेयजल योजनाओं का पुनर्गठन और सुधार भी किया जाएगा, ताकि जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत व निरंतर बन सके।

**लोगों ने जताया आभार**

**धुंदला** वार्ड की सभी 17 पंचायतों बुधान, लठियाणी, तनोह, मलांगड़, सुकडियाल, पिपलू, हटली, चमयाड़ी, सिहाणा, करमाली, अरलू सहित अन्य पंचायतों में योजना को लेकर खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मियों के मौसम में उन्हें पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचने की उम्मीद जगी है। क्षेत्र के राम आसरा शर्मा, कुलदीप कुमार, अजय कुमार, राजीव शर्मा सहित कई लोगों ने इस योजना के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है। यह योजना कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए न सिर्फ पेयजल संकट से मुक्ति का माध्यम बनेगी, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद है।

## थानाकलां के बलबीर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बीबीएमबी नंगल टाउनशिप द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में हेल्थ क्षेत्र में बेहतरीन सेवाओं देने के लिए थानाकलां ऊना के स्वास्थ्य कर्मी बलबीर राणा को सम्मानित किया गया और उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता चरणजीत सिंह ने बलबीर राणा को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर कहा कि हमें संविधान से अधिकार मिले हैं, तो हमारे अपने देश के प्रति कुछ कर्तव्य भी है। हमें अपने अधिकारों का सही ढंग से प्रयोग करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। हर क्षेत्र में कार्य मानवीयता पहल व समर्पण भाव से करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. जेपी सिंह पीएमओ नंगल, डॉ. हरिंद्र कौर, निशा, ई. सीपी सिंह, सतीश राणा, रविंद्र राणा, गुरिंदर गोलू, प्रधान सतनाम लोधी, अशोक कुमाए, अंचित सन्नी, मनोज पाला, नेहा, सुनील, रमन जोशी, रेणु बाला, अमन, मनीषा विनोद आनंद व रेखा आदि उपस्थित रहे। सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और कहा कि हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, तो हमें अपने देश के प्रति सम्मान, बलिदान व देश की शांति, सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## नक्शे के लिए ऑफिस जाने की जरूरत नहीं आर्किटेक्ट ही दे पाएंगे अनुमति : आयुक्त

अनंत ज्ञान

**ऊना।** 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय भवनों की योजना अनुमति के लिए अब नगर निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। यह अनुमति पंजीकृत प्राइवेट आर्किटेक्ट्स द्वारा दी जा सकती है।

नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि लोगों की सुविधा व समय की बचत के लिए राज्य सरकार ने यह व्यवस्था पहले ही लागू कर रखी है। राज्य सरकार के नगर एवं ग्राम योजना विभाग की 15 सितंबर, 2022 की अधिसूचना के तहत प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 की धारा 77 के अंतर्गत निदेशक, नगर एवं ग्राम योजना की शक्तियां पंजीकृत प्राइवेट प्रोफेशनल्स को हस्तांतरित की गई हैं। इसके अनुसार राज्य के सभी अधिसूचित योजना क्षेत्रों, विशेष क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों व हिमाचल प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण की कॉलोनियों में आवासीय उपयोग के लिए 500 वर्ग मीटर तक के प्लॉट पर भवन योजना का अनुमोदन पंजीकृत प्राइवेट आर्किटेक्ट्स कर सकते हैं। यह अधिसूचना राज्य राजपत्र में प्रकाशित है। आवेदनकर्ता को नगर व ग्राम योजना विभाग में पंजीकृत प्राइवेट आर्किटेक्ट या अभियंता के माध्यम से निर्धारित ऑनलाइन व्यवस्था के तहत ही योजना अनुमति लेनी होगी। ऐसे मामलों में नगर निगम कार्यालय से अलग से कोई अनुमति जारी नहीं की जाती। गुर्जर ने कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निगरानी व्यवस्था भी लागू है।



नियमानुसार स्वीकृत मामलों का निरीक्षण नगर एवं ग्राम योजना विभाग और संबंधित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किया जाता है। यदि कहीं भी स्वीकृत योजना से हटकर निर्माण या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में योजना अनुमति निरस्त की जा सकती है व संबंधित पंजीकृत प्राइवेट प्रोफेशनल का पंजीकरण भी रद्द किया जा सकता है। निर्माण स्थल पर स्वीकृत योजना से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित करना व निर्माण कार्य को पूरी तरह अनुमोदित मानचित्र के अनुसार करना अनिवार्य होगा। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय भवनों की योजना अनुमति के लिए एमसी कार्यालय के चक्कर न लगाएं और पंजीकृत प्राइवेट आर्किटेक्ट्स से ही आवेदन करें।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान

**ऊना।** औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर स्थित सर्विस बिल्डिंग में व्यापारी एवं उद्योगपति वर्ग की एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्रीय संघचालक पवन जिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



विचार गोष्ठी में शामिल मैहतपुर के गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघचालक डॉ. हेमराज शर्मा ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पवन जिंदल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास, उसकी विचारधारा तथा वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में संघ की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लिए गए पांच प्रणों की जानकारी देते हुए उनके सामाजिक व राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण व नागरिक कर्तव्य इन परिवर्तनों का उद्देश्य संस्कारवान नागरिकों के माध्यम से एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ फैलाई जाती हैं, किंतु संघ को सही रूप में समझने के लिए संघ के कार्यों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ना आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आरएसएस देशभक्त, चरित्रवान और राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित नागरिक तैयार करने वाला संगठन है। आज भारतीय समाज की वैश्विक पहचान सशक्त हुई है और विश्व पटल पर भारतीयों को सम्मान एवं गौरव की दृष्टि से देखा जा रहा है। कार्यक्रम में व्यवस्था प्रमुख विजय भारद्वाज, स्वदेशी जागरण मंच के जिला पूर्णकालिक सत्य देव शर्मा सहोड़, नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा के उपाध्यक्ष अजय कुमार, पार्षद विपिन राणा, उद्योगपति एवं पार्षद बलराम चंदेल, व्यापार मंडल मैहतपुर-बसदेहड़ा के अध्यक्ष सुभाष ऐरी, विक्रम ठाकुर, पवन कुमार, संजीव कुमार, एडवोकेट दीपक शर्मा, शम्मी जैन, जतिंद्र बाली, अनिल सपाटिया, विजय लॉ, राम चंद्र, नरेंद्र कुमार, संजीव जैन सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संगोष्ठी के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रहित, स्वदेशी विचार और सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

## खेलों से नशा मुक्त समाज का संदेश, 40 टीमों ने लिया क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत सदाशिव क्लब बही द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता अभिषेक राणा अब्बू और राजेंद्र सिंह अब्बू की स्मृति में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों की कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं राज्य भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य अजय ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सदाशिव क्लब बही द्वारा अजय ठाकुर को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में अजय ने कहा कि आज के समय में युवा खिलाड़ी खेलों के माध्यम से न केवल अपना भविष्य संवार रहे हैं, बल्कि देश और समाज का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

खेल युवाओं के जीवन को सार्थक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम हैं। अजय ने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। आज जब समाज नशे जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहा है, ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आयोजक समिति को भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैचों में खेल भावना और अनुशासन देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी किसी से कम नहीं हैं।

## बैंक हड़ताल का असर, ग्राहकों को हुई परेशानी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंगलवार को नेशनलाइज्ड बैंकों की राष्ट्रीय स्तरीय हड़ताल का चिंतपूर्णी में भी देखा गया। यहां पर पंजाब सिंध बैंक ब्रांच के गेट बंद देखकर ग्राहक घबराए, जब उन्होंने पता किया तो पता चला कि हड़ताल है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि शनिवार से छुट्टियों के कारण बैंक सोमवार तक तो बंद ही थे, मंगलवार को ग्राहकों की उम्मीद थी, इस कारण काफी लोग पहुंचे थे। हड़ताल के कारण भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं में कामकाज ठप रह। हड़ताल का कारण 5-डे वर्क वीक की मांग है, जिसे यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने बुलाया है। हड़ताल के कारण नकद जमा, निकासी, चेक निपटान व अन्य शाखा स्तर की सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

## रोवर-रेंजर कैंप से युवाओं में नेतृत्व और सेवा भावना का होगा विकास

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर-रेंजर इकाई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रवेश टेस्टिंग कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा द्वारा किया गया।



यह शिविर 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. मीता शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। यह शिविर रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर डॉ. शाम सिंह बैंस ने शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली पांच दिनों की गतिविधियों की रूपरेखा सभी के समक्ष प्रस्तुत की। इस प्रवेश टेस्टिंग कैंप में कुल 45 रोवर-रेंजर्स भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी, अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व कौशल से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. रंजू बनोता ने 'स्काउटिंग क्यों आवश्यक है' विषय पर अपना प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग आंदोलन की भूमिका पर प्रकाश डाला। शाम के सत्र में डॉ. शाम सिंह बैंस द्वारा हिस्ट्री ऑफ स्काउटिंग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण एवं रोवर-रेंजर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भोले शंकर का भजन गाया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षिका व हिमाचली गायिका मोनिका शर्मा ने अपनी मधुर आवाज देकर भोले शंकर का भजन गाया है। भजन को कई शिव मंदिरों में शूट किया गया है। इसको जल्द ही विधिवत यू-ट्यूब चैनल सिंगर मोनिका शर्मा पर रिलीज किया जाएगा, अब लोग यू ट्यूब पर सर्च करके गीत को सुन सकेंगे। शिव रात्रि के चलते भजन को निकाला जा रहा है। शिक्षिका मोनिका शर्मा निवासी पंजावर ने बताया कि भजन खुद लिखा है और आवाज उन्होंने स्वयं दी है और भजन में भोले शंकर की महिमा का गुणगान किया गया है। भजन को हिमाचल के ऊना, गगरेट समेत कई स्थानों पर शिव मंदिरों में शूट किया गया है। बता दें कि मोनिका शर्मा पहले भी कई भजन समर्पित कर चुकी हैं, साथ ही दूरदर्शन शिमला में कार्यक्रम की प्रस्तुति दे चुकी है।

## कुटलैहड़ की होप संस्था चरोला ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## 26 जनवरी, 1950 का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज : भुट्टो

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर होप संस्था चरोला द्वारा 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और तिरंगा झंडा फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली।



पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

पूरे कार्यक्रम के दौरान देश भक्ति गीतों, नारों और अनुशासित गतिविधियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुई, जैसे ही पूर्व विधायक भुट्टो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। इसके पश्चात विद्यार्थियों और संस्था के सदस्यों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसकी सलामी मुख्यतिथि ने पूरे सम्मान और गर्व के साथ ली। अनुशासन, एकता और समर्पण का यह दृश्य सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। इस अवसर पर भुट्टो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी, 1950 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है, क्योंकि इसी दिन देश ने अपना संविधान अपनाकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान न केवल हमें अधिकार देता है, बल्कि कर्तव्यों का भी बोध कराता है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान के मूल्यों का सम्मान करे और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में योगदान दें। भुट्टो ने कहा कि आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने जो मजबूत नींव रखी, उसी के कारण आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं, शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाकर देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

**आयोजन** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# गणतंत्र दिवस पर देश भक्ति गीतों से गूंजी ऊना की धरती

अनंत ज्ञान

**ऊना।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऊना जिला देशभक्ति के गीतों और राष्ट्रगौरव की भावना से सराबोर नजर आया।

इस उपलक्ष्य पर राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स, प्रशिक्षित आपदा मित्रों की महिला एवं पुरुष टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। मंत्री राजेश धर्माणी ने जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के साथ देश एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने संविधान निर्माताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा



उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित बच्चों के साथ मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है तथा लोकतंत्र की असली शक्ति संविधान में ही निहित है। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा दे रही है।

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के योग्य बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं तथा प्रदेश के 130 सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है। ऊना जिले के 10 विद्यालयों को भी सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हिमाचल को वर्ष 2032 तक आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसे बुनियादी क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किया जाएगा, जहां छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी। ऊना जिला विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। जिले को सौर ऊर्जा के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। पेखूबेला में 32 मेगावाट की सोलर परियोजना स्थापित की जा चुकी है, जबकि अघलोर और भंजाल परियोजनाएं भी तैयार हैं। औद्योगिक विकास के तहत हरोली क्षेत्र में 2000 करोड़ रुपए की लागत से बल्क ड्रग पार्क की स्थापना की जा रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं।

हिमाचल दूध खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बना है। गाय का दूध 51 रुपये और भैंस का दूध 61 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की और गेहूं को भी उच्च दरों पर खरीदा जा रहा है। ऊना में 20 करोड़ रुपये की लागत से आलू प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। मंत्री ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि चिट्टे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और सूचना देने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों की विकास झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गौरव कौंडल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, उपायुक्त ऊना जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

## लक्ष्मी नारायण ठाकुर का निधन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ के मुख्य सलाहकार, सामूहिक विकास मंच लंबाग्रां के संस्थापक प्रधान एवं समाज सेवा के पुरोधा लक्ष्मी नारायण ठाकुर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 21 जनवरी 2026 को अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से हिमाचल सहित देशभर में कार्यरत हिमाचली सामाजिक संस्थाओं में शोक की लहर दौड़ गई है। 27 नवंबर 1936 को हिमाचल के लंबाग्रां में जन्मे लक्ष्मी नारायण ठाकुर ने जीवन का अधिकांश समय समाज सेवा को समर्पित किया। प्रारंभिक सेवाकाल में उन्होंने हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में अपनी सेवाएं दीं। सेवा निवृत्ति के पश्चात वे पूर्ण रूप से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गए और समाज के उत्थान को ही अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया। अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ की स्थापना के समय से ही वे डीडी. डोगरा, कुंवर हरि सिंह, शालिग राम भारद्वाज जैसे वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ जुड़े रहे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को संघ के साथ जोड़ने, समन्वय बनाए रखने व संगठन को मजबूत आधार प्रदान करने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## रेडक्रॉस सोसायटी के लकी ड्रॉ में पहले विजेता को आईफोन-16



रेडक्रॉस सोसायटी के तहत लकी ड्रॉ निकालती कन्या। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला गणतंत्र दिवस समारोह में तकनीकी शिक्षा तथा नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने जिला रेड क्रॉस सोसायटी के 5 लकी ड्रॉ निकाले। इस मौके पर डीसी ऊना जतिन लाल व पुलिस अधीक्षक अमित यादव भी मौजूद रहे।

लकी ड्रॉ में पहला इनाम टिकट धारक 31016 को एप्पल आइफोन 16 या (एक लाख रुपए) निकला है। वहीं, दूसरे ईनाम में टिकट धारक 20097 को ईलेक्ट्रिक स्कूटी या (70 हजार रुपए), तीसरे विजेता टिकट नंबर 11759 को लैपटॉप या (50 हजार रुपए) निकला है। इसके साथ ही चौथे स्थान के लिए दो विजेता निकाले गए हैं, जिनमें टिकट धारक 6370 और 25237 को सैमसंग मोबाइल या (25 हजार रुपए प्रत्येक) तथा पांचवें स्थान के लिए तीन विजेता निकाले गए हैं, जिनमें टिकट नंबर 31,318, 5,318 और 18,039 को टेबलेट्स या (20 हजार रुपए प्रत्येक) निकला है।

शेष ड्रॉ आगे निकाले जाएंगे। डीसी ने बताया कि लकी ड्रॉ में जिन व्यक्तियों के टिकट नंबर निकले हैं, वे 30 दिनों के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से डीसी कार्यालय स्थित रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव कार्यालय में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में जनजीवन अस्त-व्यस्त

## अटल टनल के दोनों छोरों पर भारी हिमपात, लाहौल घाटी से कटा संपर्क, पर्यटन नगरी में रात से बारिश जारी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** पश्चिमी हिमालय के पहाड़ों पर एक बार फिर बर्फबारी शुरू हो गई है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू के मनाली सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का दौर जारी है। इसी बीच अटल टनल के समीप स्नो गैलरी में फंसे रहे दो लोगों को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। भारी बर्फबारी के चलते रोहतांग दर्रा में 8 फुट और लाहौल के जिला मुख्यालय केलांग में 3 फुट बर्फबारी हो चुकी है, जबकि लाहौल में सबसे अधिक बर्फबारी गोंधला में 5 फुट हो चुकी है। उधर कुल्लू के सोलंगनाला में भी 5 फुट बर्फबारी हुई है, जबकि मनाली में भी फिर से बर्फबारी शुरू हो चुकी है। यहां पहुंचे पर्यटक बर्फबारी का खूब लुत्फ उठा रहे हैं। कुल्लू में बर्फबारी के चलते बंजार व मनाली उपमंडल के स्कूलों में छुट्टी रखी गई। वहीं, भारी हिमपात की चेतावनी को देखते हुए डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति कुनिका एकर्स ने उप-मंडल लाहौल एवं उदयपुर में सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों को 27 जनवरी को आधे दिन तथा 28 जनवरी को पूर्ण दिवस के लिए बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। लगातार हिमपात से सड़कों के अवरुद्ध होने व विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से मौसम परामर्शों का पालन करने व अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।



बर्फबारी के चलते रोहतांग दर्रे में 8 फुट और लाहौल के जिला मुख्यालय केलांग में 3 फुट बर्फबारी हो चुकी है। अनंत ज्ञान

> मनाली के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात शुरू हो गया है। पर्यटकों से आग्रह है कि ऊंचाई आले क्षेत्रों में न जाएं। होटल के प्रांगण में ही बर्फ का आनंद लें। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
> **रमण कुमार शर्मा**
> **एसडीएम मनाली।**

### पर्यटन स्थल सोलंगनाला में एक फुट ताजा हिमपात

**अटल** टनल रोहतांग के दोनों छोर सहित मनाली के पर्यटन स्थलों में देर रात से भारी हिमपात हो रहा है। रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में भारी हिमपात हो रहा है। सभी दर्रे सदियों के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए पहले ही बंद कर दिए है। पर्यटन स्थल सोलंगनाला में एक फुट ताजा हिमपात हुआ है। पर्यटन नगरी में रात भर से बारिश जारी है। घाटी में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। अटल टनल के दोनों छोर सहित समस्त लाहौल घाटी में हिमपात शुरू हो गया है। हिमपात के चलते लाहौल घाटी का मनाली से संपर्क कटा गया है। दूसरी ओर रात भर बारिश होने से ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों सोलंगनाला, कोठी, पलचान, रुआड, कुलंग व मझाच सहित समस्त उझी घाटी में बारिश की बूंदे बर्फ के फाहों में बदल गई है। लाहौल-स्पीति में हिमपात होने से वाहनों की आवाजाही फिलहाल बंद हो गई है। मनाली से पलचान तक वाहन चल रहे हैं, जबकि पलचान से अटल टनल की ओर वाहनों की आवाजाही बंद है।

### मनाली में 4 दिन बाद ट्रैफिक सुचारु

**पर्यटन** नगरी मनाली में गत चार दिनों से चल रही ट्रैफिक जाम की समस्या अब कम हो गई है। हालांकि, सोमवार शाम को भी भारी जाम लगा, लेकिन मंगलवार सुबह ट्रैफिक सुचारु हो गई है। होटलियर एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि हिमपात के चलते पर्यटक भारी संख्या में मनाली पहुंच रहे है। उन्होंने बताया कि हिमपात होने से आने वाले समय में यहां पर्यटकों का मेला लगेगा।

# विंटर कार्निवाल : मंडी की स्नेहा के सिर सजा शरद सुंदरी का ताज


शरद सुंदरी व फर्स्ट व सेकेंड रनरअप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली में आयोजित विंटर कार्निवाल में विंटर क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी। प्रतियोगिता में मंडी की स्नेहा शरद सुंदरी विजेता बनीं, जबकि फर्स्ट रनर-अप मनाली की संयोगिता और सेकंड रनर-अप धर्मशाला की इशिता रही।

विंटर क्वीन प्रतियोगिता में कुल 21 सुंदरियों ने भाग लिया। टॉप 5 सुंदरियों का चयन मंडल द्वारा किया गया था। इस बार मंडी, कुल्लू और मनाली में ऑडिशन के बाद प्रतिभागियों का चयन हुआ। टॉप टेन सुंदरियों में स्नेहा, इशिता, जैस्मिन, संयोगिता, कनिका, पल्लवी, प्रीति, श्रेया, नैंसी और शानवी शामिल हैं। इसके अलावा, भाई साहब कार्निवाल के विजेता मंडी के नितिन बने। दूसरे नंबर पर सौरभ अत्रि और तीसरे नंबर पर तनीषा शेट्टी रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने इंट्रोडक्शन राउंड, ट्रेडिशनल राउंड, सेमीफाइनल राउंड और फाइनल राउंड में अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ाके की ठंड और मनाली में बर्फबारी के कारण एक दिन पूरा कार्निवल आयोजन नहीं हो सका, लेकिन इसके बावजूद प्रतियोगिता ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

# शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में हिमाचल ने जीता कांस्य पदक

अनंत ज्ञान



**मनाली।** शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में हिमाचल ने कांस्य पदक जीता है। लेह में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल ने पहली बार सफलता पाई है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन प्रदेश के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि हिमाचल टीम ने शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में लड़कों के वर्ग में पहली बार खेलो इंडिया विंटर गेम्स में तीन हजार मीटर रिले रेस में कांस्य पदक जीता है।

टीम के सदस्य दिव्यांश ठाकुर, कौशल ठाकुर, समर्थ अत्री, आशुतोष ठाकुर ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि होनहार खिलाड़ी समर्थ अत्री शिमला से हैं, जबकि अन्य सभी होनहार मनाली से हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल टीम अब 25 से 30 जून तक देहरादून में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। आइस स्केटिंग एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने हिमाचल टीम को बधाई दी। रोशन ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में आइस स्केटिंग को बढ़ावा देने में अमिताभ शर्मा का सराहनीय योगदान रहा है। दूसरी ओर हिमाचल टीम की इस सफलता के लिए मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड सहित पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने स्केटिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रोशन ठाकुर सहित उनकी समस्त टीम व होनहार खिलाड़ियों को बधाई दी है। हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन, आइस स्केटिंग एसोसिएशन इंडिया के साथ मिलकर आइस स्केटिंग के विकास के लिए दीर्घकालिक योजना बनाएगा।

# कटराई में अत्याधुनिक मीटिंग हॉल जनता को समर्पित

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** विकास खंड नग्गर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटराईं में लगभग 25 लाख की लागत से नवनिर्मित मीटिंग हॉल का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विधिवत रूप से रिबन काटकर और पट्टिका का अनावरण कर भवन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार, पंचायत प्रधान गीता ठाकुर, बीडीसी मेंबर पल्लवी कटोच के अलावा पंचायत के वार्ड सदस्य, आदर्श महिला मंडल कटराईं, स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के आरंभ में पंचायत प्रधान गीता ठाकुर ने मुखतिथि को कुल्लवी टोपी पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया उसके उपरांत पंचायत के अन्य सदस्यों द्वारा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय पंचायत सचिव ने नवनिर्मित मीटिंग हॉल की विशेषताएं मुख्यातिथि के समक्ष रखीं उन्होंने बताया कि यह हाल वाईफाई तथा अन्य कई प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित है। सचिव ने टीटीपी के माध्यम से पंचायत द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी उपस्थित लोगों के साथ साझा की।


कटराई के अत्याधुनिक मीटिंग हॉल का लोकार्पण करते हुए विधायक। अनंत ज्ञान

इसके पश्चात खंड विकास अधिकारी मुकेश ने उपस्थित जनता के सामने अपने विचार रखे। लोकार्पण के पश्चात उपस्थिती को संबोधित करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने समस्त पंचायत को बधाई दी और कहा कि कटराईं पंचायत द्वारा इस प्रकार का अत्याधुनिक और सुंदर मीटिंग हॉल बनाकर क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस नए मीटिंग हॉल के बनने से अब स्थानीय लोगों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह मीटिंग हॉल न केवल एक कार्यालय होगा, बल्कि अपनी अत्याधुनिक उपकरण , व्यवस्थित माईक सुविधा तथा कई अन्य विशेषताओं के चलते भविष्य में ब्लॉक लेवल पर होने वाली मीटिंग कटराईं पंचायत के हॉल में आयोजित की जानी चाहिए, जिससे पंचायत की आय में भी वृद्धि होगी। पंचायत द्वारा विधायक के समक्ष 7 लाख रुपए की मांग भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए रखी गई, उसे स्वीकार करते हुए विधायक ने कहा कि अप्रैल 2026 में उनकी इस मांग को पूरा कर दिया जाएगा।

# होटल के कमरे में 18 .80 ग्राम चिट्टे सहित युवक-युवती काबू

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** स्पेशल टास्क फोर्स ने भुंतर के एक निजी होटल में चल रहे काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना पर की गई इस त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने पंजाब के एक युवक और कुल्लू की एक युवती को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों और नकदी के साथ रंगे हाथों दबोचा है।

एसटीएफ कुल्लू को पुख्ता जानकारी मिली थी कि एक होटल के कमरे को नशा तस्करी के लिए बेस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। टीम इंचार्ज हेड कांस्टेबल राजेश राऊपा के नेतृत्व में जब समीर कुमार, अशोक, महेश और महिला कांस्टेबल सरिता ने होटल में दबिश दी, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। पुलिस ने मौके से 18.80 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 1,02,600 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। एसटीएफ के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलावफ थाना भुंतर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



पुलिस अब इस 'सप्लाई चेन' की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। मुख्य जांच इस बिंदु पर टिकी है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और जिला कुल्लू के किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई होनी थी। होटल के कमरे में जोड़ी बनकर रह रहे इन तस्करों का विवरण इस प्रकार है विकास दीप सिंह (23 वर्ष) अमृतसर (पंजाब) के मजीठा रोड का निवासी। पूनम 21 वर्ष कुल्लू के बंदरोल गांव की रहने वाली।

# नेपाली युवक की हत्या मामले में एक आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पर्यटन नगरी मणिकर्ण में छलाल पुल के समीप एक नेपाली मूल के युवक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही थाना मणिकर्ण की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत में मृतक के भाई विक्रम परसाई पुत्र शेर बहादुर परसाई, निवासी नेपाल ने बताया कि विष्णु कुंड के पास छलाल पुल के समीप उसके बड़े भाई रश्म परसाई का शव पड़ा मिला। शव को दबाने की नीयत से मृतक के सीने और पैरों पर पत्थर रखे हुए थे। मृतक की गर्दन, माथे व ठोड़ी पर किसी नुकीली वस्तु से किए गए गहरे कट के निशान पाए गए हैं। एसपी कुल्लू मदन लाल ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में पहले पत्थर से और बाद में बोतल से हमला करने की बात कबूल की है।

## न्यूज ब्रीफ

### गड़सा में 30 को सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने हिप्र हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 5(1) तथा पंचायतीराज सामान्य नियम, 1997 के नियम 9(2) के प्रावधान के तहत जिला कुल्लू के विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत गडसा में 30.01.2026 को विशेष ग्राम सभा बैठक आयोजित करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने यह आदेश ग्राम पंचायत गडसा विकास खंड भुंतर (विधान सभा क्षेत्र बजार) में 30.01.2026 को प्रस्तावित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के मद्देनजर जारी किए हैं।

### 37 ने स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ग्राम पंचायत पीज में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से विशेष दिव्यांगता एवं सहायता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में जिला रेड क्रॉस समन्वयक चंद्रकेश शर्मा और पंचायत प्रधान भुवनेश्वर की देखरेख में पात्र लाभार्थियों की पहचान और सहायता प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में कुल 37 लोग शामिल हुए, जिनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के 11 वरिष्ठ नागरिक और 0-6 वर्ष के 2 बच्चे शामिल थे। 08 व्यक्तियों के पास पहले से कार्ड थे, जबकि 04 नए व्यक्तियों को मेडिकल बोर्ड के लिए चिन्हित किया गया। कुल 13 लोगों को वाकिंग स्टिक (09), श्रवण यंत्र (02), व्हीलचेयर (01) और एल्बो क्रच (01) के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में 4 ऐसे व्यक्ति भी शामिल थे जिनके पास आधार कार्ड नहीं था और वे इसे बनाने में असमर्थ थे। रेड क्रॉस टीम और पंचायत प्रशासन ने उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। पंचायत प्रधान भुवनेश्वर ने कहा कि इस तरह के शिविर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और उन्होंने जिला रेड क्रॉस का आभार व्यक्त किया।

## विंटर कार्निवाल के समारोह में विधायक भुवनेश्वर गौड़ पहुंचे मुख्यातिथि

# सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी ने जीती झांकी प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान

**मनाली।** विंटर कार्निवाल 2026 की झांकी प्रतियोगिता सूर्य संस्कृतिक दल बनोगी जिला कुल्लू ने जीती है।

गुजरात का वोल्कानो ग्रुप दूसरे व उज्जैन की सांस्कृतिक संस्था तीसरे स्थान पर रही है। लगभग महिला मंडलों की झांकी प्रतियोगिता में देवगढ़ महिला मंडल में बाजी मारी है। महिला मंडल अलेऊ दूसरे व महिला मंडल नग्गर तीसरे स्थान पर रहे। सरकारी विभागों की झांकियों में विद्युत विभाग पहले व सामाजिक एवं बाल विकास परियोजना दूसरे स्थान पर रही। विंटर कार्निवाल में महिला मंडलों की फैशन शो प्रतियोगिता ने भी खूब धमाल मचाया। शनाग महिला मंडल पहले, जगतसुख महिला मंडल दूसरे व शरवरी महिला मंडल तीसरे स्थान पर रही। महिलाओं की कुल्लवी महानाटी प्रतियोगिता हिमपात के कारण पूरी नहीं हो पाई। केवल राइट बैंक की महिलाएं ही इसमें भाग ले सकी। स्ट्रीट डांस प्रतियोगिता में सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी पहले, केएस केएस कुल्लू दूसरे व नृत्यांगना कला संगम नग्गर तीसरे स्थान पर रहा। स्ट्रीट प्ले में केएस केएस कुल्लू पहले, सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी दूसरे व हरी हर नंद उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा। क्लासिक डांस में द वरियर कुल्लू पहले, कुल्लूत सांस्कृतिक दल दूसरे व केएस केएस कुल्लू तीसरे स्थान पर रहे।

फैशन शो प्रतियोगिता में केएस केएस कुल्लू पहले,सूर्य संस्कृतिक दल बनोगी दूसरे तथा नृत्यांगना कला मंच नग्गर तीसरे स्थान पर रहे। लोक नृत्य प्रतिभागिता में सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी पहले, केएस केएस कुल्लू दूसरे तथा नृत्यांगना कला मंच नग्गर तीसरे स्थान पर रहे। बॉलीवुड डांस ओल्ड में सूर्य सांस्कतिक दल बनोगी पहले, नृत्यांगना कला मंच नग्गर दूसरे व पीडीएस जम्मू तीसरे स्थान पर रहे।

न्यू में सूर्य सांस्कतिक दल बनोगी पहले, पीडीएस दूसरे व डांस स्टूडियो सुंदर नगर तीसरे स्थान पर रहे। टेलेंट शो में अक्षय फोक डांस ग्रुप पटियाला पहले, डॉ वरियर कुल्लू दूसरे तथा कुल्लू सांस्कृतिक दल कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा। फैशन शो में हरिहरनंद उज्जैन पहले, रुद्रा द अल्टीमेट दूसरे तथा पीडीएस जम्मू तीसरे स्थान पर रहा।

### विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**मनाली** के विधायक भुवनेश्वर गौड़ समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने सभी विजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने महिला मंडलों को प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के लिए मुख्य मंत्री का आभार जताया। एसडीएम।मनाली रमण कुमार शर्मा ने कार्निवाल में सहयोग देने वालों का आभार जताया।

# माइनस डिग्री तापमान में भी कम नहीं हुआ जोश

## लाहौल-स्पीति में गणतंत्र दिवस पर आरएस बाली ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान

**केलांग।** माइनस डिग्री तापमान और बर्फ की सफेद चादर से ढके हुए जिला लाहौल-स्पीति मुख्यालय केलांग में 77वां गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड उपाध्यक्ष, आरएस बाली ने की।

सर्वप्रथम उन्होंने देश की आन बान शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर, भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी का दिन हम सभी देशवासियों के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश के उन महान सपूतों व देशभक्तों का भी समरण किया, जिन्होंने देश को आजादी दिलवाने में अनेक कुर्बानियां दीं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा, एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए शहीद हुए सभी वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और कहा कि हिमाचल प्रदेश देव भूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में 11 दिसंबर, 2022 से जन सेवा का दायित्व उठाया है और हमने जनसेवा को सरकार का मूल मंत्र बनाया है। आत्मनिर्भर हिमाचल-समृद्ध हिमाचल बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने सेवाकाल के तीन साल पूरे किए हैं, जो कि प्रदेश के समग्र विकास और सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम जनता के हित में नई नीतियां और योजनाएं लेकर आई है और प्रदेश के हित को सर्वोपरि रखते हुए सरकार ने कई कड़े फैसले लिए जिनके सुखदायी परिणाम आना शुरू हो गए हैं। भविष्य में जिला लाहौल-स्पीति में पर्यटन के क्षेत्र में एडीबी के माध्यम से एक स्पेशल पैकेज प्रदान किया जाएगा। पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न पाठशालाओं के विद्यार्थियों व महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें मुख्यातिथि द्वारा समानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस, जल शक्ति, बिजली विभाग व अन्य विभागों में बहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यातिथि द्वारा प्रशंसा पत्र देकर समानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा जिला के 22 किसानों को जमीन के पट्टे भी प्रदान किए गए।



**आयोजन** कुल्लू जिले में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, शिक्षा मंत्री ने फहराया तिरंगा

# सरकार ने पहले दिन से ही जनसेवा को बनाया मूल मंत्र

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिला में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में कुल्लू के ढालपुर मैदान में जहां जिला स्तरीय 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा भव्य परेड की सलामी ली। वहीं, हिमाचल पुलिस, आईटीबीपी, महिला पुलिस टुकड़ी, होमगार्ड्स, वन एचपी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू, 2 एचपी एनसीसी मंडी, एनएसएस कॉलेज कुल्लू, रेंजर द भारत स्काउट एंड गाइड कुल्लू, भारत गाइड, स्काउट्स, जूनियर रेड क्रॉस गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुल्तानपुर, एनसीसी गर्ल्स सुल्तानपुर, आपदा मित्र तथा होमगार्ड्स बैंड की टुकड़ियों ने अनुशासनबद्ध एवं आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। शिक्षा मंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य बना।


जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्री सराहनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा सीमा पर तैनात जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले दिन से ही जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाया है और इसी भावना के साथ हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान एनसीसी एयर विंग द्वारा ड्रोन शो सहित विभिन्न विद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटिका और हिमाचली लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। समारोह में कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां सहित उपायुक्त तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक मदन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भुट्टिको में रही गणतंत्र दिवस की धूम

**देश** की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टिको में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर भुट्टीको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागबानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आज के दिन देश में संविधान लागू हुआ था। संविधान देश का एक ग्रंथ है, जिससे देश चलता है। देश को आजादी दिलाने वाले वीरों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हम चंद्र शिखर आजाद, भगत सिंह सुभाष चंद्र बोस व अन्य कई वीरो को याद करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी। इसी तरह भुट्टीको सहकारी सभा जिसका नाम आज पूरी दुनिया में है, इसको यहां तक पहुंचाने के लिए सभा की आत्मा स्वर्गीय ठाकुर वेदराम को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर निदेशक मंडल के सदस्य मदनलाल आत्माराम इंदिरा देवी, मुख्य महाप्रबंधक सुरती देवी, महाप्रबंधक दिनेश ठाकुर, एसडीओ अनुज ठाकुर, पूर्व एमडी ब्रह्म स्वरूप ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर अन्य सभा के अधिकारी, कर्मचारी, बुनकर सदस्य गण व बच्चे उपस्थित रहे। उधर, आनी, बंजार व मनाली में भी गणतंत्र दिवस मनाया।

### एनएचपीसी चरण दो व तीन में मनाया गणतंत्र दिवस

**एनएचपीसी** लिमिटेड की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 के नगवाई स्थित कार्यालय परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह का शुभारंभ परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज लहराने के साथ हुआ। इस अवसर पर सिंह ने परियोजना की सुरक्षा में तैनात पूर्व सैनिकों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली और सभी उपस्थित कार्मिकों, सुरक्षागार्डों, महिलाओं और बच्चों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने पार्वती-॥ जलविद्युत परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की एक प्रमुख परियोजना बताया। हिमाचल प्रदेश में एनएचपीसी द्वारा कुल 6 पावर स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 2571 मेगावाट है। इसमें 800 MW की पार्बती चरण-॥ परियोजना भी शामिल है, जो इसी वर्ष से संचालन में आई है।कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, कार्मिक, संविदाकर्मी, प्रशिक्षु और उनके परिवारजन बडी संख्या में उपस्थित रहे। उधर, एनएचपीसी चरण 3 में भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

### 100 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रघुनाथ फाउंडेशन एवं रघुनाथ हॉस्पिटल कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नग्गर में एक मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राग स्टूडियो से जुड़े सोशल मीडिया हस्तियों एडवोकेट गोपाल शर्मा एवं जॉनी आचार्य द्वारा किया गया। शिविर में रघुनाथ हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें निम्नलिखित विशेषज्ञ शामिल रहे। जिनमें डॉ. संजय सहाय (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ. ललिता बंसल (स्त्री रोग एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन),डॉ. नासिर अली (जनरल एवं एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन),डॉ. गीता कौल (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी),डॉ. जतिन कश्यप (चिकित्सा अधिकारी), शिविर में स्त्री रोग, हड्डी रोग, बाल रोग, जनरल मेडिसिन और शल्य चिकित्सा से संबंधित परामर्श, जांच एवं उपचार निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। साथ ही मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। स्थानीय लोगों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और 100 से अधिक मरीजों ने इसका लाभ उठाया।

# पेंशनर्स की सभी वित्तीय देनदारियों का जल्द करें भुगतान : एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से गणतंत्र दिवस पर कुल्लू में मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को संघ का पांच सूत्रीय 'मांगपत्र' सौंपा।

प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि शिक्षा मंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की संशोधित वेतनमान की सभी लंबित वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान करने, एक जुलाई 2023 से देय मंहगाई भत्ते की पांच किस्तों का लंबित 13 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जल्द जारी करने, जनवरी 2022 से देय करीब 120 महीनों के मंहगाई भत्ते के बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान करने, पेंशनरों के मेडिकल बिलों के एकमुश्त भुगतान के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करने तथा जिला कुल्लू सहित सभी जिला मुख्यालयों में 'पेंशनर भवन' के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने की प्रमुखता से मांग की गई। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस बाबत मुख्यमंत्री सुक्खू से बात करेंगे और पेंशनर्स की सभी वित्तीय देनदारियों का भुगतान करने की अनुशंसा करेंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, एसपी सागर, सुरेश कुमार शर्मा, तेजा सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) चिंतपूर्णा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, मनाली खंड के अध्यक्ष नील चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलम चंद, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव खेमसिंह हांडा, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत शर्मा, शहरी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, महासचिव भगतराम ठाकुर, बंजार खंड के महासचिव शेर सिंह ठाकुर, डोले राम, अशोक कुमार, हरिचंद, अर्चना शर्मा सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अद्रित्य रॉय प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू के दस विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय, सुबाथू में आयोजित 'ऑपरेशन सिंदूर व राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर आधारित प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में अद्रित्य रॉय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृषिव गर्ग ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### अर्की में रही गणतंत्र दिवस समारोह की धूम

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** 77वें गणतंत्र दिवस उपमंडल स्तरीय समारोह अर्की के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की के प्रांगण में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम अर्की निशांत तोमर द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण व विभिन्न टुकड़ियों द्वारा दी गई सलामी लेकर किया गया। परेड में पुलिस, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व अन्य टुकड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसडीएम निशांत तोमर ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी, भारत के इतिहास में एक ऐसी तारीख है, जब भारतीय गणतंत्र की नींव रखी गई, इसी दिन सन् 1950 को स्वतंत्र भारत देश ने अपने संविधान को अपनाया था। उन्होंने देश व प्रदेश के महान सपूतों व देशभक्तों को नमन किया, जिन्होंने देश को स्वाधीनता दिलवाने में कुर्बानियां दी। साथ ही उन्होंने नशे के खिलाफ मुहिम चलाने का आह्वान किया। इस मौके पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली स्टूडेंट्स के साथ स्वतंत्रता सेनानियों के पत्नियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी नवीन झालटा, नगर पंचायत प्रधान अनुज गुप्ता, रावमापा छात्र अर्की के प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे।

### सीएम राहत कोष में दिया 5 हजार का अंशदान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के नेहर बाग निवासी मोती लाल पुत्र खोरा राम ने हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच हजार रुपए का अंशदान देकर एक पुनीत कार्य किया है। इस सहायता राशि का ड्राफ्ट मोतीलाल ने एसडीएम राजगढ़ को भेंट किया है। एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने मोती लाल के इस सराहनीय व जनहितकारी कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में इस प्रकार का सहयोग पीड़ितों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने मोती लाल के सामाजिक उत्तरदायित्व व संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे योगदान समाज के अन्य लोगों को भी जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में चडयू की टीम बनी विजेता




**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के मिल्ला गांव के ऐतिहासिक खेल मैदान में 12वीं शिरगुल क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन हुआ। इस समापन समारोह के मुख्यातिथि पूर्व प्रधान व समाजसेवी भवान सिह चौहान रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों व क्षेत्र समाज के युवाओं से नशे से दूर रहने का विशेष अनुरोध किया। उन्होंने युवाओं द्वारा क्यारी गुन्डाह से नाहन तक 121 किलोमीटर पैदल यात्रा, जो नशे के खिलाफ सिरमौर जोड़ों यात्रा रही। उन सभी बुद्धिजीवियों का आभार व्यक्त किया। चौहान ने शिरगुल क्रिकेट क्लब के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपए की एक बड़ी राशि भेंट कि तो वहीं विशिष्टातिथि रहे प्रसिद्ध व्यवसाई सतपाल ठाकुर ने भी शिरगुल क्रिकेट क्लब के लिए 21 हजार रुपए की राशि भेंट की। वहीं, विशेष विशिष्टातिथि रहें युवा व्यवसाई पपेंद्र ठाकुर ने भी क्लब के लिए 21 हजार भेंट किए और 21 हजार शिरगुल मंदिर निर्माण मिल्ला के लिए समर्पित किए। विक्की ठाकुर भारतीय सेना ने भी 5100 रुपए क्लब को दान किए। वहीं, स्थानीय जनता ने भी आर्थिक रूप से सहयोग किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम चडयू को एक लाख 31 हजार रुपए और चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई और उपविजेता को 65 हजार ट्राफी और मेन आफ द सीरीज को 31 सौ रुपए आदि अनेक पुरस्कार प्रदान किए गए।

### पाइनग्रोव स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर व सूबाथू में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राएं ध्वज स्तंभ के निकट पंक्तियों में एकत्रित हुए। समारोह की शुरुआत धर्मपुर में मुख्यातिथि संजय चौहान और सूबाथू में मुख्यातिथि हेड ऑफ स्कूल कैप्टेन रेणु शर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। इसके पश्चात राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया। इससे पूरा परिसर सम्मान व एकता के भाव से भर उठा हुआ। पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में कक्षा दसवीं की राव्या व मनस्वी नेगी ने और पाइनग्रोव स्कूल, सूबाथू में कक्षा बारहवीं की वेदांशी बुंदेला और कीरत अरोड़ा ने इस उपलक्ष्य पर प्रस्तुत द्विभाषीय भाषण में संवैधानिक मूल्यों और नागरिक पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में कार्यक्रम का समापन संजय चौहान व पाइनग्रोव स्कूल, सूबाथू में हेड ऑफ स्कूल कैप्टेन रेणु शर्मा के स्पष्ट तथा प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। इसमें उन्होंने अनुशासन, ईमानदारी व नागरिक दायित्वों पर बल देते हुए विद्यार्थियों को मूल्यों से जुड़े रहने, संविधान का सम्मान करने तथा राष्ट्र की प्रगति में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### सोलन में 28 को होगा कार्यक्रम : शैलेंद्र गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा द्वारा लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत सोलन में 28 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, डॉ. राजीव बिंदल मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। सोलन शहरी भाजपा मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष शाम 4 बजे रेस्ट हाउस सोलन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। भाजपा देशभर में 'एक व्यक्ति एक पहचान एक वोट' के संकल्प के साथ एसआईआर अभियान को जन-जन तक पहुंचा रही है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, निष्पक्ष व त्रुटिरहित बनाना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला सोलन द्वारा लोकतंत्र के समर्थन में एक प्रतीकात्मक मानव श्रृंखला भी बनाई जाएगी। यह मानव श्रृंखला शाम 5:30 बजे सोलन की माल रोड पर बनाई जाएगी, जिसकी अनुमानित लंबाई लगभग 1 किलोमीटर होगी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एक हाथ से एक हाथ जोड़कर लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शी मतदान व्यवस्था व फर्जी मतदान के खिलाफ अपना संकल्प प्रदर्शित करेंगे।

### गणतंत्र दिवस पर अनेक विभूतियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेहरू ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में तहसीलदार पच्छाद प्रवीण कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा एनसीसी व पुलिस जवानों की परेड की सलामी ली। उन्होंने इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले जननायकों एवं स्वतंत्रता सैनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। समारोह में पझौता क्षेत्र की मेघा कंवर को एचएएस परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हरिपुरधार बस हादसे में त्वरित सेवाएं देने वाले 108 एंबुलेंस कर्मियों, विकास कार्यों में अग्रणी पंचायत प्रधानों, मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देने वाले दानदाताओं तथा घायलों को निशुल्क सुविधा देने पर टैक्सी यूनियन राजगढ़, पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर दो पत्रकारों नितिन भारद्वाज और गोपाल दत्त शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राजगढ़ सुशांत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी, वार्ड पार्षद सुमन चौहान, दिनेश आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम खेड़ा सहित अन्य गणमान्य लोग, अभिभावक व स्थानीय जनता मौजूद रहे।

# सोलन में बारिश से जनजीवन प्रभावित

## जिला शीतलहर की चपेट में, सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों में लौटी रौनक

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में भी बारिश होने से तापमान में गिरावट आई।

सर्द हवाओं के चलने से समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। पर्यटन नगरी चायल व कसौली में बर्फबारी होने के बाद अब जिला मुख्यालय सोलन में भी लोगों को बर्फबारी की उम्मीद है। वहीं, बारिश और बर्फबारी से किसान-बागवानों के चेहरे खिल चुके हैं। हालांकि, ठंड से जनजीवन भी पूरी तरह से ठप हो चुका है। बारिश से शहर के कई हिस्सों में लोगों को बिजली की आंख मिचौनी का भी सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में बिजली गुल रहने से लोगों को सर्द मौसम में परेशानी झेलनी पड़ी। चायल सहित उपमंडल के कई क्षेत्रों में बारिश, हवाओं और ठंड से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है।



सोलन में बारिश के बाद जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त। अनंत ज्ञान

### सूखी ठंड से मिली निजात

**जिला** मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों सूखी ठंड से निजात मिली है। सूखी ठंड से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे थे। वहीं, बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश जरूर हैं पर वे जल्द तैयार होने वाली सब्जियों सहित सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं। वहीं, अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौधे लगाने की आसानी होगी। गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों की बिजाई वाले क्षेत्रों में बारिश संजीवनी साबित होगी।

### किसान-बागवानों के चेहरों पर लौटी रौनक

**लंबे** समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट आई। वहीं, मौसम का मिजाज बिगड़ने से समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है। जिले के कसौली और चायल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की स्थिति में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों की माने तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हो चुका है। उसकी भरपाई नहीं होगी पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फलदार पौधों के लिए फायदेमंद है।

### फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों व फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले तीन माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिला सोलन में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिले में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में हैं। जिला कृषि विभाग सोलन उपनिदेशक डॉ. देवराज कश्यप के मुताबिक इस रबी सीजन में ड्राई स्पेल के दौरान ही फसलों को खासा नुकसान हुआ है। गैर सिंचित क्षेत्र में अब गेहूं की बिजाई फायदेमंद नहीं है। किसान जल्द तैयार होने वाली फसल जैसे सूरजमुखी आदि की बिजाई कर सकते हैं।

# रात के अंधेरे में 12 हरे खैर काटे, तड़के कार्रवाई में एक आरोपी काबू, चार फरार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के सकेती इलाके में खैर के जंगलों को निशाना बनाकर सक्रिय वन माफिया के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हरियाणा से घुसपैठ कर रात के समय अवैध कटान में जुटे माफिया पर तड़के शिकंजा कसते हुए विभाग की टीम ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

वन विभाग को माफिया की गतिविधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर विभाग ने रणनीति बनाते हुए सुबह करीब चार बजे सकेती गांव के समीप नाकेबंदी की। इसी दौरान एक आरोपी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पल्होड़ी गांव निवासी आबिद के रूप में हुई है। आरोप है कि इस गिरोह ने जंगल क्षेत्र में 12 हरे खैर के पेड़ों को काट डाला। इन पेड़ों की कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क में कुल छह लोग शामिल थे, जिनमें चार हरियाणा व दो हिमाचल प्रदेश के बताए जा रहे हैं। गिरोह का सरगना भी पल्होड़ी गांव का बताया गया है, जबकि टेंपो चालक हरियाणा के नगली गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार, जहां खैर के पेड़ों की कटाई की गई, वह निजी भूमि है, जिसकी किस्म जंगल झाड़ी दर्ज है। इसी भूमि पर पहले भी अवैध कटान हो चुका है, जिसकी शिकायत भूमि मालिक द्वारा पुलिस को दी गई थी। भूमि मालिक के मौके पर न रहने का फायदा उठाकर माफिया लगातार रात के अंधेरे में बेशकीमती खैर की लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। इस कार्रवाई में बीओ इंतजार अली, बीओ राजेश, नाहन रेंज के फॉरेस्ट गार्ड गौरव मोहन, त्रिलोकपुर रेंज के फॉरेस्ट गार्ड नायब सिंह, सुनील कुमार, बलजीत, केवल कृष्ण और वन मित्र शामिल रहे। मौके पर डीएफओ (प्रोबेशनल) भी पहुंचे और हालात का जायजा लिया। डीएफओ नाहन अवनी भूषण राय ने कहा कि मामले में नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। वन माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और पुलिस को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।

# आमजन की समस्याओं का निवारण सुनिश्चित बनाएं

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं का निवारण समयबद्ध करना सुनिश्चित बनाएं। डॉ. शांडिल जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में अधिकारियों व कर्मचारियों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित बनाएं कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके ताकि उनका जीवन सरल बने। स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ग्रामीणों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टि से चिन्हित स्थानों पर सर्विस रोड बनाएं तथा पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध करें। उन्होंने अधिकारियों को चिन्हित स्थानों पर फुटब्रिज बनाने के निर्देश भी दिए। सामाजिक न्याय व


बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

अधिकारिता मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शहर की सभी सब्जियों की दुकानों में रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर पानी का व्यापार करने वालों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने धर्मपुर खंड की ग्राम पंचायत भागुड़ी में बागवानी विभाग के भवन निर्माण के लिए मामला निदेशालय भेजने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डॉ. शांडिल ने संबंधित अधिकारियों को शहर में सीवरेज प्रणाली की योजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए, ताकि इस कार्य को जल्द आरंभ कर लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी मार्ग पर जल निकासी के निर्माण के उपरांत ही उपयोगिता प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित बनाएं ताकि पानी की निकासी सुचारू बनी रहे। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कथेड़ में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण कार्य को अप्रैल, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौणी की औपचारिकताएं पूर्ण कर इसका निर्माण कार्य जल्द आरंभ हो जाएगा। वन मंडल सोलन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा रोपित पौधों की देखभाल व संरक्षण सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र की वन संपदा को और अधिक बढ़ाया जा सके।

# जुब्बड़ जूनियर की टीम ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए 10 रनों से जीता पहला मैच

अनंत ज्ञान



**अश्वनी शर्मा, कसौली।** उपमंडल के जुब्बड़ गांव में नेहरू युवा क्लब जुब्बड़ द्वारा वीएमएच मेमोरियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज किया गया। इस प्रतियोगिता में कसौली के युवा नेता और हिमाचल प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के वाइस चेयरमैन दिग्विजय कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि को क्लब के सदस्यों द्वारा शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पॉपुलर क्रिकेट ग्राउंड में युवा नेता दिग्विजय कश्यप ने समस्त क्लब, खिलाड़ियों के साथ ध्वजारोहण किया।

दिग्विजय कश्यप ने कहा कि आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिताओं के जरिए ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है, वहीं खिलाड़ी में अनुशासन देखने को मिलता है। उन्होंने आयोजक समिति को अपनी तरफ से 11000 रुपए की राशि भेंट की। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला खजरेट और जुब्बड़ जूनियर के बीच खेला गया। जिसमें जुब्बड़ जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 101 रन बनाएं। इसमें जुब्बड़ जूनियर की टीम ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 रनों से जीत अपने नाम की। आयोजक समिति के सदस्य मोहित कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 32 टीमें भाग ले रही है।

# पेड़ से टकराई कार युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक घटना जिले के कुनिहार थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान शिमला जिले के बनूटी गांव निवासी आहना चैटर्जी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार देर शाम को चालक आकाश ठाकुर युवती आहना चैटर्जी के साथ कोठी चौक से पुराने बस अड्डा कुनिहार की ओर जा रहा था। इस दौरान वाहन की गति अत्यधिक तेज थी और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल लोगों को तुरंत सिविल अस्पताल कुनिहार पहुंचाया गया, लेकिन यहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

# सराहां में एसडीएम डॉ. प्रियंका चंद्रा ने ध्वजारोहण कर ली मार्चपास्ट की सलामी

अनंत ज्ञान




**संजय राजन, सराहां।** उपमंडल पच्छाद में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपमंडल में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, उपमंडल पच्छाद के मुख्यालय सराहां में एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने ध्वजारोहण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस अवसर पर यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर व व्यापर मंडल सराहा के सदस्यों ने प्रशासन द्वारा गत 25 जनवरी से प्रारंभ की गई चिट्टा विरोधी मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए युवाओं व स्थानीय लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा के समक्ष अपने अभियान का शुभारंभ किया व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिला कर समाज से चिट्टे रूपी राक्षस को जड़ से उखाड़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष वेटरन संजय राजन, वेटरन प्रीतपाल ठाकुर, वेटरन प्रमोद गौतम, वेटरन मदन स्वरूप, वेटरन सुरेंदर पुंडीर, वेटरन देविंदर शर्मा, वेटरन श्याम लाल शर्मा व व्यापार मंडल सराहा के अध्यक्ष कुणाल गर्ग, गुरुमोहन दास, रमेश दत्त पराशर, तरुण खुराना, देश राज, अंजली धीमान, सक्षम आदि ने संयुक्त रूप से प्रशासन के इस अभियान में अपना सहयोग करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार पच्छाद रशीद अहमद, बीडीओ पच्छाद, एसएचओ पच्छाद, कमांडेंट होम गार्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर देश का 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संविधान और देश की एकता-अखंडता के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया। जिला सोलन पूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा दाड़लाघाट के कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बड़े गर्व व सम्मान के साथ फहराया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान सूबेदार मेजर मनशा राम भट्टी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बीआर भाटिया, लीग प्रधान कैप्टन हीरा लाल सहित अन्य रैंक के पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी ने देश की एकता, अखंडता व संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। नेहरू युवक मंडल मलावन, महिला मंडल मलावन व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गांव मलावन में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

# चौगान में पठानिया ने ध्वज फहराकर परेड की ली सलामी

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** 77वें गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह नाहन के ऐतिहासिक चौगान में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की।

कार्यक्रम का आगाज विधानसभा अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड द्वारा दी गई सलामी लेकर किया गया। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, सहित विभिन्न स्कूलों की 16 टुकड़ियों ने भाग लिया। इस परेड का नेतृत्व पुलिस उप निरीक्षक अच्छर सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी, भारत के इतिहास में एक ऐसी तारीख है, जब भारतीय गणतंत्र की नींव रखी गई, इसी दिन सन् 1950 को स्वतंत्र भारत देश ने अपने संविधान को अपनाया था, जिसके साथ भारत सही अर्थो में गणतंत्र बना। उन्होंने देश व प्रदेश के महान सपूतों व देशभक्तों को


जिला स्तरीय समारोह में मार्च पास्ट की सलामी लेते विधानसभा अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

नमन किया, जिन्होंने देश को स्वाधीनता दिलवाने में कुर्बानियां दी। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि आज के दिन हम सब देशवासी उन सभी दूरदर्शी जन नायको का कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हैं, जिन्होंने हमारे भव्य व प्रेरक संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों को स्वीकार करते हुए प्रदेश सरकार ने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नए संसाधनों के सृजन पर बल दिया है। संसाधनों के सही इस्तेमाल से राज्य को पिछले 3 वर्षों में 26 हजार 683 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई है। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. यशवंत सिंह परमार स्मारक व शहीद स्मारक पर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें रीत व पुष्पांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम में जिला सिरमौर में उत्कृष्ट कार्य कर अपना अहम योगदान देने के लिए 29 पुलिसकर्मियों, 3 वन विभाग कर्मी, रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष जैन, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक नाहन अजय सोलंकी, सचिव विधानसभा यशपाल शर्मा, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी, पूर्व विधायक अजय बहादुर, सहित विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आयोजन** डॉ. शांडिल ने ठोडो मैदान में की जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता

# प्रदेश सरकार समृद्ध हिमाचल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र अपनाकर समृद्ध हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. शांडिल ऐतिहासिक ठोडो मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, गृहरक्षा, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं अन्य द्वारा आयोजित भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली। पुलिस उपनिरीक्षक संजीव ने परेड का नेतृत्व किया। इस वर्ष की परेड में ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित आपदा मित्र ने पहली बार भाग लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। सैनिक कल्याण मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देश एवं प्रदेश वासी उन असंख्य वीरों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेंगे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए


सोलन में आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए। अनंत ज्ञान

अपने प्राण न्यौछावर किए। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण आर्थिकी, स्वास्थ्य पर्यटन और रोजगार सृजन के माध्यम से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

विकास के यही मूल आधार प्रदेश को समृद्धि की ओर अग्रसर कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में 400 चिकित्सकों और 600 नर्सो के पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनेक वित्तीय कठिनाइयों के साथ भी प्रदेश सरकार विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर पर बेहतर रोजगार तथा उपयुक्तता के अनुरूप स्वास्थ्य एवं साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टे जैसे नशे को समाप्त करने के लिए सघन अभियान कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्वास्थ्य मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया। अर्की के विधायक संजय अवस्थी, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चंद बरमानी, बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नगर निगम सोलन के पार्षदगण, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक जतिन साहनी, कर्नल संजय शांडिल, उपमहाधिवक्ता रोहित शर्मा, नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल ठाकुर, रमेश ठाकुर, सुरेंद्र सेठी, शिव कुमार, संजीव ठाकुर, अजय वर्मा, विकास काल्टा, मोहन मेहता, अन्य वरिष्ठ नेता, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, नगर निगम की आयुक्त एकता कापटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार चंदेल, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति तथा अन्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को नवाजा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कर्नल डॉ. शांडिल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अन्हेच के प्रधानाचार्य निशी कांत को राज्य स्तरीय मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सम्मानित किया। वहीं, डीपीई राजकुमार को बास्केटबॉल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रशिक्षण व सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया गया। राजकीय महाविद्यालय सोलन की छात्रा दिव्यांशी शर्मा को लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित 'नो योर लीडर कार्यक्रम' सहित विभिन्न राष्ट्रीय युवा कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। इसी महाविद्यालय के छात्र कनिष्क शर्मा को श्रीलंका में आयोजित राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में देश का प्रतिनिधित्व करने, अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने तथा नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास फाउंडेशन के महासचिव आशीष विश्वास को वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा एवं नालागढ़ क्षेत्र में आपदा के समय सराहनीय सेवाओं व सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए सम्मानित किया।

विजय भट्टी को 49 बार रक्तदान करने के लिए सम्मान मिला। जिला रेडक्रॉस समिति सोलन के रोगी वाहन चालक सुरेन्द्र शर्मा को निरंतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिला पुलिस थाना सोलन की प्रभारी कविता को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सम्मानित किया गया। उपनिरीक्षक दलीप सिंह, नवीन कुमार तथा विशेष जांच इकाई की टीम को नशा तस्करी के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न थानों में कार्यरत पुलिस कर्मियों को भगोड़ों की गिरफ्तारी और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया गया।




# एसवाईएल पर बैठक करके लोगों को गुमराह कर रही हरियाणा व पंजाब सरकार : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एसवाईएल के मुद्दे को लेकर हरियाणा के सीएम व पंजाब सीएम द्वारा वार्तालाप करने को लेकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि हरियाणा व पंजाब सरकार का वार्तालाप करना बेमायने है। लोगों को बहकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2002 में सुप्रीम कोर्ट में फैसला हो चुका था।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 2016 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया। उस समय तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने सभी पार्टियों के साथ मीटिंग की और मिलकर निर्णय लिया कि राष्ट्रपति व पीएम से मिलेंगे। राष्ट्रपति से मिले थे और पीएम से मिलाने की जिम्मेदारी मनोहर लाल की थी, जो आज तक नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि मीटिंग में गृहमंत्री राजनाथ सिंह आए थे और उस गृहमंत्री से सवाल किया कि इसमें क्या हो सकता है। उस समय निर्णय लिया कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दे दिया है और एसवाईएल नहर खुदनी चाहिए। जब फैसला हो चुका है तो अब वार्ता करने का क्या मतलब है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एसवाईएल मामले में पंजाब सरकार पर कोर्ट की अवमानना का केस करना चाहिए। पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश नहीं मान रही। जब सुप्रीम के निर्णय को भी पंजाब नहीं मान रहा तो किसकी मानेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा व केन्द्र में भाजपा की सरकार है, इसे लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नौ साल में भाजपा ने क्या कर लिया। सरकार की नीयत सही नहीं है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा डी पार्क स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सरकार द्वारा बजट को लेकर विपक्ष से सुझाव मांगने को लेकर भी पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि बजट को लेकर सरकार ने सुझाव मांगे हैं, लेकिन सुझाव नहीं देंगे बल्कि विधानसभा में सीधे सवाल पूछेंगे। पहले जब भी सुझाव दिए है, विधानसभा में उन पर कोई बातचीत नहीं करते। इसलिए सरकार की मीटिंग में कोई भी कांग्रेस विधायक नहीं जाएगा। विफलताओं को छुपाने के लिए सरकार मीटिंग बुलाती है। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि इनेलो तो भाजपा की बी टीम है। पहले कांग्रेस कह रही थी और अब तो खुद भाजपा के नेता बोल रहे हैं। हरियाणा में आज घोटालों की सरकार चल रही है। रोजाना नए नए घोटाले उजागर हो रहे है। इस अवसर पर विधायक बीबी बतरा, शंकुतला खटक, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, सुभाष बतरा, बलवान सिंह रंगा, कुलदीप केडी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दुबई में उत्तराखंड की पहचान बने दविंदर कोरंगा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तराखंड के बागेश्वर जनपद से ताल्लुक रखने वाले दविंदर कोरंगा आज दुबई में न केवल एक सफल और सम्मानित नाम हैं, बल्कि वे प्रवासी भारतीयों विशेषकर उत्तराखंडवासियों के लिए आशा, सहयोग और सेवा का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 1993 में दुबई पहुंचे दविंदर कोरंगा ने अपने जीवन की शुरुआत एक सामान्य नौकरी से की थी। सीमित संसाधन, नई संस्कृति और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर परिश्रम, ईमानदारी और सामाजिक सोच के बल पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की। कड़ी मेहनत व दूरदृष्टि के कारण दविंदर कोरंगा ने दुबई में न केवल व्यावसायिक सफलता हासिल की, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने दुबई में एक पंजीकृत सामाजिक संस्था की स्थापना की, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों, विशेषकर उत्तराखंड से आए लोगों को सहयोग, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करना रहा है। जब भारत के पूर्व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज दुबई दौरे पर पहुंचे, तब भी दविंदर कोरंगा की सामाजिक सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को विशेष रूप से सराहा गया।

# चंडीगढ़ में सीनियर सिटीजन्स के लिए कर्म योग व साइबर सुरक्षा पर ज्ञानवर्धक कार्यक्रम

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** सोसायटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन ने ग्लोबल एलायंस फॉर राइट्स एंड ड्यूटीज के सहयोग से चंडीगढ़ के सेक्टर 27 स्थित कम्युनिटी सेंटर में एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दो प्रमुख सत्र आयोजित किए गए 'कर्म योग, अ की टू हैप्पी, पीसफुल लाइफ' और 'साइबर स्मार्ट टिप्स फॉर सीनियर सिटीजन्स। इस सत्र को सेक्टर 27 डी की सीनियर सिटीजन्स एसोसिएशन के समर्थन प्राप्त था। कर्म योग सत्र का नेतृत्व चितकारा स्कूल ऑफ मेरीटाइम स्टडीज के वाईस प्रिंसीपल जसजीत सूरी ने किया।

इसमें भगवत गीता से समयातीत ज्ञान पर प्रकाश डाला गया। इसमें बिना आसक्ति के कर्तव्य, सफलता व असफलता में संतुलन, सच्ची शांति और खुशी के लिए मानसिक स्थिरता पर जोर दिया गया। साइबर स्मार्ट सत्र का संचालन पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के वकील देव्यांश अरोड़ा ने किया। इसमें सीनियर सिटीजन्स के लिए आवश्यक साइबर सुरक्षा टिप्स प्रदान किए गए, जैसे कि ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ साझा न करना, अज्ञात लिंक्स से बचना, और साइबर धोखाधड़ी की तुरंत रिपोर्ट करना।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ज्ञान सिंह, एसएचओ पुलिस स्टेशन सेक्टर 26, और सम्मानित अतिथि पीपी जैन चेयरमैन, दलजीत सिंह जनरल सेक्रेटरी सीनियर सिटिजन्स एसोसिएशन और शिखा निजहावन प्रेसीडेंट, नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन उपस्थित थे। आयोजकों जसज्योत सिंह अलमस्त और लवलीन कौर ने सीनियर सिटीजन्स के भावनात्मक स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा के लिए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यमुनानगर जिले के हमीदा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति पर चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगा है। समय रहते बच्ची के पिता के पहुंचने से एक बड़ा अपराध टल गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पीड़िता के पिता का परिचित था और अक्सर उनके घर आता-जाता था। इसी भरोसे का लाभ उठाते हुए उसने बच्ची को खिलाने का बहाना बनाया और अपने घर ले गया। देर रात तक बच्ची के घर न लौटने पर पिता उसे तलाशते हुए आरोपी के घर पहुंचे, जहां कथित रूप से बच्ची के साथ आपत्तिजनक हरकत की जा रही थी। बच्ची के पिता को देखते ही आरोपी घबरा गया और मौके से फरार हो गया। इसके तुरंत बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवार एक प्लाईवुड फैक्टरी में काम करता है और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। आरोपी की पहचान शंभू नाथ मंडल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से ओडिशा के बालेश्वर जिले का रहने वाला है और वर्तमान में यमुनानगर की एक प्लाईवुड फैक्टरी में कार्यरत था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एएसआई सूदेश के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### हरियाणा में अपराध का बोलबाला: अर्जुन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सिरसा जिले की रानियां विधानसभा से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में अपराधों का बोलबाला हो गया है। इसमें नया गैंगस्टर्स का गिरोह भी सक्रिय हो गया है, जो उद्योगपतियों से फिरौतियां मांगता है। सरकार इन पर अंकुश लगाने में पूरी तरह असमर्थ रही है। विधायक अर्जुन चौटाला मंगलवार को सिरसा में पार्टी के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चौटाला ने कहा कि आज सरकार की जनविरोधी नीतियों का ही परिणाम है कि किसानों को अपने खेतों को सिंचित करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। महंगे होते बीजों व कृषि उपकरणों के चलते किसानों को पूरी तरह से आर्थिक दिक्कतें दरपेश आ रही हैं, मगर भाजपा सरकार स्वयं को किसान हितैषी बताती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ आंचलिक कार्यालय में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ स्थित अपने आंचलिक कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति के उत्साह व गरिमामय वातावरण में मनाया।

यह समारोह अरविंद कुमार, आंचल प्रमुख के नेतृत्व में तथा राम कुमार यादव, क्षेत्रीय प्रमुख चंडीगढ़ संदीप कर, सीआईए एवं जीके बंटी, सहायक महाप्रबंधक, पंचकूला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने व राष्ट्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिवारजन, सुरक्षा कर्मी, पुलिस अधिकारी तथा आसपास की शाखाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभा को संबोधित करते हुए आंचल प्रमुख ने गणतंत्र दिवस व भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोकतंत्र व समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर बल दिया। अधिकारी-कर्मचारियों व उनके बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और अधिक रंगारंग बना दिया। समारोह के अंत में पुलिस कर्मियों, सशस्त्र सुरक्षा गार्डों एवं बैंक कर्मचारियों को उनकी निष्ठावान सेवा व समाज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# हरियाणा में निगम चुनाव लड़ेगी 'आप'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में निगम चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आप यह चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ेगी। आप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी हरियाणा की जनता के लिए एक स्वाभाविक और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभर रही है। इससे पूर्व सुबह चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित हरियाणा प्रदेश कार्यालय का पुनारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने सोनीपत, पंचकूला और अंबाला नगर निगम चुनावों के लिए जिला प्रभारी और वार्ड प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए चुनावी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि आप इन चुनावों में भाजपा के भ्रष्टाचार, लूट और जनविरोधी नीतियों को मुख्य मुद्दा बनाएगी।

# एसबीआई ने उत्साह व जोश के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़ ने 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया।

एसबीआई चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री कृष्ण शर्मा ने सुबह 9 बजे कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने गर्व और श्रद्धा से परिपूर्ण हो राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों व आम लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। शर्मा ने स्टाफ को संबोधित करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दर्ज किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की और इस उपलब्धि का श्रेय सभी स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के कार्य में हमारे बैंक की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे हमें समाज के सभी वर्गों को अपनी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम करना चाहिए। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, बैंक ने चंडीगढ़ के विभिन्न सरकारी स्कूलों की छात्राओं को 40 साइकिलें भेंट कीं। यह पहल समाज में युवा लड़कियों की शिक्षा को समर्थन और प्रोत्साहित करने के हमारे प्रयास को रेखांकित करती है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कविताओं और देशभक्ति गीतों का पाठ किया गया, जिसने इस समारोह में जीवंतता और भावनाओं का संचार किया। यह समारोह राष्ट्र की प्रगति में हमारी एकता, प्रतिबद्धता और योगदान का प्रतिबिंब था।

## देश-विदेश

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया इंडिया एनर्जी वीक 2026 का उद्घाटन

### बोले- एनर्जी सेक्टर में भारत मौकों की जमीन; इंडिया-ईयू डील ग्लोबल जीडीपी का 25%

**एजेंसी, पणजी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इंडिया एनर्जी वीक 2026 के चौथे एडीशन का उद्घाटन किया। पीएम ने अपने वर्चुअल मैसेज के जरिए कहा कि एनर्जी सेक्टर के लिए भारत मौकों की जमीन है, क्योंकि इसमें मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है।

इसके अलावा, भारत दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन मौके देता है। अपने मैसेज में पीएम ने इंडिया- ईयू फ्री ट्रेड डील की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है। यह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देगा, सेवाओं को सपोर्ट करेगा। इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। यह समझौता ग्लोबल जीडीपी का लगभग 25% और ग्लोबल ट्रेड का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। यह समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए जबरदस्त मौके लाता है। यह लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ के लिए हमारे कमिटमेंट को भी मजबूत करता है। इंडिया एनर्जी वीक 2026 ग्लोबल एनर्जी एग्जीबिशन कॉन्फ्रेंस है। यह 30 जनवरी तक चलेगा। इसमें 75 हजार से ज्यादा एनर्जी प्रोफेशनल, 700 से ज्यादा एग्जीबिटर, 550 से ज्यादा एक्सपर्ट स्पीकर शामिल होंगे। 3 दिन में 120 से ज्यादा सेशन, 12 से ज्यादा इंटरनेशनल कंट्री पवेलियन और 11 थीमेटिक जोन होंगे। जिनमें तेल और गैस, रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, बायोफ्यूल, इलेक्ट्रिफिकेशन, डिजिटलाइजेशन, एआई और नेट-जीरो पाथवे शामिल हैं। गोवा में चौथे इंडिया एनर्जी वीक 2026 के उद्घाटन समारोह में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ने इथेनॉल सप्लाई ईयर 2025 में लगभग 20% इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल की है, जिसके चलते पिछले एक दशक में लगभग 19.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और किसानों को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का सीधा भुगतान किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 319 चढ़कर 81,857 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 319 चढ़कर 81,857 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 126 अंक चढ़ा, ये 25,175 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 3% की तेजी रही।

पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 30 में से 18 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। एक्सिस बैंक, अडाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा के शेयरों में 5% तक की तेजी रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर्स में 3% तक की गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.73% बढ़कर 5,084 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.85% चढ़कर 53,333 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.35% चढ़कर 27,126 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.18% बढ़कर 4,139 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# सोना 5 हजार और चांदी 24,802 रुपए बढ़कर 3.42 लाख किलो पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने**-चांदी के दाम मंगलवार को अब तक के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 4,717 रुपए बढ़कर 1,59,027 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,54,310 रुपए/10 ग्राम पर था।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 24,802 रुपए बढ़कर 3,42,507 रुपए पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। इस साल अब तक सिर्फ 27 दिनों में ही ये 1.12 लाख रुपए महंगी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### इस साल सोना 25,832 और चांदी 1,12,087 महंगी हुई

**इस** साल जनवरी के 27 दिन में ही चांदी 1,12,087 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 3,42,507 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। वहीं, सोने की कीमत 25,832 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 3,42,507 रुपए हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है।

# पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग, 8 की मौत

**एजेंसी, कोलकाता**



**पश्चिम** बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही।

शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है। शुरुआत में 6 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी, लेकिन परिजनों का कहना है कि यह संख्या 10 से ज्यादा हो सकती है। गोदाम में एक डेकोरेटिंग कंपनी और एक लोकप्रिय मोमो चेन के मजदूर काम करते थे, जो वहीं अस्थायी कमरों में रहते थे। चार मजदूर ने समय रहते फैक्ट्री से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मृतक और लापता मजदूर पुरबा मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना जिलों के रहने वाले हैं। बीजेपी विधायक अशोक डिंडा ने आरोप लगाया कि आधी रात को गोदाम का मुख्य गेट बंद था, जिससे कई मजदूर बाहर नहीं निकल सके।

राज्य के बिजली मंत्री आरूप बिस्वास ने कहा कि घना धुआं हटने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि अंदर कोई और फंसा था या नहीं। उन्होंने बताया कि कोलकाता नगर निगम की डिमोलिशन टीम को दीवारें तोड़ने के लिए बुलाया गया ताकि धुआं बाहर निकल सके। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ मानहानि मामले की सुप्रीम कोर्ट 21 अप्रैल को करेगा सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल और आतिशी मार्लेना की अग्रवाल मतदाताओं के 'नाम कटवाने' का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने 21 अप्रैल को इस मामले पर विस्तृत सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर भी लगी रोक अगले आदेश तक जारी रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने 30 सितंबर 2024 को राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान आतिशी और केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि बिना किसी नुकसान के आपराधिक मानहानि कानून की नजर में कोई मायने नहीं रखता। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा के पीएम ने ट्रंप की टैरिफ संबंधी धमकियों को किया खारिज

**एजेंसी, टोरंटो**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी जा रही टैरिफ संबंधी धमकियों को अमेरिका-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले की बातचीत संबंधी रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए। कार्नी ने कहा कि इस वर्ष अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) की समीक्षा होने जा रही है और उन्हें एक 'मजबूत समीक्षा' की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति एक प्रमुख वार्ताकार हैं और इस तरह की कुछ टिप्पणियों और रुख को उसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हाल के सप्ताहांत में ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि कनाडा बीजिंग के साथ व्यापार समझौता करता है तो वह कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगा सकते हैं। हालांकि कार्नी ने स्पष्ट किया है कि कनाडा की चीन के साथ किसी व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि कार्नी और ट्रंप के बीच सोमवार को बातचीत हुई। बेसेंट ने 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि कार्नी 'दावोस में दिए गए अपने कुछ कथित दुर्भाग्यपूर्ण बयानों से पीछे हटते नजर आए।'

कनाडा-अमेरिका व्यापार मामलों के मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि उन्होंने रविवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से बात की और स्पष्ट किया कि कनाडा चीन के साथ केवल एक 'सीमित व्यापार व्यवस्था' पर बातचीत कर रहा है, जो मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था के 'कुछ ही क्षेत्रों' तक सीमित है। लेब्लांक ने इसकी तुलना पिछले वर्ष दक्षिण कोरिया में ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुए समझौते से की, जिसमें अमेरिका ने चीन पर कुछ शुल्क घटाए थे और बदले में बीजिंग ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात की अनुमति देने तथा अमेरिकी सोयाबीन की खरीद पर लगी रोक हटाने पर सहमति जताई थी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 25 लोगों की मौत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर भाग में सोमवार को बर्फीले तूफान के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। तूफान के आखिरी चरण के असर से और बर्फबारी हुई तथा दक्षिण के कुछ हिस्सों में जमा देने वाली बारिश से परेशानी बनी रही तथा लाखों लोग बिजली के बिना ठंड में ठिठुरते रहे। अर्कांसस से न्यू इंग्लैंड तक 2,100 किलोमीटर के क्षेत्र में एक फुट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जम जाने के कारण सोमवार को सड़क यातायात बाधित हुआ, उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और स्कूल बंद हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि पिट्सबर्ग के उत्तरी इलाकों में 20 इंच तक बर्फ पड़ी और तापमान शून्य से 31 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अधिकारियों ने बताया कि इस तूफान के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। 'पावरआउटेज डॉट कॉम' के अनुसार, देश में सोमवार दोपहर तक 7,50,000 से अधिक जगहों पर बिजली गुल रही। (अनंत ज्ञान)

# उमा बोलीं-शंकराचार्य का सबूत मांगकर प्रशासन ने मर्यादा तोड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रयागराज** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच शुरू हुआ विवाद सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। अब भाजपा की फायरब्रांड नेता उमा भारती ने भी शंकराचार्य का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- शंकराचार्य से सबूत मांगकर प्रशासन ने अपनी मर्यादा तोड़ी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने सीएम योगी को खून से लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद को सम्मान के साथ गंगा स्नान कराने की व्यवस्था की जाए। अफसरों को माफी मांगने के लिए आदेश दिए जाएं। माघ मेला प्रशासन और अविमुक्तेश्वरानंद के बीच 10 दिन से विवाद चल रहा है। टकराव अब ब्यूरोक्रेसी तक पहुंच गया है। अयोध्या में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने योगी के समर्थन में इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद ने सीएम के लिए जो अपशब्द बोले हैं, उससे वे आहत हैं। अब और अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। इधर, अयोध्या छावनी धाम के परमहंस महाराज ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद व सतुआ बाबा ने माघ मेले को बदनाम किया है। दोनों को माघ मेले में आने से पूरी तरह प्रतिबंध लगा देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# महाकाल मंदिर में वीआईपी दर्शन के खिलाफ याचिका खारिज, हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में वीआईपी दर्शन के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि धार्मिक मामलों का नियमन न्याय क्षेत्र का हिस्सा नहीं है और मंदिर प्रबंधन के लोग ही ऐसे मुद्दों पर फैसला करें।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस आर महादेवन और जॉयमाल्य बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी को इस संबंध में मंदिर अथॉरिटी के सामने अपनी बात रखने को कहा। अदालत के याचिका खारिज करने के बाद याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने याचिका वापस लेने क अनुमति मांगी और अपनी बात संबंधित अधिकारियों के सामने रखने की बात कही। वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि नागरिकों के साथ वीआईपी दर्जे के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। जैन ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति गर्भगृह में प्रवेश कर रहा है, तो यह अक्सर कलेक्टर की सिफारिश के कारण होता है। एक नियमित भक्त को देवता को जल चढ़ाने का वही अधिकार होना चाहिए।' उन्होंने तर्क दिया कि या तो सभी के लिए एंट्री पर पूरी तरह रोक होनी चाहिए या सभी को बराबर मंजूरी मिलनी चाहिए। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि नागरिकों के साथ वीआईपी दर्जे के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। जैन ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति गर्भगृह में प्रवेश कर रहा है, तो यह अक्सर कलेक्टर की सिफारिश के कारण होता है। (अनंत ज्ञान)

